


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 286 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष शु.8 2079 शुक्रवार, 30 दिसंबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## पंजाब में आतंकी हमले का अलर्ट

मोहाली (पंजाब), 29 दिसंबर (एजेंसियां)। खुफिया एजेंसियों ने नए साल पर पंजाब में आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया है। सूत्रों के अनुसार अलर्ट में बताया गया है कि आईएसआई के इशारे पर कई आतंकी संगठन पंजाब में दहशत फैलाने के उद्देश्य से हमला करवा सकते हैं। यह भी सूचना है कि कोर्ट काम्प्लेक्स, डीसी दफ्तर, एसएसपी दफ्तर, थानों के अलावा सरकारी कार्यालयों को निशाना बनाया जा सकता है। इनपुट के बाद पंजाब के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा में 2000 से अधिक जवान तैनात हैं। पुलिस फोर्स को 24 घंटे सतर्क रहने का भी आदेश दिया गया है। रात के समय विशेष नाकेबंदी की जा रही है। >14

सरकार का बड़ा फैसला

## एक जनवरी से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट जरूरी

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। कोविड महामारी की नई लहर की आशंका को देखते हुए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने एक जनवरी से चीन समेत इन देशों से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट अनिवार्य कर दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चीन, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और थाईलैंड से भारत आने वाले यात्रियों को एक जनवरी से निगेटिव कोविड टेस्ट रिपोर्ट देना जरूरी होगा।

मंडाविया ने कहा कि इन जगहों से आने वाले यात्रियों को फ्लाइट पकड़ने से पहले एयर सुविधा पोर्टल पर आरटी-पीसीआर टेस्ट की निगेटिव कोविड रिपोर्ट अपलोड करनी होगी। उन्होंने कहा कि यात्रा के 72 घंटों के भीतर कोविड टेस्ट कराना होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अभी भारत आने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए एयरपोर्ट पर रैंडम टेस्टिंग जरूरी की गई है, लेकिन यात्रियों के फ्लाइट पकड़ने से पहले ही आरटी-पीसीआर रिपोर्ट जमा कराने की जरूरत है।

गौरतलब है कि भारत सरकार ने कुछ देशों में कोरोना वायरस के मामलों में उछाल के बाद अलर्ट जारी किया है और कोविड दिशा-निर्देशों को सख्त कर दिया है। साथ ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। >14

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को भेजा नोटिस

## पोलावरम परियोजना में पर्यावरण मंजूरी के उल्लंघन का आरोप

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने पोलावरम सिंचाई परियोजना को दी गई पर्यावरण मंजूरी में कथित उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब तलब किया है।



न्यायामूर्ति संजीव खन्ना और न्यायामूर्ति एमएम सुंदरेश की पीठ ने केंद्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा सरकारों को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि फरवरी, 2023 तक नोटिस को वापस किया जा सकता है। शीर्ष अदालत राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के एक आदेश के खिलाफ अर्थशास्त्री पेंतापति पुल्लाराव द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

जिसमें एनजीटी ने पुल्लाराव को अपनी याचिका के साथ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया था। याचिका में आरोप लगाया गया है कि एनजीटी ने पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, आंध्र प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पोलावरम परियोजना प्राधिकरण की संयुक्त समिति की रिपोर्ट पर विचार किए बिना, मामले को बंद कर दिया। याचिकाकर्ता ने कहा है कि उल्लंघन से संबंधित आरोप पर्यावरण के उल्लंघन और परियोजना अधिकारियों द्वारा पर्यावरण मंजूरी में लगाए गए अनिवार्य और एहतियाती शर्तों को लागू नहीं करने से संबंधित हैं।

## सत्ता का गलत इस्तेमाल कर रहीं जांच एजेंसियां : शरद पवार



मुंबई, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की रिहाई के बाद एनसीपी चीफ शरद पवार ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे, ताकि भविष्य में देशमुख जैसी प्रताड़ना किसी और को न झेलनी पड़े। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने बुधवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि जांच एजेंसियों ने सत्ता का गलत इस्तेमाल कर देशमुख और शिवसेना नेता संजय राउत को गिरफ्तारी किया था। सत्ता का दुरूपयोग कैसे किया जा सकता है, इसका सबसे बड़ा उदाहरण देशमुख और संजय राउत की गिरफ्तारी है। इस स्थिति को दोबारा पैदा होने से रोकना होगा। हमारे सहकर्मियों ने बहुत कुछ झेला है। कोर्ट का जो भी फैसला आया, अगर आज की सरकार में मौजूद लोगों में सद्बुद्धि होगी तो विचार करना और बदलाव करना उचित होगा। कोर्ट ने फैसले में साफ कहा कि देशमुख के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। आरोप करीब 100 करोड़ रुपये के लगाए गए थे लेकिन चार्जशीट में यह आंकड़ा घटाकर 1 करोड़ रुपये कर दिया गया। पवार ने आगे कहा कि देशमुख को आखिरकार न्याय मिल ही गया। तो यह साफ है कि सत्ता का दुरूपयोग हुआ है और एक कर्तव्यनिष्ठ और संस्कारी व्यक्ति को लगभग 13 महीने तक जेल में रखा गया। >14

## ब्रह्मोस मिसाइल के उन्नत संस्करण का सफल परीक्षण

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय वायुसेना ने बुधवार को ब्रह्मोस एयर-लॉन्च मिसाइल के उन्नत संस्करण का सफल परीक्षण किया।

यह 400 किमी की रेंज में किसी भी लक्ष्य को मार गिराने में सक्षम है। रक्षा अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सुखोई एसयू-30 लड़ाकू विमान से मिसाइल का परीक्षण किया गया।

उन्होंने बताया कि सुखोई एसयू-30 लड़ाकू विमान से मिसाइल को दागा गया और इसने सटीक लक्ष्य पर प्रहार किया। अधिकारी ने कहा कि यह मिसाइल के एयर-लॉन्च संस्करण के एंटी-शिप संस्करण का परीक्षण था।

# अंजनी कुमार को तेलंगाना डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार

## देवेन्द्र सिंह चौहान राचकोंडा के नए सीपी नियुक्त



हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने आधा दर्जन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का स्थानान्तरण कर दिया। इन अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक अंजनी कुमार को वर्तमान डीजीपी एम. महेंद्र रेड्डी के स्थान पर तेलंगाना डीजीपी (पुलिस बल के प्रमुख) का पूर्ण अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। गौरतलब है कि महेन्द्र रेड्डी 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अंजनी कुमार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से स्थानांतरित कर डीजीपी (समन्वय) के रूप में नियुक्त किया गया है और वे तेलंगाना डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। इसी तरह गृह विभाग के प्रधान सचिव रवि गुप्ता का तबादला कर उन्हें भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो का महानिदेशक बनाया गया है।

उनके पास महानिदेशक (सतर्कता और प्रवर्तन) तेलंगाना का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। डॉ. जितेन्द्र, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एल एंड ओ) का तबादला कर उन्हें गृह विभाग के प्रधान सचिव के रूप में तैनात किया गया है। उनके पास पुलिस महानिदेशक कारागार एवं सुधार का अतिरिक्त पूर्ण प्रभार भी रहेगा। इसी क्रम में सात साल से लगातार राचकोंडा के पुलिस ऑयुक्त का दायित्व संभालने वाले महेश मुरलीधर भागवत तबादला अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सीआईडी, तेलंगाना के रूप में तैनात किया गया है। >14

## सीबीआई ने 91 जगहों पर छापे मारे

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत के 14 राज्यों में अपात्र विदेशियों को फर्जी तरीके से मेडिकल प्रैक्टिस के लिए लाइसेंस देने के मामले में सीबीआई ने कार्रवाई की है। गुरुवार को सीबीआई ने इस मामले में 91 स्थानों पर छापेमारी की। ये छापे विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मारे गए। छापेमारी में एजेंसी ने एफएमजीई (फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एग्जाम) के फर्जी प्रमाणपत्र सहित कई संदिग्ध दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की शिकायत पर सीबीआई ने इस मामले में जांच शुरू की है। सीबीआई ने 14 स्टेट मेडिकल काउंसिल और 73 विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स के खिलाफ केस दर्ज किया है। इन उम्मीदवारों ने एफएमजी परीक्षा पास किए बिना भारत में मेडिकल प्रैक्टिस करने की अनुमति दे दी गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन ने स्वास्थ्य मंत्रालय को इस बारे में जानकारी दी थी। मंत्रालय ने बताया कि 2011-22 में रूस, यूक्रेन, चीन और नाइजीरिया जैसे देशों से एमबीबीएस करने वाले 73 मेडिकल ग्रेजुएट्स ने एफएमजी परीक्षा पास नहीं की है। बावजूद इसके उन्हें विभिन्न राज्य चिकित्सा परिषद ने मेडिकल प्रैक्टिस के लिए लाइसेंस दे दिया।






स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शुक्रवार, 30 दिसंबर, 2022 3

सुविचार

यदि किसी भूल के कारण कल का दिन दुःख में बीता, तो उसे याद कर आज का दिन व्यर्थ न गँवाइये

# हमारे पास है देश के सभी अपराधियों का डेटाबेस : महेंद्र रेड्डी




हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के डीजीपी एम. महेंद्र रेड्डी ने आज कहा कि पुलिस विभाग के पास देश के सभी अपराधियों का डेटाबेस है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उन्हें राज्य को माओवादी मुक्त रखने के लिए कहा था और कहा कि उन्होंने पिछले एक साल से राज्य में माओवादियों के प्रवेश को सफलतापूर्वक रोका है।

उन्होंने कहा कि वे राज्य में माओवादियों के प्रवेश के प्रयासों को विफल कर लगातार परिणाम हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने पिछले एक साल में राज्य में किसी भी तरह के सांप्रदायिक दंगों को रोका। उन्होंने यह बात विभाग की वार्षिक समीक्षा बैठक के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर बोलते हुए, रेड्डी ने कहा कि उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि पिछले एक साल में राज्य के किसी भी हिस्से में कोई कर्फ्यू न लगे। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने राज्य के सभी संवेदनशील इलाकों में दिन-रात काम किया है और किसी भी तरह की छोटी हिंसा की घटना को रोका है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने तेलंगाना में किसी भी तरह के आतंकी हमले से बचने के लिए भी कदम उठाए हैं। उन्होंने प्रशंसा की कि राज्य सरकार का काउंटर इंटेलिजेंस सेल बहुत मेहनत कर रहा है और कहा कि पुलिस अधिकारियों ने राज्य के 800 पुलिस स्टेशनों में कानून व्यवस्था बनाए रखी है।

राज्य में अपराध दर के बारे में बात करते हुए, रेड्डी ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अपराध दर में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है और अपराध दर में वृद्धि के लिए साइबर अपराध के मामलों की संख्या में वृद्धि को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राज्य में चोरी, डकैती, अपहरण और धोखाधड़ी से संबंधित अपराधों में वृद्धि हुई है और राज्य में दोषसिद्धि दर का प्रतिशत 56 प्रतिशत है। राज्य में आजीवन कारावास की सजा पर टिप्पणी करते हुए रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना में उम्रकैद की सजा में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राज्य में एनडीपीएस के कुल 1176 मामले दर्ज किए गए और पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 57 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कुल 13895 साइबर अपराध के मामले दर्ज किए गए। हत्या के मामलों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में 762 हत्या के मामले सामने आए हैं।

उन्होंने कहा कि उन्होंने 10 लाख सीसी टीवी कैमरे लगाए हैं और उन्होंने कहा कि उन्होंने सीसी टीसी फुटेज का उपयोग करके 18000 मामलों को सुलझाया है। उन्होंने खुलासा किया कि 10 लाख अपराधियों का डेटाबेस पुलिस विभाग की फॉरेंसिक विंग के पास है। रेड्डी ने कहा कि उन्होंने इस साल 431 अपराधियों के खिलाफ पीडी एक्ट लगाया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस साल राज्य भर में पांच भरोसा केंद्र खोले हैं। उन्होंने कहा कि यह पुलिस विभाग के लिए गर्व की बात है कि इस वर्ष उनका सेंट्रल कमांड कंट्रोल सेंटर खोला गया और उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी नीति 'एक राज्य, एक सेवा, एक अनुभव' के तहत केंद्र की स्थापना की है।

पुलिस मुठभेड़ों के बारे में टिप्पणी करते हुए, उन्होंने कहा कि राज्य में तीन पुलिस मुठभेड़ हुईं और कहा कि उनकी मुठभेड़ों में तीन माओवादी मारे गए और 120 माओवादियों ने उनके सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने माओवादियों से 14 हथियार और 12.65 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राज्य भर में कुल 1.42 लाख प्राथमिकी दर्ज की गईं और इस वर्ष 938 शून्य प्राथमिकी भी दर्ज की गईं। उन्होंने कहा कि इस साल कुल 7.66 लाख ई-पेटी मामले दर्ज किए गए।

## बीजेपी ने सेट किया मिशन-90 का टारगेट

हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा ने तेलंगाना में अगले विधानसभा चुनाव में 90 विधानसभा सीटें जीतने के लिए अपना मिशन शुरू कर दिया है। यह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक मिशन -90 लेकर आया है। पार्टी राज्य में अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण बैठकें कर रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने मिशन-90 नामक बैठक का शुभारंभ कर प्रदेश के महत्वपूर्ण नेताओं से चर्चा की।

पार्टी ने कमजोर और मजबूत पार्टी उम्मीदवारों वाले विधानसभा क्षेत्रों की सूची पहले ही तैयार कर ली है। दूसरी ओर पार्टी की ज्वाइनिंग कमेटी ने भी अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए विजयी उम्मीदवारों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। उसे ऐसे मजबूत नेताओं की तलाश है, जो अगले विधानसभा चुनाव में उसकी जीत सुनिश्चित कर सकें। पार्टी के नेता मजबूत उम्मीदवारों को संकेत दे रहे हैं कि उनके लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे. वे भाजपा में शामिल होने के बाद उन्हें पार्टी के टिकट का वादा भी कर रहे है।

# मंत्री तलसानी ने किया गोशामहल क्षेत्र में ढहे पुल का निरीक्षण

### ब्लैक मेलिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिये आदेश



हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पशुसंवर्धन मंत्री तलसानी ने जीएचएमसी आयुक्त लोकेश कुमार के साथ गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत चंदनवाड़ी नाला पर हाल ही में ढहे पुल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंत्री ने ब्लैक मेलिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश देते हुए कहा कि शिकायतों को बढ़ावा न दें।

मंत्री तलसानी ने नागरिक प्रशासन के अधिकारियों को अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर उनकी पार्टी के नेता या कोई और इस तरह की धमकी देगा तो उन्हें जेल में डाल दिया जाएगा। अगर अधिकारी ऐसे लोगों के करीब जाते हैं तो आपके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर तलसानी ने स्पष्ट किया कि चंदनवाड़ी नहर के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है और इसके लिए एक करोड़ 27 लाख की राशि आवंटित की गई है। मंत्री तलसानी ने कहा कि इस क्षेत्र में भारी वाहनों के चलने से नाला रोड टूट गया है। मंत्री ने कहा कि वे इस सड़क पर भारी वाहनों को चलने से रोकने के लिए एक कमान स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि वे नहर पर कब्जा कर किए गए निर्माणों को ढहाने को कहा।

यह स्पष्ट किया गया है कि उन्हें नोटिस दिया जाएगा और ढांचों को हटाया जाएगा। उन्होंने बिल्डरों को हर कीमत पर ब्लैकमेल करने वालों की अनदेखी करने की चेतावनी दी। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद लालसिंह व बेगमबाजार पार्षद शंकर यादव, ने जन समस्याओं की जानकारी दी। गोसामहल के वरिष्ठ बीआरएस नेता नदंकिशोर व्यास बिलाल तथा एम. आनंद कुमार गौड़ ने लोगों से उनकी समस्याएं बताने को कहा। श्री बिलाल ने मंत्री को बताया कि क्षेत्र में जनसमस्या को समय-समय पर उनकी निजी आर्थिक सहायता से सुलझाने की कोशिश की जा रही है और आगे भी यह सहायता जारी रहेगी। कार्यक्रम में नरेंद्र यादव, सीलम सरस्वती, नरेश गौड़, उदय सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

# डॉ एमसीआर एचआरडी संस्थान में स्वास्थ्य शिविर आयोजित



हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय सेवाओं, केंद्रीय सिविल सेवाओं और सैन्य अभियंता सेवा अधिकारियों के फाउंडेशन कोर्स के सोशल सर्विस क्लब ने डॉ एमसीआर एचआरडी संस्थान के विवेकानंद हॉल में रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

इस आयोजन का उद्देश्य रक्तदान के महत्व और शारीरिक रूप से फिट और स्वस्थ रहने के बारे में जागरूकता फैलाना था। कैंप ट्रीटमेंट रेंज हॉस्पिटल्स के सहयोग से आयोजित किया गया था, जिसका प्रतिनिधित्व डॉ श्रीधर रेड्डी, इसके संस्थापक और प्रबंध निदेशक, डॉ श्रवण कुमार, डॉ दिवाकर रेड्डी, कैंप में मेडिकल और पैरा-मेडिकल स्टाफ की एक टीम ने किया था। डॉ. श्रीधर रेड्डी ने कहा कि रक्तदान से जुड़ी कई भ्रांतियां हैं जो सही नहीं हैं। डॉ श्रीधर रेड्डी ने कहा, "यदि आप रक्तदान करते हैं तो आप कुछ भी नहीं खोते हैं क्योंकि मानव शरीर में एक कायाकल्प तंत्र है।" डॉ. श्रवण कुमार ने बताया कि अधिकारी प्रशिक्षुओं एवं संस्थान के कर्मचारियों द्वारा रक्तदान करने से पहले ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुपिंग एवं टाइपिंग, पल्स रेट आदि की जांच की गई। डॉ दिवाकर रेड्डी ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों का परामर्श संस्थान के कर्मचारियों की बुनियादी चिकित्सा जांच पर आधारित था। "अच्छा स्वास्थ्य ईश्वर का उपहार है। इसलिए, व्यायाम करना चाहिए, स्वस्थ भोजन खाना चाहिए, और फिट रहना चाहिए स्वास्थ्य शिविर में उपरोक्त सभी डॉक्टरों ने सर्वसम्मति से राय दी। अनीता राजेंद्र संस्थान की संयुक्त महानिदेशक ने कहा कि रोगियों के लिए रक्त की उपलब्धता की कमी एक गंभीर समस्या रही है और ऐसे में रक्तदान करना समय की मांग है। उन्होंने कहा, "अपने जीवन के 15 मिनट 3 जरूरतमंद लोगों को जीवन देने के लिए निकालें।" सोशल सर्विस क्लब के लिए महानिदेशक के नामांकित डॉ. के. रमेश बाबू ने कहा कि रक्त को अन्य चीजों की तरह निर्मित नहीं किया जा सकता है, और यह केवल दाताओं से ही आता है। सामाजिक सेवा क्लब के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से कहा, "रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर अधिकारी प्रशिक्षुओं के लिए सामुदायिक सेवा के महत्व को समझने का एक अवसर था।"

# वायु सेना स्टेशन ने आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का उद्घाटन किया

### बापटला जिले (आंध्र प्रदेश) में एल्फ को अंजाम दिया गया



हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बापटला जिले के अडांकी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 16 पर विमान की आपात लैंडिंग के लिए हवाई पट्टी बन गई है। 4.1 किमी लंबी और 33 मीटर चौड़ी कंक्रीट की हवाई पट्टी का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा किया गया है और यह पूरा होने वाला है। यूपी और राजस्थान में ऐसी दो हवाई पट्टियां पहले से ही चालू हैं।भारतीय वायुसेना के लड़ाकू और परिवहन विमानों ने आज आंध्र प्रदेश में बापटला जिले के अडांकी में एनएच-16 पर नवनिर्मित आपातकालीन लैंडिंग सुविधा पर सर्किट, अप्रोच और ओवरशूट सहित उड़ान का अभ्यास किया। इस दौरान जिला कलेक्टर, बापटला विजया कृष्णन को ग्रुप कैप्टन आरएस चौधरी, स्टेशन कमांडर, वायु सेना स्टेशन सूर्यलंका द्वारा सफल ईएलएफ परीक्षणों के लिए सम्मानित किया गया। आंध्र प्रदेश में यह ईएलएफ प्रायद्वीपीय भारत में परिचालन करने वाला पहला ईएलएफ होगा। ईएलएफ से संचालन की व्यवहार्यता की जांच करने के लिए, दक्षिणी वायु कमान से भारतीय वायुसेना के लड़ाकू और परिवहन विमानों ने परीक्षण के हिस्से के रूप में 29 दिसंबर 22 को पट्टी पर सफलतापूर्वक ओवरशूट किया। वर्तमान में ईएलएफ लैंडिंग की सुविधा के लिए पूरी तरह तैयार नहीं है। 29 दिसंबर 22 को भारतीय वायुसेना द्वारा किए गए परीक्षण लैंडिंग की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए थे। पूरी तरह तैयार होने के बाद इसका उद्घाटन किया जाएगा। आपात स्थिति में राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया जाएगा और विशेष रूप से विमान की लैंडिंग के लिए उपयोग किया जाएगा। हवाई पट्टियों का उपयोग रणनीतिक उद्देश्यों के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बचाव और राहत कार्यों के लिए किया जा सकता है।

वायु सेना स्टेशन सूर्यलंका, ईएलएफ से निकटतम भारतीय वायुसेना का हवाई अड्डा होने के नाते, आवश्यकता के अनुसार जिला प्रशासन और राज्य पुलिस के समन्वय से हवाई पट्टी को सक्रिय करने की सुविधा प्रदान करेगा।

## वेणुगोपाल चारी टीएसआईडीसीएल के अध्यक्ष नियुक्त

हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने गुरुवार को डॉ. समुद्रला वेणुगोपाला चारी को तत्काल प्रभाव से दो साल की अवधि के लिए सिंचाई और कमान क्षेत्र विकास विभाग में तेलंगाना राज्य सिंचाई विकास निगम लिमिटेड (टीएसआईडीसीएल) का अध्यक्ष नियुक्त किया। इससे पहले वेणुगोपाल चारी 11वीं, 12वीं और 13वीं लोकसभा के लिए लगातार तीन बार सांसद रहे थे। वह आंध्र प्रदेश विधान सभा के सदस्य भी थे। तेलंगाना राज्य के गठन के बाद, उन्होंने नई दिल्ली में राज्य सरकार के लिए विशेष प्रतिनिधि के रूप में काम किया।

## एससीसीएल ने रिकॉर्ड 2.46 लाख टन कोयला उत्पादन किया

हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) ने सुबह की पाली और रात की पाली के बीच 24 घंटे की अवधि में 2.46 लाख टन कोयले का उत्पादन और 2.53 लाख टन कोयले का परिवहन करके नए रिकॉर्ड बनाए, इस वित्तीय वर्ष के लिए एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया। इस तरह इसने 20 दिसंबर को तय किए गए 2.24 लाख टन कोयला उत्पादन और 2.35 लाख टन परिवहन के रिकॉर्ड को पलट दिया। कंपनी द्वारा इस वर्ष अब तक 2591 रेल वैगनों के माध्यम से कुल 465 लाख टन कोयले की आपूर्ति उपभोक्ताओं को की जा चुकी है। सिंगरेनी में कुल 11 क्षेत्र हैं, जिनमें से मनुगुरु क्षेत्र ने बुधवार को प्राप्त परिवहन रिकॉर्ड में 64,000 टन कोयला उपलब्ध कराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोठागुडेम क्षेत्र 51,000 टन के साथ दूसरे स्थान पर रहा। कोठागुडेम क्षेत्र से 11, मनुगुरु से 9 और श्रीरामपुर क्षेत्र से 7 रेल वैगनों द्वारा कोयले की ढुलाई की गई।

गुरुवार को यहां जारी एक बयान में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एन श्रीधर ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने चालू वित्त वर्ष के लिए निर्धारित 700 लाख टन उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इसी उत्साह के साथ काम करने को कहा। श्रीधर ने हाल ही में अधिकारियों को चालू वित्त वर्ष के शेष 90 दिनों में प्रतिदिन कम से कम 2.30 लाख टन कोयले का उत्पादन करने का निर्देश दिया है।

# सीएस ने केंद्रीय रक्षा सचिव से मुलाकात की

### लंबे समय से डिफेंस की जमीनों से संबंधित लंबित मुद्दों पर चर्चा की



हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के निर्देशानुसार मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा सचिव ए. गिरिधर से मुलाकात की और रक्षा भूमि से संबंधित लंबे समय से लंबित मुद्दों पर चर्चा की। मुख्य सचिव ने एओसी सड़कों को बंद करने के बदले एओसी केंद्र में वैकल्पिक सड़कों के निर्माण के लिए राज्य सरकार को रक्षा भूमि हस्तांतरित करने का अनुरोध किया।

उन्होंने महदीपट्टनम में स्काई वॉक के निर्माण की अनुमति मांगी और तेलंगाना में विभिन्न हिस्सों में एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण, लिंक सड़कों के निर्माण और सड़कों के चौड़ीकरण के लिए रक्षा भूमि की आवश्यकता के बारे में भी मामला उनके संज्ञान में लाया। बाद में, मुख्य सचिव ने केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव शैलेश के सिंह से मुलाकात की और उनसे नरेगा भुगतान मुद्दों को हल करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान, उन्होंने यह भी याद दिलाया कि तेलंगाना में धान सबसे महत्वपूर्ण फसल है और केंद्र सरकार को कटाई के बाद के प्रबंधन में सुधार के लिए कदम उठाने चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ने छोटे और सीमांत किसानों के लिए थ्रेशिंग प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने का काम पहले ही शुरू कर दिया है।

## रेल राज्यमंत्री जरदोश ने राज्यपाल से मुलाकात की



हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय रेल और कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश आज हैदराबाद में राजभवन में राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौदरराजन से मुलाकात की। चर्चा के दौरान, राज्यपाल ने राज्य में प्रगति पर चल रहे विभिन्न रेलवे विकास कार्यों की जानकारी दी। राज्यपाल ने कोमरमवेली मंदिर में आने वाले भक्तों और आसपास के लोगों की सुविधा के लिए सिद्दीपेट जिले के कोमरवेली में एक रेलवे हॉल्टिंग स्टेशन की स्थापना सहित हाल के दिनों में जनता के अभ्यावेदन का भी उल्लेख किया। पेड्डापल्ली जिले के कोत्तापल्ली रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनों के ठहराव की बहाली, कोविड -19 अवधि के दौरान रद्द, और बीच चलने वाली चारमीनार एक्सप्रेस का विस्तार हैदराबाद से तांबरम कन्याकुमारी तक विस्तार से चर्चा की। दर्शना जरदोश ने कहा कि तकनीकी व्यवहार्यता का अध्ययन करने के बाद इन मुद्दों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा।

WANTED

VICE PRINCIPAL (01)
REGULAR & RESIDENTIAL POST FOR CRPF PUBLIC SCHOOL: Age: below 50 yrs. Payscale: 37100-91450. Candidates can download application form from school website. Submit recent photo and photo copies of qualifications & experience by Speedpost before 21-01-2023 (05-00pm). Further information, visit webite: www.crpfpublicschool.com (040-27981257).

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## एफजीजी ने सीएम को लिखा पत्र

हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। फोरम फॉर गुड गवर्नेंस (एफजीजी) के सचिव एम. पद्मनाभ रेड्डी ने आज मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को पोडु खेती की जमीनों को लेकर एक खुला पत्र लिखा और उनसे केवल योग्यता के आधार पर भूमि को नियमित करने का आग्रह किया। अपने पत्र में, उन्होंने सीएम को बताया कि पोडू खेती (वन भूमि पर अवैध कब्जा, पेड़ों को काटकर खेती के तहत लाना) तेलंगाना में बड़े पैमाने पर थी। 1930 के दशक की शुरुआत में अच्छी वृक्ष वृद्धि वाली सरकारी भूमि को कानून की उचित प्रक्रिया के बाद आरक्षित वन (आरएफ) के रूप में घोषित किया गया था, उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के लिए आदिवासी अशांति थी क्योंकि वन भूमि पर खेती करने का उनका अधिकार प्रतिबंधित था। उनकी मदद के लिए 1940 के दशक में लगभग 50 हजार ए.सी. वन भूमि का हिस्सा हैदराबाद सरकार द्वारा आरक्षित कर दिया गया था।

# डीसीपी ने होटल मालिकों के साथ बैठक की



हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नए साल के जश्न को देखते हुए आज डीसीपी नॉर्थ जोन चंदना दीप्ति आईपीएस ने पब/बार/क्लब/होटल के मालिकों के साथ बैठक की। खास तौर पर नए साल के मद्देनजर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करने वालों को बैठक में शामिल किया गया था। डीसीपी ने आयोजकों को सभी नियमों और विनियमों का पालन करने और शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम आयोजित करने में सहयोग करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी आयोजकों को विशेष दिन पर संचालन करने जा रहे समय, पार्किंग और कानून प्रवर्तन पुलिस के बारे में जागरूक किया। बैठक में अतिरिक्त डीसीपी योगेश गौतम, एसीपी महाकाली बी. रमेश, एसीपी गोपालपुरम सुधीर, एसीपी ट्रैफिक गंगा रेड्डी और कानून व्यवस्था के सभी एसएचओ, उत्तरी क्षेत्र के ट्रैफिक ने बैठक में भाग लिया।

## सीएम केसीआर ने हरिनाथ राव के निधन पर दुख जताया



हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने आज राज्य के मंत्री केटी रामाराव के ससुर पकाला हरिनाथ राव के निधन पर शोक व्यक्त किया। सीएम ने हैदराबाद के रायदुर्गम स्थित उनके आवास पर दिवंगत हरिनाथ राव को श्रद्धांजलि भी दी। मुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी के साथ उनकी बहू शैलिमा (हरिनाथ राव की बेटी), राजू पकाला, शैलेंद्र पाकला (हरिनाथा राव के पुत्र) और उनकी मां शशिरखा (स्वर्गीय हरिनाथ राव की पत्नी) और अन्य शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी।

सीएम केसीआर ने हरिनाथ राव की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सीएम केसीआर के साथ तेलंगाना सरकार के मंत्री महमूद अली, वेमुला प्रशांत रेड्डी, सांसद जोगीनापल्ली संतोष कुमार, विधायक बालका सुमन, जीवन रेड्डी, एमएलसी मधुसूदनचारी, शेरी सुभाष रेड्डी, पूर्व मंत्री वेणुगोपाला चारी, डॉ. अंजनेय गौड़ और अन्य ने भी स्वर्गीय हरिनाथ राव के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि दी।

# फरवरी से टूरिस्ट देख सकेंगे चीते:बड़े बाड़े से खुले में होंगे शिफ्ट

भोपाल, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। इंतजार खत्म। फरवरी में टूरिस्ट कूनो में चीते देखने जा सकेंगे। जनवरी के आखिरी या फरवरी के शुरुआत में 500 हेक्टेयर के बड़े बाड़े से चीतों को अब खुले में छोड़ा जाएगा। और फरवरी में टूरिज्म शुरू हो जाएगा। सीएम शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक सभी चीते स्वस्थ हैं और शिकार करने लगे हैं। चीता टूरिज्म डेवलप करने के लिए सरकार सहरिया आदिवासी परिवारों को होम स्टे चलाने की ट्रेनिंग दे रही है। इसके लिए उन्हें हाइजीन कैसे मेंटेन करें और विदेशियों के लिए खाना कैसे बनाएं, ये सिखाया जा रहा हैं। उनके घरों में मरम्मत के अलावा स्ट्रक्चर में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। 4 सहरिया परिवारों की ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है, छह और की ट्रेनिंग चल रही है। नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिसन (एनआरएलएम) और इकोटूरिज्म बोर्ड ने इन घरों को सिलेक्ट किया है।



### पहले साल में 30 गाड़ियां आती थी, अब रोज 3-4

चीते आने के बाद कूनो आनेवाले टूरिस्ट की संख्या बढ़ी है। अहेरा और पील-बावड़ी सालभर में मुश्किल से 20-30 गाड़ियां आती थीं, सितंबर के बाद से हर दिन 3-4 गाड़ियां आती हैं। जबकि टिकटोली गेट से पिछले साल 1200 गाड़ियां आई थीं।

### दो शिफ्ट में होगी सफारी, टाइगर सफारी की तरह ही होंगे नियम

चीता सफारी के लिए नियम कायदे टाइगर रिजर्व की तरह ही होंगे। कूनो के लिए भी टूरिस्ट ऑनलाइन बुकिंग कर पाएंगे। सुबह और शाम की शिफ्ट में सफारी होंगी। कूनो में 3 जोन हैं। अहेरा, पील-बावड़ी और टिकटोली। टिकटोली वो इलाका है जहां चीते हैं। टिकटोली पिछले सीजन से ही टूरिस्ट के लिए बंद है। टिकटोली जोन में ट्रैक पुराना है, नई सफारी का रूट भी पुराना ही है, लेकिन चीतों के प्रोटेक्शन के लिए ट्रैक को रिपेयर किया गया है। तीनों जोन में 180 किमी का ट्रैक है। जहां चीता है, वहां 70-80 किमी का ट्रैक है। इसी पर टूरिस्ट जा सकेंगे।

### विदेशी पर्यटकों के लिहाज से कूनो को किया जा रहा तैयार

विदेशी पर्यटकों के लिहाज से कूनो को तैयार करने के लिए इन दिनों वहां 60 गाइड्स को अंग्रेजी भी सिखाई जा रही है। विश्व में पहली बार जानवरों का इंटर कॉन्टिनेंटल ट्रांसलोकेशन हुआ है। डीएफओ कूनो प्रकाश वर्मा के मुताबिक चीते 50-100 स्क्वायर किमी के इलाके को अपनी टेरेटरी बनाते हैं। हम उसी मुताबिक टूरिज्म के लिए अपनी तैयारी कर रहे हैं। बता दें कि सितंबर में नामीबिया से 8 चीते भारत आए थे। इनमें से पांच मादा और 3 नर हैं। सभी को पहले ही बड़े बाड़े में शिफ्ट कर दिया है।

# साढ़े तीन साल से गायब आईएएस रानी बंसल की सेवा समाप्त

### डीओपीटी ने इस्तीफा मानकर नौकरी से हटाया




भोपाल, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। साढ़े तीन साल से गायब मध्यप्रदेश कैडर की आईएएस अधिकारी रानी बंसल की सेवाएं केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण (डीओपीटी) विभाग ने समाप्त कर दी है। मध्यप्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग के प्रस्ताव पर बंसल का डीम्ड रिजाइन लेटर मानकर कार्रवाई की गई। रानी बंसल बागली में एसडीएम रहते हुए बिना बताए गायब हो गई थी। 2015 बैच की आईएएस अधिकारी रानी बंसल बागली में एसडीएम पद पर पदस्थ थी। रानी बंसल भोपाल की रहने वाली हैं। बंसल ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया है। यूपीएससी में उनकी 64वीं रैंक आई थी। रानी बंसल एसडीएम बागली के पद पर थी। 31 मई 2019 से बिना बताए अपनी ड्यूटी से गायब चल रही थी। मध्य प्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने उनके पते पर कई बार नोटिस भेजे, लेकिन उनका कोई जवाब नहीं मिला।

**इस नियम से हटाया**

इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग मध्य प्रदेश ने उनकी जानकारी डीओपीटी को भेजकर उनका स्वतः इस्तीफा मंजूर करने का प्रस्ताव भेजा था। जिसे डीओपीटी ने स्वीकर कर लिया। उन्हें अखिल भारतीय सेवा नियमावली 1955 के नियम 7(2)(क) के तहत हटाया गया है।

**आईएएस अनिल यादव को भी ऐसे ही हटाया**

1999 बैच के आईएएस अधिकारी अनिल यादव को भी इसी तरह हटाया गया था। यादव वर्ष 2007 से 2009 तक अध्ययन अवकाश पर थे। इसके बाद वह ड्यूटी पर वापस ही नहीं आए। न ही कोई सूचना सरकार को दी। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने उनके त्यागपत्र का प्रस्ताव डीओपीटी को भेजा। इसके बाद यादव ने वापस आने का आवेदन दिया, जिसे सरकार ने स्वीकार नहीं किया।

# झारखंड की एक्ट्रेस की हत्या डायरेक्टर पति ने की थी

## कोलकाता में मर्डर किया, पुलिस से कहा था- लूटपाट में बदमाशों ने ईशा को गोली मारी

रांची, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड की अभिनेत्री रिया कुमारी उर्फ ईशा आलिया की हत्या के मामले में गुरुवार को नया खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया कि ईशा की हत्या उसके पति ने ही की है। मामले का पता तब चला, जब एक्ट्रेस के परिवार वालों ने पति और डायरेक्टर प्रकाश अलबेला के खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले वो पुलिस को लूटपाट की कहानी बता रहा था। पुलिस आज उसे कोर्ट में पेश करेगी।

### पहले जानें, प्रकाश ने पुलिस को क्या कहानी बताई

पुलिस ने बताया, ईशा और प्रकाश सोमवार को अपनी बेटी के साथ कार से कोलकाता रवाना हुए थे। बीच में लूटपाट की नीयत से कुछ बदमाशों ने गाड़ी रोकी। उनसे प्रकाश का विवाद हुआ। इसे देख ईशा भी अपराधियों से भिड़ गई और पति को बचाने की कोशिश करने लगी। अपराधियों ने इसी वक्त गोली चला दी। जानकारी के अनुसार गोली ईशा के कान में लगी और उसकी मौत हो गई। इसके बाद प्रकाश बॉडी लेकर कोलकाता थाने पहुंच गया। ईशा को पॉइंट जीरो रेंज से गोली मारी गई है।

### परिवार का आरोप क्या है?

हावड़ा ग्रामीण एसपी स्वाति भंगालिया ने बताया ईशा के परिवार वालों ने प्रकाश के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। परिवार ने इनके खिलाफ कई तरह के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि वह पहले भी रिया की पिटाई करता था। उन्हें टॉर्चर करता था।

### लव मैरिज के बाद कोर्ट तक पहुंचा था मामला

दोनों झारखंड फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं। प्रकाश डायरेक्टर हैं और ईशा ने कई झारखंडी और नागपुरी एलबम में काम किया है। दोनों एक दूसरे को लंबे समय से जानते थे। बाद में दोनों ने लव मैरिज की। बताया जाता है कि दोनों के बीच मनमुटाव था। शुरुआत में प्रकाश ने ईशा को अपनाने से इनकार कर दिया था। मामला कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद दोनों ने शादी की थी। दोनों की एक बेटी भी है।

### ईशा से रिश्ता तोड़ना चाहता था प्रकाश

प्रकाश और ईशा आलिया के रिश्ते अच्छे नहीं थे। झॉलीवुड से जुड़े सूत्र बताते हैं कि प्रकाश ने रिश्ता तोड़ने के लिए मर्डर की पूरी साजिश रची थी। उसे लगा था कि घर में इस तरह की घटना होगी तो वह पकड़ा जायेगा। इसलिए पूरी प्लानिंग के साथ प्रकाश ने इस धटना को अंजाम दिया और कोलकाता जाने की तैयारी। उसे लगा था कि वह आसानी से एक कहानी बनाकर बच निकलेगा। वह पहले से शादीशुदा था। उसकी पहली पत्नी से दो बच्चे भी हैं।



### बेटी पुलिस के पास, परिवार को देने से इनकार

दोनों की दो साल की बेटी है। इसे अब भी पुलिस थाने में रखा गया है। कल देर रात तक उनके परिजन बच्ची को थाने से बाहर लाने के लिए परेशान रहे, लेकिन पुलिस ने बगैर किसी आधिकारिक जानकारी के भेजने से इनकार कर दिया। ईशा आलिया के रिश्तेदार कोलकाता में रहते हैं जो देर रात थाने पहुंचे। बच्ची के लिए दूध और दूसरी चीजें ले गए।

### हजारीबाग की रहने वाली है ईशा

झॉलीवुड के अभिनेता रमन कुमार से हुई बातचीत के मुताबिक, वो मूल रूप से हजारीबाग की रहने वाली थी। रांची के टैगोर हिल एरिया में उनका फ्लैट था। इसी फ्लैट में पति प्रकाश अलबेला और दो साल की बेटी के साथ रहती थी। रिया कुमारी ने साल 2009 में झारखंडी फिल्म इंडस्ट्री झॉलीवुड में कदम रखा था। उन्होंने नागपुरी के साथ-साथ भोजपुरी, खोरठा, बांग्ला सहित कई एल्बम में काम किया था। इस इंडस्ट्री में वह अलग पहचान रखती थी।

# 'जली हुई लाशें नहीं बतातीं कोई कहानी'

### ओडिशा में रूसी पर्यटकों के अंतिम संस्कार पर कांग्रेस सांसद ने उठाए सवाल

रायगड़ा, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। ओडिशा पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने ओडिशा के एक होटल में रहस्यमयी परिस्थिती में मारे गए दो रूसी पर्यटकों के दाह संस्कार पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि रूसी पर्यटकों के शवों का अंतिम संस्कार क्यों किया गया? क्यों उन्हें ईसाई प्रथाओं के अनुसार दफन नहीं किया गया. उन्होंने लिखा कि हरक्यूल पोयरोट कहते हैं कि जली हुई लाशें कोई कहानी नहीं बताती हैं. दरअसल, ओडिशा के रायगड़ा के एक होटल में मंगलवार यानी 28 दिसंबर को 2 रूसी पर्यटकों की मौत का मामला सामने आया था. इस होटल में कुल चार रूसी पर्यटक ठहरे हुए थे. इनमें से एक की मौत 22 दिसंबर को हार्ट अटैक से हुई और दूसरे की मौत 25 दिसंबर को रहस्यमयी परिस्थिती में हुई. पोस्टमॉर्टम के बाद रूसी नागरिकों का ओडिशा के रायगड़ा में हिंदू रीति रिवाजों से अंतिम संस्कार किया गया. अब इसे लेकर सवाल उठने लगे हैं. दरअसल, 25 दिसंबर को 65 वर्षीय रूसी नेता और कारोबारी पावेल एंटोव की होटल की तीसरी मंजिल से नीचे गिरकर मौत हो गई थी. होटल स्टाफ को खून से लथपथ हालत में उनका शव मिला था और पावेल के सह-यात्री व्लादिमिर बिडेनोव 22 दिसंबर को उसी होटल में मृत पाए गए थे. वह होटल की पहली मंजिल पर अपने कमरे में बेहोशी की हालत में पड़े थे और उनके पास शराब की कुछ खाली बोतलें मिली थीं. मनीष तिवारी ने इससे पहले ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट किया था,

# विदेश से रोज आ रहे हैं 90 हजार यात्री, सिंधिया बोले

## सिर्फ दो फीसदी की हो रही है कोविड जांच

इंदौर, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। पूरे देश में कोरोना को लेकर अलर्ट जारी हो गया है। ओमिक्रॉन का बीएफ.7 वैरिएंट की वजह से कई देशों में अफरा-तफरी का माहौल है। इसके बाद भी भारत में विदेश से आ रहे यात्रियों की चेकिंग पर फोकस नहीं है। खुद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि रोज 90 हजार यात्री देश के 28 विमानतलों पर आते हैं। इनमें से सिर्फ दो प्रतिशत की ही कोरोना जांच हो रही है। चीन से पूरी दुनिया में कोरोना फिर से फैलने का खतरा बढ़ गया है। इटली पहुंची एक फ्लाइट में आधे यात्री कोरोना संक्रमित पाए गए। इसे देखते हुए भारत और अमेरिका समेत सात देशों ने चीन से आने वाले यात्रियों को विमान में सवार होने से पहले कोविड निगेटिव रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य कर दिया है। साथ ही ऐसे यात्रियों की जांच भी की जा रही है। भारत के स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने चीन से आने वाले यात्रियों के लिए आरटीपीसीआर जांच अनिवार्य क रदी है। यह जांच चीन के साथ-साथ जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग



और थाईलैंड से भारत आने वालों के लिए भी जरूरी होगी। हालांकि, हकीकत तो यह है कि भारत में कोरोना की पहली लहर दुबई से आने वाले यात्रियों की वजह से आई थी। शुरुआत वहीं से हुई थी। ऐसे में विदेश से आ रहे यात्रियों की जांच न करना बड़े सवाल खड़े कर रहा है।

### सिंधिया बोले-सतर्कता जरूरी, लेकिन एयरपोर्ट पर लापरवाही जारी

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को इंदौर में कहा कि कोरोना को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। एक देश से दूसरे देश में वायरस के ट्रांसमिशन में समय लगता है। एयरपोर्ट के लिए कोराना की गाइडलाइन बनी है। देश के 28 विमानतलों पर विदेश से आने वाले दो प्रतिशत यात्रियों की जांच रोज हो रही है। देश में हर रोज करीब 90 हजार यात्री विदेशों से आते हैं। मंत्री के बयान से साफ है कि इस बार भी गलती दोहराई जा रही है और आने वाले समय में भारत में भी कोरोना के केस बढ़ सकते हैं, जिसकी आशंका जताई जा रही है।

### चुनाव घोषणा पूरी करने सांवेर गए थे

सिंधिया 2020 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे। उनके साथ तुलसी सिलावट भी कांग्रेस से भाजपा में आए थे। इंदौर जिले के सांवेर में हुए उपचुनाव में सिलावट के पक्ष में प्रचार करते हुए सिंधिया ने क्षेत्र में अस्पताल बनाने की घोषणा की थी। इसी अस्पताल का लोकार्पण करने सिंधिया सांवेर आए थे। प्रदेश शासन के मंत्री तुलसी सिलावट ने बताया कि पांच करोड़ रुपये की लागत से 50 बिस्तरों का अस्पताल तैयार किया गया है। अस्पताल में लैब, ऑक्सीजन प्लांट के अलावा स्टॉफ के लिए आवास भी बनाए गए हैं। सांवेर के बाद मंत्री सिंधिया उज्जैन भी जाएंगे। वहां सुलजाम कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# रूस ने यूक्रेन पर 120 मिसाइलें दागीं

## समुद्र और आसमान से 7 शहरों पर हमला, कीव के मेयर बोले- बंकरों में ही रहें लोग

कीव, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। रूस ने गुरुवार को यूक्रेन पर समुद्र और आसमान से 120 मिसाइलें दागीं। राजधानी कीव समेत 7 शहरों पर ये हमले किए गए। इनमें 14 साल की बच्ची समेत 3 लोगों के घायल होने की खबर है। इसके पहले 15 नवंबर को भी रूस ने यूक्रेन पर 100 मिसाइलें दागी थीं। इनमें से 2 पोलैंड में गिरीं थीं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमिर जेलेंस्की के सलाहकार माईखाइलो पोडोलियाक ने कहा- हमला रिहायशी इलाकों पर किया गया। कई इमारतें तबाह हो गई हैं। कीव के अलावा ल्वीव, खार्किव, माइकोलिव, ओडेसा, पोल्टावा और जिटोमिर में भी धमाकों की आवाजें सुनी गईं।

### यूक्रेन में रेड अलर्ट, कामाकाजी ड्रोन से भी हमला

यूक्रेन की एयरफोर्स ने कहा- रूस ने क्रूज मिसाइलें दागी गई हैं। हमले में कामाकाजी ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया है।



गुरुवार सुबह यूक्रेन के कई शहरों में एयर रेड अलर्ट भी सुनाई दिया। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने नागरिकों के नाम जारी अपील में कहा- जब तक हवाई हमले बंद नहीं होते, तब तक बंकरों में ही रहें। कीव के मेयर ने कहा- रूस की 16 मिसाइलों को हमने अपने एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से हवा में ही तबाह कर दिया। इसके अलावा मोडेसा क्षेत्र में भी 21 रूसी मिसाइलें मार गिराई गईं। इस महीने की शुरुआत में रूस ने 70 मिसाइलें दागीं थीं, हमने 60 मार गिराईं।

रूस के नए हमलों के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने कहा- पावर स्टेशन पर हमला भी युद्ध अपराध ही माना जाएगा।

### रूस की नई चाल

'न्यूयॉर्क टाइम्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक- हमलों के लिए रूस ने एक नई चाल चली है। वो पहले सेल्फ एक्सप्लोड होने वाले ईरानी ड्रोन्स भेज रहा है, ताकि यूक्रेन का एयर डिफेंस सिस्टम इन्हें गिराकर बेफिक्र हो जाए। इसके बाद क्रूज मिसाइलें दागी जा रही हैं।

बुधवार को ही अमेरिका ने ईरान को साफ शब्दों में मैसेज दिया था कि वो रूस को ड्रोन सप्लाई बंद करे। ऐसा नहीं हुआ तो ईरान को और भी कड़े प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा। यूक्रेन के मुताबिक, रूस ने अब तक 13 ईरानी ड्रोन इस्तेमाल किए हैं। इनका इस्तेमाल एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर तबाह करने में किया जा रहा है।

### लिव के 90% इलाके में बिजली नहीं

लिव शहर के मेयर एंड्री सदोवी ने कहा- 90% इलाके में बिजली नहीं है। वाटर सप्लाई सिस्टम भी ठप हो गया है।

रूसी हमलों की वजह से सैकड़ों लोग कड़कड़ाती सर्दी में बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। खार्किव में भी बिजली सप्लाई बंद है। यूक्रेन की सेना भी रूस के हमलों का जवाब दे रही है।

# सभी स्कूलों में मास्क पहनना अनिवार्य, शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

देहरादून, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। शिक्षा विभाग की तरफ से संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया गया है। शिक्षा विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि छात्रों, शिक्षकों और अन्य सभी कर्मचारियों को स्कूल में मास्क लगाकर आना अनिवार्य होगा। हाल में एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वास्थ्य विभाग को कोरोना वायरस महामारी को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिए कोविड-19 रोधी टीकों के लाभार्थियों को बूस्टर खुराक लगाने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया था। धामी ने कहा था कि बूस्टर खुराक के महत्व के बारे में जागरुकता फैलायी जानी चाहिए तथा लोगों को इस महामारी के विरुद्ध टीका लगवाने के प्रति प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# 'उद्धव ठाकरे की चर्चा तो पुतिन

## बाइडन और चार्ल्स भी कर रहे हैं', संजय राउत का कथित भाषण हुआ वायरल

मुंबई, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत का एक कथित भाषण वायरल हो रहा है जिसमें वे दावा करते नजर आ रहे हैं कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और किंग चार्ल्स महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीनों ने एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की जिसमें वे हैरान थे कि आखिर उद्धव ठाकरे एकनाथ शिंदे सरकार के खिलाफ कैसे लड़ रहे हैं? यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी उद्धव ठाकरे के बारे में जानकारी ली है। संजय राउत ने कहा कि एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में तीनों ने आश्चर्य जताया कि पीएम मोदी ने उन्हें कभी उद्धव ठाकरे से क्यों नहीं मिलवाया? हालांकि, बताया जा रहा है कि राउत ने ये बातें एकनाथ शिंदे के पहले के बयान के मजाक में कहा था जिसमें उन्होंने दावा किया था कि बिल क्लिंटन ने उनके बारे में चर्चा की थी। नागपुर में एक कार्यक्रम में एकनाथ शिंदे ने कहा कि बिल क्लिंटन के साथ रहने वाला एक भारतीय कुछ महीने पहले मेरे पास आया था। उसने मुझे बताया कि बिल क्लिंटन ने उससे पूछा कि एकनाथ शिंदे कौन है? बिल क्लिंटन ने उससे पूछा कि एकनाथ शिंदे कितना काम करता है, कब वह खाता है, जब वह सोता है? उद्धव और एकनाथ शिंदे गुट के बीच चल रही खींचतान के बीच संजय राउत का



यह वीडियो वायरल है जिसमें भाजपा कार्यकर्ता संजय राउत के कॉमिक सेंस की तारीफ कर रहे हैं। राहुल गांधी या संजय राउत किसका कॉमिक सेंस बेहतर है? उद्धव-आलोचक समीत ठक्कर ने एक मीडिया चैनल से वीडियो क्लिप साझा करते हुए लिखा। वहीं भाजपा की प्रीति गांधी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि कपिल शर्मा शो में कुछ गंभीर प्रतिस्पर्धा है।

# राहुल ने 113 बार तोड़े सुरक्षा नियम : सीआरपीएफ

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की ये तस्वीर भारत जोड़ो यात्रा के दौरान की है। राहुल के आसपास काले कपड़े पहने नजर आ रहे सुरक्षाकर्मी, उनकी सुरक्षा करते हैं।

सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स ने राहुल गांधी की सुरक्षा चूक मामले में गृह मंत्रालय को जवाब सौंपा है। सीआरपीएफ ने कहा कि राहुल ने 2020 से अब तक 113 बार सुरक्षा के नियम तोड़े हैं। कई बार तो उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ही सुरक्षा के तय निर्देशों का उल्लंघन किया है। इस बारे में उन्हें समय-समय पर अवगत भी करवाया जाता रहा है।

कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली में राहुल गांधी की सुरक्षा चूक मामले में गृहमंत्री अमित शाह से शिकायत की थी। इसके अगले ही दिन गुरुवार को सीआरपीएफ ने इस पर जवाब दिया है।

कांग्रेस ने बुधवार को केंद्र सरकार से राहुल की सुरक्षा की मांग की थी। इसको लेकर पार्टी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने गृह मंत्री अमित शाह को लेटर लिखा था। उन्होंने कहा था कि दिल्ली में राहुल की सुरक्षा में कई बार चूक हुई है। दिल्ली पुलिस भीड़ को काबू करने और उनके चारों ओर के सुरक्षा के घेरे को मेंटेन करने में असफल रही। इस मामले में इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) ने यात्रा में शामिल कई लोगों से पूछताछ की है।

# चाय में नशीला पदार्थ देकर दरोगा ने कवयित्री से किया दुष्कर्म



गाजियाबाद, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। डीसीपी ग्रामीण के पीआरओ रहे दरोगा अक्षय मिश्रा ने चाय में नशीला पदार्थ देकर बेहोशी की हालत में एक कवयित्री के साथ दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो बनाकर किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर सात महीने से संबंध बनाए। इसी बीच कवयित्री गर्भवती हुई तो उसका गर्भपात भी करा दिया। आरोप है कि दरोगा ने शादी करने का भी झांसा दिया लेकिन अब उसने उनका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। मामले में कवयित्री ने दरोगा अक्षय मिश्रा के खिलाफ कविनगर थाने में दुष्कर्म, गर्भपात, धमकी देने समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कवयित्री का कहना है कि अप्रैल माह में घर जाने के लिए डासना बैरियर के पास खड़ी थीं। इसी दौरान एक पुलिसकर्मी आया और उसने उनसे खड़ा होने का कारण पूछा। बातचीत बढ़ने पर पुलिस की वर्दी में देख उन्होंने उसे नाम पता और मोबाइल नंबर दे दिया। आरोप है कि दरोगा अक्षय मिश्रा ने कवयित्री से नंबर लेने के बाद फोन पर बातचीत करना शुरू कर दिया और कवयित्री से करीबी बढ़ाकर चाय पीने के बहाने फ्लैट पर जाने लगा। चार मई 2022 को भी दरोगा उनके फ्लैट पर गया। उस दिन जब कवयित्री चाय लेकर आई और नास्ता लेने के लिए रसोई में गई तो दरोगा ने उनकी चाय में नशीला पदार्थ मिला दिया। चाय पीने के बाद वह बेहोश हो गईं। उनका आरोप है कि जब उन्हें होश आया तो वह निर्वस्त्र बिस्तर पर थी और दरोगा भी वहीं मौजूद था। शिकायत के अनुसार, कवयित्री ने खुद को निर्वस्त्र अवस्था में देखकर इसका विरोध किया तो दरोगा ने उनकी फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 30 दिसंबर, 2022

# तालिबानी अत्याचार

अफगानिस्तान में तालिबानी शासन के आते ही महिलाओं पर अमानवीय अत्याचार के साथ ही दकियानूसी नियम कानून भी लादने शुरू कर दिए गए हैं। इससे वहां रहने वाली महिलाओं और लडकियों के लिए जीवन नर्क बनता जा रहा है। हाल ही में तालिबान ने एक फरमान जारी करते हुए लडकियों व महिलाओं को कालेज व यूनिवर्सिटी में जाने से रोक लगा दिया है। यही नहीं इसके साथ ही उच्च शिक्षा मंत्रालय ने भी बयान जारी कर साफ कह दिया है कि सारे कालेज और विश्वविद्यालय सरकार के इस आदेश को तत्काल प्रभाव से अमल में लाएं। नहीं तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड सकते हैं। सरकारी फरमान के चलते लडकियों को स्कूल भेजने पर पहले ही पाबंदी लग गई थी, अब तालिबान के बेहूदे कदम से साफ है कि वह अफगानिस्तान को आदिम युग में ले जाने पर तुला है। अब तालिबान ने महिलाओं को स्वयंसेवी संगठनों और विदेशी सहायता प्राप्त संगठनों में भी काम करने से रोक दिया है। तालिबान का संदेश साफ है कि महिलाएं और लड़कियां घरों में कैद होकर ही रहें,वरना उनका हाल आदिम कानूनों की तरह ही कर दिया जाएगा। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर महिलाओं के प्रति तालिबान का ऐसा ही अत्याचारी रवैया रहा तो अफगानिस्तान के भविष्य का क्या होगा? बताना जरूरी है कि काबुल में सत्ता परिवर्तन हुए लगभग सत्रह महीने हो गए हैं। तब से ही हालात बद से बदतर होते चले गए। हालाकि तालिबान के दोबारा सत्ता कब्जाने के बाद से ही ये आशंकाएं जोर पकड़ने लगी थीं कि महिला अधिकारों को लेकर तालिबान का रुख पहले से भी ज्याादा दकियानूसी रहेगा। उस समय जो आशंकाएं व्यक्त की गई थीं वह अब हकीकत में बदल चुकी हैं। बता दें कि दो दशक पहले जब तालिबान ने जब अफगानिस्तान में सत्ता हथियाई थी, उसके बाद महिलाओं पर अत्याचारों की जो तस्वीरें दुनिया ने देखीं और जो दर्दनाक वाकये पढ़ने-सुनने को मिले थे, वे रोंगटे खड़े कर देने वाले थे। बेपर्दा चेहरा जैसी मामूली बात को गंभीर अपराध बता कर सरेआम बेरहमी से महिलाओं को पीटा जाता था। उनके कोमल शरीर पर कोड़े बरसाए जाते थे और दूसरे अपराधों में तो मौत के घाट तक उतार देने की प्रथा थी। दुर्भाग्य से वही सब आज फिर से दोहराया जाने लगा है। चिंताजनक पहलू यह है कि इस्लाम की रक्षा के नाम पर तालिबान आज जो कर रहा है, उससे इस देश का सामाजिक ढांचा तो टूटेगा ही, देश को दूसरी अनेक गंभीर चुनौतियों से भी जूझना पड सकता है। तालिबान ने महिलाओं के काम पर जिस तरह से रोक लगाई है, उसके परिणाम भी गंभीर होंगे। सत्ता की सनक में फिलहाल तालिबान शासन को यह सब समझ नहीं आ रहा है, लेकिन जब समझ आएगी तो काफी देर हो चुकी होगी। अगर स्वयंसेवी संगठनों में महिलाएं काम नहीं करेंगी तो कैसे इस देश में महिलाओं और बच्चों को भूख से मरने से बचाया जा सकेगा? आज अफगानिस्तान की सबसे बड़ी समस्या भुखमरी, कुपोषण और स्वास्थ्य को लेकर है। करीब तीन करोड़ आबादी के पास खाने को दाना तक नहीं बचा है। वहां की बडी आबादी विदेशी संगठनों की मदद से खाना और दवाइयों पर जिंदा है। अब बडी मुश्किल यह आने वाली है कि महिला शिक्षा और काम के अधिकार के मुद्दे पर तालिबान को कसने के लिए विदेशी संगठन मदद देना बंद कर सकते हैं। लेकिन अपने ही घमंड में चूर तालिबान को इन सबकी चिंता बिल्कुल भी नहीं है। आतंकवादियों सरीखे उसका एकमात्र मकसद इस्लाम की रक्षा के नाम पर महिलाओं को कुचल देना भर है। तालिबान को इस बात का शुरू से डर रहा है कि महिलाएं अगर बराबरी से सत्ता में भागीदार बन गर्इं तो उनकी आतंक के कारोबार की दुकान बंद होते देर नहीं लगेगी। इसलिए अफगान शांति वार्ता में भी महिलाओं के अधिकारों को लेकर पुरजोर तरीके से आवाज उठती रही थी। बता दें कि कुछ दिनों पहले ही महिलाओं की ताकत के आगे ईरान की सत्ता को भी झुकना पड़ गया था। और अब काबुल में भी शिक्षा के अधिकार को लेकर महिलाएं जिस तरह सड़कों पर उतरी हैं, तालिबान को उसका मतलब समझ जाना चाहिए। नहीं समझेगी तो तालिबान खुद ही नेस्तनाबूत हो जाएगी।

# गिरते को शीर्षासन का सहारा



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

जैसे बच्चा गिर-गिरकर चलना सीखता है ठीक वैसे ही रुपया गिर-गिरकर दौड़ना सीखता है। इसे लेकर संसद में इतना हंगामा बरपाने की क्या जरूरत है। ग्राफों और आंकड़ों की नीयत तो पहले से बेईमान थी, है और रहेगी। यह किन्हीं के नहीं होते। जिनके होते हैं वे उनके हिस्से के नही होते। मैं तो कहता हूँ गिरते ग्राफ और आंकड़ों को उल्टा देखने में ही भलाई है। इसके लिए अलग से कष्ट करने की आवश्यकता नहीं है। विश्व प्रसिद्ध योग विद्या हमारी धरती से फलती-फूलती पूरी दुनिया में फैल चुकी है। इसमें भी यदि पूरी दुनिया शीर्षासन करने में निपुण बन जाए तो हमारा रुपया सबसे ऊपर दिखाई देगा। बेफिजूल में लोग रुपए को बदनाम करने में लगे हैं।रुपया टॉप कर जाए तो कई राजनीतिक दल अपना बोरिया-बिस्तर लपेटकर घर में बैठ जाएँ। खाने-पीने के लाले पड़ जायें।

इतनी बड़ी जनसंख्या के लिए यह अच्छा नहीं होगा। यह देश जनता का शोर सुने बिना तो रह सकता है, लेकिन नेताओं के शोर के बिना कतई नहीं। इसलिए रुपया जितना गिरता है गिरने दो। हमें गिरकर जीने में मजा आता है। उठकर जीने में मेहनत करने की क्या जरूरत। हम तो लोगों की आधी उम्मीदें भाषण-बाजी से ही मिटा देते हैं। इतना बढ़िया तरीका दुनिया में भला और कहाँ मिलेगा। 'हैप्पीनेस इंडेक्स' में भी हम लगातार नीचे जाते जा रहे हैं। पर हम मान रहे हैं कि उसमें भी हम ऊपर उठ रहे हैं, देश खुशहाल हो रहा है। आखिर शीर्षासन करके जो देख रहे हैं। पर असलियत में तो उसका ग्राफ भी लगातार नीचे गिरता ही जा रहा है। और तो और पाकिस्तान भी हमारे से ऊपर हो गया है। पर जब हम शीर्षासन करके देखते हैं, सिर के बल खड़ा हो कर देखते हैं तो हम अपने को काफी ऊपर पाते हैं। पाकिस्तान की बात तो छोड़ो, इंग्लैंड, अमरीका, डेनमार्क आदि सभी देश हमारे देश से नीचे दिखते हैं। सच ही तो है कि योग की रेगुलर प्रेक्टिस करने का एक लाभ यह भी है कि हम किसी भी नीचे गिरते ग्राफ को शीर्षासन कर ऊपर उठता हुआ देख सकते हैं।सिर्फ हैप्पीनेस इंडेक्स में ही नहीं, हम और भी बहुत सारे मानकों में ऊपर उठे हैं, उनमें विकास किया है। परन्तु यह विकास आपको यह तभी दिखाई देगा जब आप शीर्षासन करके देखेंगे। अब देखो, भारत ने भुखमरी (ग्लोबल हंगर इंडेक्स) में भी बहुत उन्नति की है। यकीन न हो तो सिर के बल खड़े हो कर देख लो। एक सौ सोलह देशों में उच्च एक सौ एकवां स्थान। अगर सिर के बल खड़ा हो कर देखें तो सभी पड़ोसी देशों से आगे दिखेंगे। पिछले वर्षों में इतना ऊंचा स्थान कभी भी नहीं रहा है। बस भुखमरी इंडेक्स के ग्राफ को भी शीर्षासन करके देखने की जरूरत है। फिर कभी गिरने की चिंता नहीं रहेगी।

# बीजेपी की सियासत में रहता है पूर्व नौकरशाहों का बोलबाला



अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की नौकरशाही में आजकल एक आम चर्चा सुनने को मिल रही है। चर्चा इस बात कि है कि जल्द ही यूपी कैडर का एक और चर्चित नौकरशाह जिनका कुछ माह में ही रिटायर्डमेंट हैं,जल्द ही राजनीति के मैदान में अपनी दूसरी 'पारी' शुरू कर सकते है। यह वही अधिकारी है जिसने सपा प्रमुख मुलायम सिंह के एक इशारे पर अखिलेश सरकार के समय मैं लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, मात्र ढाई वर्षो में तैयार करा दिया था,जिस पर जगुआर जैसे सेना के फाइटर प्लेन तक की लैडिंग कराई गई थी। यही नौकरशाह कोरोना काल में खादी विभाग के प्रमुख सचिव रहते आनन-फानन में पचास लाख खादी के मास्क तैयार कराने की महत्वाकांक्षी योजना को हकीकत में बदलकर योगी के विश्वास पात्र बन गए थे ,जबकि इस नौकरशाह को सपा का करीबी समझ कर मुख्यमंत्री योगी ने पहले उसे हासिए पर डाल रखा था और खादी विभाग जैसा कम महत्वपूर्ण महकमा सौंपा था। कोरोना के खिलाफ जंग में खादी का सुरक्षा कवच (मास्क) तैयार करने वाले इस ब्योरोक्रेट्स के चलते ही यूपी इसी काल खण्ड में रैपिड टेस्टिंग किट से कोविड-19 की जांच करने वाला पहला प्रदेश बन पाया था। योगी ही नहीं सपा-बसपा और पूर्व की भाजपा सरकार के दौरान भी इस नौकरशाह का खूब सिक्का चला। कल्याण सिंह सरकार में इस नौकरशाह को फैजाबाद जैसे महत्वपूर्ण जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, इस दौरान यह अधिकारी अयोध्या में राम जन्मभूमि से जुड़े साधू-संतो के काफी करीब आ गया। यह अधिकारी लखनऊ जैसे महत्वपूर्ण जिले में भी डीएम रहा। 2007 में बसपा सरकार बनने पर जब केन्द्र से पांच आईएएस यूपी लौटे जिनमें एक नाम इस अधिकारी का भी शामिल था। यह अधिकारी अपने नाम से नहीं काम के चलते सुर्खियां बटोरता है। सरकार किसी भी पार्टी की हो, यह अपना काम पूरी जिम्मेदारी से करता मिल जाता है। इस अधिकारी के बारे में यहां तक कहा जाता है,''जहां रहेगा वहीं रोशनी लुटाएगा, किसी चराग का अपना मकां नहीं होता।'' यह अधिकारी और कोई नहीं पंजाब में जन्मे और 1988 बैच के यूपी कैडर के अधिकारी नवनीत सहगल हैं जो अगले कुछ माह बाद रिटायर्ड होने वाले हैं। नवनीत सिंह के बारे में कहा जा रहा है कि ब्यूरोक्रेसी से सेवानिवृत होने के बाद वह भी कुछ अन्य नौकरशाहों की तरह भगवा रंग में रंग सकते हैं। इस चर्चा में इसलिए दम भी लगता है क्योंकि पिछले कुछ वर्षो से यह देखने में आ रहा है कि बीजेपी आलाकमान पूर्व नौकरशाहों को केन्द्र और राज्यों की राजनीति में लाकर अपनी सरकार चलाने के लिए इनके अनुभव का खूब फायदा उठा रही है। इस कड़ी में कई नौकरशाहों के नाम गिनाए जा सकते हैं। वैसे नौकरशाहों का राजनीति से प्रेम नया नहीं है। इसकी शुरूआत करीब 70 वर्ष पूर्व हो गई थी,जब 1952 में फैजाबाद के जिलाधिकारी केके नायर (आईसीएस जो अब आईएएस कहलाते हैं) रिटायर्ड होने के बाद जनसंघ में शामिल हो गए थे। हाल फिलहाल में 2022 के विधान सभा चुनाव की घोषणा होते ही कानपुर के पुलिस कमिश्नर असीम अरुण ने वीआरएस के लिए आवदेन किया तो प्रवर्तन निदेशालय के जॉइंट डायरेक्टर राजेश्वर सिंह का भी वीआरएस आवदेन स्वीकार कर लिया गया। अब दोनों बीजेपी से विधायक और मंत्री भी है। पुरानी बात की जाए तो विहिप के ही नेता अशोक सिंघल के भाई बीपी सिंघल जो कि आईपीएस थे उनको बीजेपी ने राज्यसभा भेजा. इसके अलावा समाजवादी पार्टी की बेहद करीबी अधिकारी नीरा यादव के आईपीएस पति महेंद्र सिंह यादव भी बीजेपी में शामिल हुए। इस लिस्ट में कई सारे पूर्व नौकरशाहों के नाम जुड़ रहे हैं, जिसमें अरविंद कुमार शर्मा यानी ए0के0शर्मा भी कम खास नहीं हैं,जो कि गुजरात कैडर के आईएएस रहे हैं.योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में नगर विकास जैसे महत्पूर्ण विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चहेते नौकरशाह अरविंद कुमार शर्मा उत्तर प्रदेश में दो वर्ष पूर्व विधान परिषद चुनाव के समय अचानक प्रकट हुए थे। चट से वीआरएस लिया, पट से भाजपा में शामिल हुए और दूसरे ही दिन विधान परिषद के टिकट से निर्विरोध उत्तर प्रदेश विधान परिषद के माननीय सदस्य बन गए। अरविंद कुमार शर्मा मऊ के काजाखुर्द गांव के रहने वाले गुजरात कैडर के अधिकारी रहें हैं , गुजरात मुख्यमंत्री कार्यालय तथा केंद्र में प्रधानमंत्री कार्यालय में रहकर शर्मा मऊ के लिए कभी कुछ नहीं कर सके। अब मंत्री बनने के बाद नई पारी में उनकी परीक्षा होनी है। क्योंकि शीर्ष नेतृत्व उन्हें यूं ही प्रदेश में स्वैच्छिक सेवानिवृति दिलाकर नहीं लाया है। ज्ञातव्य हो, अरविंद्र कुमार शर्मा के भाजपा में शामिल होने पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने सवाल उठाया था 'शर्मा को बताना चाहिए कि वे अब तक सरकारी सेवा कर रहे थे या एक पार्टी की सेवा में लगे थे।'नौकरशाहों का उत्तर प्रदेश के लिए राजनीतिक प्रेम वर्षो पहले दिखाई पड़ने लगा था। इसकी शुरूआत सात दशक पूर्व केके नैयर से हुई थी। आजादी के बाद प्रदेश में संभवतःपहला वाक्या रहा होगा जब अयोध्या में दिसंबर 1949 में बाबरी मस्जिद में मूर्ति रखी जाने के बाद फैजाबाद के जिलाधिकारी केके नायर आईसीएस निलंबन और बहाली के बाद सेवामुक्ति लेकर 1952 में जनसंघ में शामिल हो गए थे. उनकी पत्नी शकुंतला नैयर जनसंघ के टिकट पर पड़ोसी जिले बहराइच से सांसद चुनकर लोकसभा पहुंच गई थीं। नायर पहले प्रयास में खुद तो हार गए थे लेकिन उनकी पत्नी और उनका ड्राइवर चुनाव जीत गया था। नायर 1967 में जनसंघ के टिकट पर लोकसभा पहुंच गए थे।

इसी प्रकार अयोध्या में 1992 में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के आरोप में तत्कालीन एसएसपी आईपीएस देवेंद्र बहादुर राय (डीबी राय) निलंबन और बर्खास्तगी के बाद अगले ही चुनाव में फैजाबाद के पड़ोसी जिले सुल्तानपुर से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर लोकसभा के सांसद चुन लिए गए थे। इसी तरह से श्रीचन्द्र दीक्षित आईपीएस अधिकारी और फैजाबाद के एसपी एवं प्रदेश के पुलिस महा निरीक्षक के सर्वोच्च पद (1984) रहे। दीक्षित विहिप में शामिल हुए। उपाध्यक्ष बने और राममंदिर आंदोलन के दौरान उनकी महत्वपूर्ण के साथ कारसेवकों को 1990 में विवादित परिसर में पहुंचाने में उनकी प्रमुख भूमिका रही। भाजपा से वे सांसद निर्वाचित हुए। पूर्व आईपीएस और विहिप नेता अशोक सिंघल के भाई बीपी सिंघल को भी भाजपा में शामिल होने के बाद राज्यसभा भेजा गया था। मुलायम सिंह यादव की सरकार के दौरान उत्तर प्रदेश की मुख्य सचिव रहीं नीरा यादव के पति महेंद्र सिंह यादव आईपीएस से स्वैच्छिक सेवानिवृति लेकर भाजपा में शामिल हुए और विधायक बने थे। मायावती सरकार के दौरान उनके अतिप्रिय अधिकारियों में पी.एल.पुनिया आईएएस तथा बृजलाल आईपीएस थे। पूनिया प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री रहे, तो बृजलाल पुलिस महानिदेशक के पद से रिटायर हुए। आश्चर्य यह हुआ कि पूनिया ने कांग्रेस की शरण में चले गए और एक दलित चेहरा बनकर बाराबंकी से लोकसभा टिकट पाकर सांसद बन गए और बृजलाल भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए और अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बना दिए गए। बाद में पार्टी ने उन्हें राज्यसभा भेज दिया। आईएएस अधिकारी रहे देवी दयाल रिटायर होने के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए और लोकसभा चुनाव लड़ा लेकिन वे लोकसभा नहीं पहुंच सके।

कांग्रेस में शामिल होने वालों की भी अच्छी खासी तादाद रही है। आईएएस रहे राजबहादुर, ओमप्रकाश ने भी रिटायर होकर कांग्रेस की सदस्यता ली। एपीसी रहे आईएएस अधिकारी अनीस अंसारी ने भी रिटायर होने के बाद कांग्रेस की सदस्यता ली।वहीं आईपीएस अधिकारी रहे अहमद हसन ने रिटायर होकर समाजवादी पार्टी का रास्ता पकड़ा तो उसी के हो गए।

# कोचर और धूत ही क्यों गिरफ़्तार ?



रजनीश कपूर

पिछले दिनों सीबीआई द्वारा आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व एमडी व सीईओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी की खबर सुर्ख़ियों में थी। उसके बाद हाल ही में वीडियोकॉन के अध्यक्ष वेणुगोपाल धूत को भी सीबीआई ने बैंक फ्रॉड मामले में गिरफ़्तार किया। तमाम सबूतों के बावजूद सीबीआई ने 2019 में एफ़आईआर दर्ज की और जाँच करने लगी। आश्चर्य है कि आरोपियों की गिरफ़्तारी तीन बरस बाद दिसंबर 2022 में ही की गई। सीबीआई के इस ढुलमुल रवैये से सवाल उठता है कि देश में ऐसे कितने और मामले हैं जिन पर सीबीआई और अन्य जाँच एजेंसियां इसी तरह ढुलमुल रवैया अपना रही हैं? कोचर दंपत्ति की ज़मानत के लिए बहस करते हुए उनके वकीलों ने कोर्ट में कहा कि, "जनवरी 2019 से अब तक कोचर दंपत्ति उपलब्ध थी, तो फिर इतने सालों में उन्हें जांच के लिए क्यों नहीं बुलाया गया?" वकील के अनुसार, जुलाई 2022 तक सीबीआई को जांच के लिए उनकी जरूरत तक नहीं थी और अब सीबीआई हिरासत में पूछताछ की मांग कर रही है। क़ानून के जानकार इसे सीबीआई की कार्यशैली की कमी बताते हैं। बैंक फ्रॉड का ऐसा चर्चित मामला सीबीआई के आलस्य के कारण अगर इस कदर खिंचता है तो जाँच एजेंसियों पर सवाल तो उठेंगे ही। ऐसा क्या कारण था कि 2019 में दर्ज एफ़आईआर पर गिरफ़्तारी और पूछताछ इतनी देर से हुई? जिन मामलों में सीबीआई या अन्य जाँच एजेंसियों को तत्पर्ता दिखानी होती है वहाँ तो रातों-रात गिरफ़्तारी भी हो जाती है और कार्यवाही भी गति पकड़ती है। जहां ढील देने का मन होता है या ऊपर से ढील देने के 'निर्देश' होते हैं, वहाँ विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहूल चौकसी जैसे आर्थिक अपराधियों को देश छोड़ कर भाग जाने का मौक़ा भी दे दिया जाता है। बैंक फ्रॉड के मामलों में, बिना बैंक के अधिकारियों की साँठ-गाँठ के कोई भी बैंक को धोखा नहीं दे सकता। आरबीआई के आँकड़े बताते हैं कि देश के टॉप 50 विल्फुल लोन डिफ़ॉल्टरों' की ऋण की राशि जोड़ी जाए तो वो 92,570 करोड़ रुपये बैठती है।

ये रक़म इतनी ज़्यादा कैसे हो गई? क्या बैंक के अधिकारी सो रहे थे? यदि कोई आम आदमी अपनी नई गाड़ी या नये घर के लिये बैंक से छोटा सा ऋण लेता है तो तमाम दस्तावेज़ों पर साइन कराए जाते हैं। गारंटी के तौर पर उसकी चल- अचल संपत्ति के दस्तावेज़ों को भी बैंक अपने पास गिरवी रख लेता है। परंतु देश के नामी बैंक लुटेरों के लिए सभी नियम और क़ानूनों की धज्जियाँ उड़ा दी जाती हैं। ऐसा केवल इसीलिए होता है कि क़र्ज़ लेने वाला बैंक अधिकारियों को क़र्ज़ लेने की एवज़ में मोटी रिश्वत देता है। क़र्ज़ और ब्याज की राशि जब बहुत बड़ी हो जाती है और बैंक अधिकारी की नौकरी पर बन आती है तो शिकायत और जाँच का नाटक शुरू हो जाता है। विजय माल्या और नीरव मोदी पर इतना हल्ला मचने के बाद जबसे भारत सरकार इस मामले पर गंभीर हुई तो इन दोनों को देश में वापस लाने की प्रक्रिया भी तेज़ हुई। हमारी सरकार को इन मामलों में कुछ सफलता भी मिल रही है। परंतु जो बैंक लोन का फ्रॉड करने वाले इसी देश में हैं उनका क्या हो रहा है? मिसाल के तौर पर देश के 'टॉप 50 विल्फुल लोन डिफ़ॉल्टरों' की सूची में एक नाम फ्रॉस्ट इंटरनेशनल लिमिटेड का भी है। इनकी बैंक फ्रॉड की रक़म 3500 करोड़ से अधिक है। इस कंपनी पर 14 बैंकों के एक समूह के साथ धोखाधड़ी का आरोप है। इस कंपनी के निर्देशकों में उदय देसाई, सुजय देसाई, सुनील वर्मा, अनूप कुमार, बलदेव राज वढ़ेरा और अन्य हैं। ग़ौरतलब है कि बैंक ऑफ़ इंडिया और इण्डियन ओवरसीज़ बैंक ने 2020 में उदय देसाई और 13 अन्य लोगों के ख़िलाफ़ धोखाधड़ी के मामलों की एफ़आईआर लिखवाई थी। इतना ही नहीं बैंकों द्वारा इस समूह के निर्देशकों के ख़िलाफ़ 'लुक आउट नोटिस' भी जारी करवाया गया था। परंतु इस मामले की जाँच कर रही एजेंसियाँ किन्हीं कारणों से इस गंभीर मामले पर फुर्ती नहीं दिखा रही हैं। आँकड़ों के अनुसार, 2020 में जब इस मामले की एफ़आईआर दर्ज हुई थी तब यह मामला नीरव मोदी और मेहूल चौकसी के 13000 करोड़ के बैंक फ्रॉड मामले के बाद दूसरा बड़ा मामला था। बैंक की एफ़आईआर में उदय देसाई और उनके सहयोगियों पर आरोप है कि बैंक से लोन लेने के लिये इन्होंने फ़र्ज़ी दस्तावेज जमा कराए।

देसाई बंधुओं के खाते में तनाव के संकेत तब दिखाई देने लगे जब निर्यात आय प्राप्त नहीं होने के कारण बैंकों के साथ साख पत्र हस्तांतरित होना शुरू हो गए। देसाई की कंपनी के खाते को अंततः बैंक कंसोर्टियम द्वारा गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया। बैंक द्वारा कंपनी के खातों का 'फॉरेंसिक ऑडिट' भी करवाया गया, जिसमें यह पाया गया कि किसी भी माल का कोई वास्तविक निर्यात हुआ ही नहीं था। लोडिंग और डिस्चार्ज पोर्ट की तुलना में जहाज की आवाजाही के आँकड़े भी बेमेल थे। फॉरेंसिक जाँच में यह भी पता चला कि देसाई समूह ने अपने ही चिर-परिचित लोगों को असुरक्षित ऋण प्रदान कर धन शोधन किया है। इस जाँच से यह भी पता चला कि देसाई ने अपने जानकारों के साथ ही लगभग दस हज़ार करोड़ की ख़रीद फ़रोख़्त भी की है। बैंक फ्रॉड जैसे बड़े घोटालों की जाँच कर रही एजेंसियों का ढीला रवैया ही ऐसे अपराधियों को देश छोड़ने का मौक़ा देते हैं। अगर एजेंसियों द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाती है तो जनता के बीच ऐसा संदेश जाता है कि जाँच एजेंसियाँ अपना काम स्वायत्तता और निष्पक्ष रूप से कर रहीं हैं। देश की शीर्ष जाँच एजेंसियों का सिद्धांत यह होना चाहिये कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। फिर वो चाहे किसी भी विचारधारा या राजनैतिक पार्टी का समर्थक ही क्यों न हो। एजेंसियाँ ऐसे किसी भी अपराधी को नहीं बख्शेंगी, ऐसा करने से अपराधियों के बीच भी ख़ौफ़ का संदेश जाएगा और लोगों का इन एजेंसियों पर विश्वास भी बढ़ेगा।

# काबुल में तालिबान का अतिवाद



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

पिछले साल काबुल में तालिबान की सरकार कायम हुई तो मुझे आशा थी कि पिछली तालिबानी सरकार की तुलना में यह सरकार अधिक उदार और समझदार होगी ।

काबुल और दोहा के कई तालिबान नेताओं से मेरा संपर्क भी हुआ । पुराने तालिबान भी इस बार काफी संयत लगे। नए तालिबान नेता, जो विदेशों में पले-बढ़े हैं, उनकी पृष्ठभूमि देखते हुए लगता था कि वे अपने बुर्जुगों की गल्तियों से कुछ सीखेंगे ।

इसी आशा में भारत सरकार ने हजारों टन अनाज और दवाइयां काबुल भिजवाईं और अपने दूतावास को भी सक्रिय कर दिया । कुछ माह तक लगता रहा कि ये नए तालिबान पश्तूनी आर्य परंपरा का पालन करेंगे। वे स्त्रियों की समानता और शिक्षा के मामले में प्रगतिशील रुख अपनाएंगे ।

शुरू में उन्होंने कुछ ढील दी भी लेकिन अब उन्होंने औरतों के लिए बुर्का अनिवार्य कर दिया है।

कोई भी औरत अकेली घर के बाहर नहीं निकल सकती । सारे स्कूलों और कालेजों में स्त्री शिक्षा बंद हो गई है। सरकारी दफ्तरों से औरत कर्मचारियों की छुट्टी कर दी गई है। इनके कारण अफगानिस्तान में आजकल कोहराम मचा हुआ है । बादशाह जाहिरशाह का 55 साल पहले का वह जमाना मुझे याद है जब काबुल विश्वविद्यालय में साथ ढेरों लडकियां पढ़ती थीं । दर्जनों महिला प्रोफेसर सक्रिय थीं और सरकारी दफ्तरों में महिलाएं स्कर्ट और ब्लाउज पहने बेधडक काम करती थीं। बादशाह अमानुल्लाह के जमाने (1909 ) से आधुनिकीकरण की ऐसी लहर अफगानिस्तान में चली थी कि उसके सामने सारे इस्लामी मुल्क फीके पड गए थे ।

हर अफगान गर्व करता था कि वह प्राचीन आर्य सभ्यता का संसंवाहक है । काबुल का आसामाई मंदिर , बामियान की बुद्ध प्रतिमा, जलालाबाद की बौद्ध गुफाएं और कई जैन-अवशेष मैंने स्वयं जाकर देखे थे अफगान सरकार के कई उच्च पदों पर उन दिनों कई हिंदू, सिख और शिया लोग प्रतिष्ठित थे लेकिन अब तो इस्लाम में गहरी आस्था रखने वाले लोग भी अफगानिस्तान छोडकर बाहर भाग रहे हैं। भारतीय दूतावास में वीजा की हजारों अर्जियां आ गई हैं। अफगानिस्तान में आर्थिक संकट बढ़ता का सामना करना पड जाए। ईरानी औरतों ने अपनी सरकार की नाक में दम कर रखा है। यदि वैसी ही बगावत काबुल में शुरू हो गई तो भारत जैसे राष्ट्रों को भी अपनी अफगान नीती पर पुनर्विचार करना होगा।

# नन्हे बच्चों, नौनिहालों को कुपोषित होने से बचाएं



संजीव ठाकुर

बच्चे देश के भविष्य होते है। यदि देश का भविष्य ही कुपोषित रहेगा, कमजोर रहेगा तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना बेमानी होगा। देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50% बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैं। देश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता है। देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय अलग खोल के रखा गया है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। ऐसी क्या वजह है की नौनिहालों के पोषण के लिए केंद्र या राज्य सरकार के पास इतने संसाधन होने के बावजूद धन मुहैया नहीं हो पाता है। मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत की मुख्य रीढ़ की हड्डी है यानी कि आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय सोचनीय तथा विचारणीय पहलू है। सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आर,टी,आई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्यप्रदेश है। विगत दिनों करोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैं। जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए ।जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित ना हो वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है उसका नंबर 101वां है, ऐसे हालात में महिला तथा बाल विकास को महिलाओं तथा बच्चों के लिए ही एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें कुपोषित होने से बचाना होगा। पोषण ट्रैकर के हवाले से बताया गया कि सिर्फ महाराष्ट्र में ही कुपोषित बच्चों की संख्या छह लाख दर्ज की गई है जिनमें 1,57 लाख बच्चे अल्प कुपोषित तथा 4,58 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। दूसरे नंबर पर बिहार प्रदेश आता है जहां 5लाख कुपोषित बच्चे और तीसरे नंबर पर गुजरात प्रदेश होता है जहां 3:30 लाख बच्चे कुपोषित हैं। महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्य प्रदेश बहुत सक्षम और देश के बड़े राज्य हैं, यहां पर स्वास्थ्य विभाग पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, फिर ऐसी क्या वजह है कि बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा तथा चिंताजनक हो गई है। कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है देश के 34% कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता है। 21% बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता है। ऐसे कम लंबाई तथा कम वजन के बेचारे बच्चे देश का क्या भविष्य बना पाएंगे या देश में अपना योगदान क्या दे पाएंगे। इसीलिए भारत सरकार राज्य सरकारों को कम से कम बच्चों की तरफ तो ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता होगी। वैश्विक भूख सूचकांक( ग्लोबल हंगर इंडेक्स) के आंकड़ों के हिसाब से 2021 में भारत 116 देशों में 101 वें स्थान पर पहुंच गया है इस मामले में वह अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल से काफी पीछे है। इस मामले में भारत 2020 में ग्लोबल हंगर इंडेक्स के अनुसार 94 वें स्थान में था, और आज की स्थिति में 101 वे स्थान में पहुंच गया है। इसका सीधा सीधा मतलब है कि हर वर्ष कुपोषण से शिकार बच्चों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। कुपोषण के मामले में भारत की राजधानी दिल्ली भी पीछे नहीं है दिल्ली प्रदेश की स्थिति भी चिंताजनक है अधिकारी और मंत्री भले बड़े-बड़े दावे करने में पीछे नहीं हटते हैं पर बच्चों की स्थिति चिंताजनक है,दिल्ली में ही 2लाख बच्चे कुपोषित हैं, आंध्र प्रदेश में 2,70लाख बच्चे कुपोषित हैं, कर्नाटक में 2,5 लाख बच्चे उत्तर प्रदेश में 19लाख बच्चे,तमिलनाडु में 1,80लाख ,असम में 1,80लाख और तेलंगाना में 1,60 लाख बच्चे कुपोषण की स्थिति में जी रहे हैं।

# छह कृतिकाओं और कार्तिकेय की रोचक कहानी



**माता पार्वती को शाप**

शिव जी से विवाह से पूर्व माता पार्वती ने भगवान को प्राप्त करने हेतु घोर तप किया था, उसी तप की परिपूर्णता में माता का सहयोग करने आए कामदेव को महादेव ने अपने तीसरे नेत्र से भस्म कर दिया था, जिसके बाद कामदेव की पत्नी देवी रति ने पति वियोग में पार्वती मां को कभी भी गर्भधारण न कर पाने का शाप दिया था।

**भगवान शिव का बीज**

शिव पार्वती विवाह के बाद उनके पुत्र का अवतरण, धरती के रक्षण के लिए आवश्यक था, ऐसे में महादेव ने अपना बीज माता पार्वती को सौंपा, पर तेजस्वी होने और शाप के कारण पार्वती उसे धारण न कर पाई, जिसके बाद देवताओं ने माता से वह बीज लेकर गंगा को सौंप दिया।

सनातन धर्म के पुराणों के अनुसार, एक बार ताड़कासुर नामक भयंकर दैत्य ने चारो तरफ हाहाकार मचा दिया। देवताओं के यज्ञ भाग छीनने से लेकर इंद्रलोक के सिंहासन पर बैठने तक ताड़कासुर बहुत गति से आगे बढ़ रहा था। ऐसे में उसके बढ़ते अत्याचारों पर अंकुश लगाना अत्यंत आवश्यक था।

ताड़कासुर को ब्रह्मदेव के वरदान के कारण सिर्फ शिव और शक्ति का पुत्र ही मार सकता था, ऐसे में जहां देवताओं को शिव शक्ति के पुत्र की आस थी वहीं दूसरी तरफ दैत्यराज ताड़कासुर अपनी मृत्यु को जन्म ही नहीं लेने देना चाहता था। आज आप जानेंगे कि इस परिस्थिति में कैसे भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय का जन्म हुआ।

**गंगा से छह खंडों में टूटा बीज**

गंगा भी उस दिव्य बीज को धारण नही कर पाई, जिसके कारण गंगा की धाराओं में वह 6 भागों में टूट गया। उन टूटे हुए अंशों को गंगा ने वन को सौंप दिया, जिससे वन भी जलकर राख हो गया।

**क्रतिकाओं द्वारा लालन-पालन**

वन के राख होते ही वे बीज षड बालकों में बदल गए, जिनको रोते देख आकाश से 6 क्रतिकाएं आकाश से उतरी और दुग्धपान कराया। सप्तर्षि की पत्नियों के द्वारा पालन होने के कारण ही इनका नाम कार्तिकेय पड़ा। बाद में माता पार्वती ने 6 पुत्रो को एक साथ समन्वित कर दिया।

# कौन थीं राजकुमारी एकावली जिसके साथ लक्ष्मी पुत्र एकवीर का हुआ विवाह?



धार्मिक ग्रंथों में भगवान विष्णु व मां लक्ष्मी के पुत्र एकवीर का उल्लेख मिलता है। हरिवर्मा नामक राजा ने भगवान विष्णु के जैसे पुत्र की प्राप्ति के लिए घोर तपस्या की थी, जिससे प्रसन्न होकर भगवान विष्णु व मां लक्ष्मी ने अपने पुत्र एकवीर को उसे सौंप दिया था। बड़ा होने पर राजा हरिवर्मा ने एकवीर को अपना राज्य सौंप दिया था। एकवीर का विवाह राजकुमारी एकावली से हुआ था। आइए पंडित इंद्रमणि घनस्याल से जानते हैं कैसे मां जगदम्बा की कृपा से एकवीर और एकावली का विवाह हुआ था।

## यशोमति से मुलाकात

एक पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार राजा एकवीर जंगल में गए थे। उन्होंने देखा कि कमल के फूलों से भरे सरोवर के पास एक कन्या रो रही है। उन्होंने उस कन्या से रोने का कारण पूछा, तब उसने बताया कि वह राजा रैभ्य की पुत्री यशोमति है और वह दुखी है। उसने राजा को बताया कि उसकी बहन एकावली अत्यंत सुंदर है। एकावली को कमल के पुष्पों से बेहद प्रेम है। वह कमल पुष्प के मोह में जंगल में बहुत दूर चली जाती है। यह बात जब उसने अपने पिता को बताई तो उन्होंने अपनी पुत्री एकावली के लिए राजभवन में कमल से भरे हुए छोटे छोटे तालाब का निर्माण करा दिया।

## दैत्य ने कर लिया अपहरण

तालाब निर्मित होने के बाद भी एकावली कमल के लिए नगर से बाहर चली जाती थी। यशोमति ने बताया कि एक बार वह दोनों जंगल में दूर एक सरोवर में पुष्प देखने पहुंच गई। उस समय वहां एक दैत्य आया और एकावली को उठा ले गया। दैत्य एकावली की सुंदरता पर मोहित हो गया था और उसे विवाह करना चाहता था। दैत्य ने एकावली के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा, लेकिन उसने ठुकरा दिया। एकावली ने कहा कि वह राजा एकवीर को पहले ही अपना पति मान चुकी है और वह उनसे ही विवाह करेगी। इससे दैत्य क्रोधित हो गया और दोनों को कारागार में डाल दिया।

## एकवीर ने रचाया विवाह

यशोमति बताती है कि कारागार में उसे मां जगदम्बा सपने में आई थी और कहा कि वह इस सरोवर के पास आकर बैठ जाए जहां उसे एकवीर राजा मिलेंगे। यह बात सुनकर राजा एकवीर ने उसे कहा कि इस संसार में एकवीर नाम का राजा केवल एक ही है, और वह मैं हूं। इतना कहकर राजा राजकुमारी एकावली को दैत्य के चंगुल से छुड़ाने चले गए और फिर दोनों ने विवाह रचा लिया।

# 22 जनवरी तक मकर राशि में रहेगी शुक्र-शनि की युति

## कुंभ सहित चार राशियों को धन लाभ और सुख मिलने के योग



29 दिसंबर को शुक्र मकर राशि में आ जाएगा। जो 22 जनवरी तक इसी राशि में रहेगा। अब शुक्र अपनी मित्र राशि में रहेगा। इससे देश-दुनिया में बड़े बदलाव होंगे। शुक्र ग्रह का शुभ-अशुभ असर लव लाइफ, पैसा, ऐश्वर्य, आनंद, मकान, वाहन, ज्वैलरी, कॉस्मेटिक सामान आदि मामलों पर होता है। इसके अच्छे असर से ये सब सुख मिलता है।

**मेष, वृष, कुंभ और मीन राशि के लिए शुभ**

शुक्र की चाल में बदलाव होने से मेष, वृष, कुंभ और मीन राशि वाले लोगों के लिए अच्छा समय रहेगा। इन 4 राशियों के नौकरीपेशा और बिजनेस करने वाले लोगों को फायदा हो सकता है। कामकाज की तारीफ होगी और आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं। किस्मत का साथ मिलेगा। दुश्मनों पर जीत मिलेगी। लव लाइफ और दांपत्य जीवन में सुख मिलेगा।

**कन्या और मिथुन राशि के लिए मिला-जुला समय**

मकर राशि में शुक्र के आ जाने से कन्या और मिथुन राशि वाले लोगों के लिए मिला-जुला समय रहेगा। इन राशि वालों की सेहत में सुधार होगा लेकिन रोजमर्रा के कामों में रुकावटें आ सकती है। पैसा खर्चा हो सकता है। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। साझेदारी संबंधी मामलों में उलझने आ सकती है। बिजनेस के जरूरी फैसले सोच-समझकर लेने होंगे।

**तुला और मकर सहित 6 राशियों के लिए अशुभ**

शुक्र के राशि बदलने से कर्क, सिंह, तुला, वृश्चिक, धनु और मकर राशि वाले लोगों को संभलकर रहना होगा। इन राशियों के लोगों के फालतू खर्चे बढ़ सकते हैं। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। राज की बातें उजागर हो सकती है। मेहनत बढ़ेगी। अपोजिट जेंडर वालों से संबंध बिगड़ सकते हैं। विवाद और दौड़-भाग भी हो सकती है।

# नए साल में इस रंग से करें अपने दिन की शुरुआत

नए साल 2023 के पहले दिन यानी 1 जनवरी को अपनी राशि के हिसाब से खास रंग के कपड़े पहनने होंगे। ये रंग नए साल 2023 में आपकी जिंदगी में जमकर खुशियां बरसाते रहेंगे।






**मेष राशि**

मेष राशि वाले लोगों को नए साल 2023 के पहले दिन लाल रंग के कपड़े पहनना चाहिएं। इस रंग के कपड़े पहनना बेहद शुभ होता है। काले रंग के कपड़े पहनने से बचें।

वृष राशि

वृष या वृषभ राशि के लोगों को नए साल 2023 के पहले दिन सफेद, गुलाबी और क्रीम कलर के कपड़े पहनना शुभ रहेगा। इस राशि के लोगों को लाल रंग के कपड़े पहनने से बचना चाहिए।

**मिथुन राशि**

नए साल 2023 के पहले दिन मिथुन राशि वाले लोगों को अपने दिन की शुरुआत हरे रंग के कपड़े पहनकर करनी चाहिए। इनके लिए हरा रंग बेहद शुभ रहेगा। इससे आपके अंदर की क्रिएटिविटी और निखर जाएगी। आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

**कर्क राशि**

कर्क राशि वाले लोगों को नए साल के पहले दिन हरे रंग के कपड़े पहनना चाहिएं। इससे इस राशि वाले लोगों का सोया भाग्य जागेगा। आपको हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी। काले रंग के कपड़े पहनने से बचें।

**सिंह राशि**

सिंह राशि के लोगों के लिए लाल या फिर केसरिया रंग के कपड़े पहनना शुभ रहेगा। आप पीले रंग के कपड़े भी पहन सकते हैं। इससे मां लक्ष्मी की कृपा हमेशा आप पर बनी रहेगी।

**कन्या राशि**

नए साल 2023 के पहले दिन कन्या राशि वालों को हल्के नीले या फिर गुलाबी रंग के कपड़े पहनना चाहिए। ये रंग आपके व्यक्तित्व को निखारेंगे। लेकिन आपको लाल रंग के कपड़े पहनने से बचना चाहिए।

**तुला राशि**

नए साल 2023 में तुला राशि के लोगों के लिए नीले रंग के कपड़े पहनना बेहद शुभ रहेगा। इससे आपके उन्नति के सारे रास्ते खुल जाएंगे। लेकिन आपको इस दिन सफेद, काले या फिर लाल रंग के कपड़े पहनने से बचना चाहिए।

**वृश्चिक राशि**

नए साल 2023 के पहले दिन वृश्चिक राशि के लोगों को अपने दिन की शुरुआत मेहरून या फिर लाल रंग के कपड़े पहनकर करनी चाहिए। इससे आपके जीवन में हमेशा खुशियां बनी रहेंगी। आपके सारे रुके हुए काम पूरे होंगे।

**धनु राशि**

इस नए साल 2023 में धनु राशि वाले लोगों को पीले या फिर संतरे रंग के कपड़े पहनने चाहिएं। इससे आपको हमेशा सफलता मिलेगी और आपके जीवन की सारी मुश्किलें, परेशानियां दूर हो जाएंगी। आपको इस दिन सिंदूरी लाल रंग के कपड़े पहनने से बचना चाहिए।

**मकर राशि**

मकर राशि वालों को इस नए साल 2023 के पहले दिन नीले रंग के कपड़े पहनना चाहिएं। ऐसा करने से आपको सुख-शांति मिलेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। काले रंग के कपड़े पहनने से बचें।

**कुंभ राशि**

कुंभ राशि वालों को नए साल 2023 के पहले दिन बैंगनी और नीले रंग के कपड़े पहनना चाहिएं। इससे घर में हमेशा सुख-समृद्धि बनी रहेगी। इन राशि वालों को काले रंग के कपड़े पहनने से बचना चाहिए।

**मीन राशि**

मीन राशि के लोग नए साल 2023 के पहले दिन पीले रंग के कपड़े पहनें। ऐसा करने से आपको हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आपके सारे काम बिना किसी परेशानी के संपन्न होंगे। इस राशि के लोगों को काले रंग के कपड़े अवॉइड करना चाहिएं।

# हाथों की ये लकीरें बताती हैं कितने सौभाग्यशाली हैं आप




ज्योतिष शास्त्र के साथ ही समुद्र शास्त्र में माना गया है कि आपकी हथेलियों में बने निशान आपके बारे में सबकुछ कह देते हैं। आपके व्यक्तित्व, भूत, वर्तमान और भविष्य के साथ ही आपके स्वभाव और आर्थिक स्थिति भी आप इनसे जान सकते हैं। इस लेख में हम आपको बता रहे हैं हथेलियों के कुछ ऐसे ही निशानों के बारे में जो बताते हैं कि आपकी आर्थिक स्थिति कैसी रहने वाली है।

**त्रिभुज का निशान**- कई लोगों की हथेली पर त्रिभुज यानी कि तीन भुज वाले निशान बने होते हैं। यह निशान शुभ और अशुभ दोनों फल देता है। जिन व्यक्तियों की हथेली पर त्रिभुज का यह निशान बना होता है, उस व्यक्ति की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होती है। उन्हें हर समय आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**आयत का निशान**- कई लोगों की हथेली पर लकीरों के बीचोंबीच आयत का निशान बना हुआ होता है। ये निशान जिस भी व्यक्ति के हथेली पर होता है, ऐसे लोग बचत कम कर पाते हैं। इनकी जेब से पैसा ज्यादा खर्च होता है। काफी मेहनत करने के बाद ही ये लोग बचत कर पाते हैं।

**बहुत सारी लकीरें**- समुद्र शास्त्र के मुताबिक जिस व्यक्ति की हथेली के पिछले हिस्से में बहुत सारी लकीरें बनी होती हैं, उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहती है। ऐसे लोग धन कमाने में बेहद मेहनती होते हैं। वहीं ये लोग धन कमाने का कोई मौका नहीं छोड़ते।

**सूर्य पर्वत पर दो लकीरें**- जिन लोगों की हथेलियों में सूर्य पर्वत के पास दो छोटी-बड़ी लकीरें होती हैं, तो ऐसे लोगों के जीवन में अचानक धन वृद्धि होती है। ऐसे लोगों को सूर्य स्रोत का पाठ करना चाहिए।

## अनमोल वचन

**1) माना कठिनाई आने से आदमी अकेला हो जाता है।
लेकिन कठिनाई आने पर ही अकेला व्यक्ति मजबूत होना सीख जाता है।**

**2) बदल जाओ वक्त के साथ या वक्त बदलना सीखो
मजबूरियों को मत कोसो हर हाल में चलना सीखो।**

**3) बोलने से पहले सोचना जरूरी है
क्योंकि बोले गए शब्द केवल
माफ किये जा सकते है लेकिन
भुलाये नहीं जा सकते।**

## क्या बदलेगा दीपिका की बिकनी का रंग ! सेंसर बोर्ड की फिल्म, और गानों में बदलाव की सलाह

**'पठान' फिल्म** हाल ही में प्रमाणन के लिए सीबीएफसी एग्जामिनेशन कमेटी के पास पहुंची. फिल्म को बारीकी से देखा गया. यह फिल्म जनवरी 2023 में हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होनी है. शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म पठान पर हंगामा मचा हुआ है. खासतौर से इसके गाने बेशरम रंग को लेकर जिसमें दीपिका की बिकनी का कलर विवाद का केंद्र अब बन गया. अब खबर आ रही है कि सेंसर बोर्ड ने फिल्म के निर्माताओं को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा कुछ बदलावों को लागू करने की सलाह दी गई है.फिल्म हाल ही में प्रमाणन के लिए सीबीएफसी एग्जामिनेशन कमेटी के पास पहुंची थी. न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक सीबीएफसी के चेयरपर्सन प्रसून जोशी ने कहा, 'पठान सीबीएफसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार नियत जांच प्रक्रिया से गुजरी. समिति ने निर्माताओं को फिल्म में गानों सहित सुझाए गए बदलावों को लागू करने और सिनेमाघरों में रिलीज से पहले संशोधित संस्करण जमा करने के लिए निर्देशित किया है.'



## रश्मिका मंदाना ने कार का शीशा नीचे कर फैन को जमकर लगाई डांट

**साउथ में अपने** जलवा दिखाने के लिए रश्मिका मंदाना इन दिनों बॉलीवुड में भी जमकर छाई हुई हैं और साथ ही फैंस उकी एक झलक देखने के लिए बेताब रहते हैं. बॉलीवुड में भी चर्चा बटोर रहीं एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपने फैंस से काफी दोस्ताना रिश्ता रखती हैं. फैंस भी उन्हें बहुत प्यार देते हैं, लेकिन हाल ही में रश्मिका ने अपने कार का पीछा कर रहे दो फैंस को डांट लगाई है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

रश्मिका मंदाना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ फैंस उन्हें देखने के लिए उनकी कार का पीछा कर रहे हैं. दरअसल, 24 दिसंबर को रश्मिका चेन्नई के नेहरू इंडोर स्टेडियम में सुपरस्टार थलपति विजय की फिल्म वारिसु के ऑडियो लॉन्च पर गईं थीं. इवेंट के बाद जब रश्मिका अपने होटल की तरफ जा रहीं थी, तो उन्होंने नोटिस किया कि कुछ फैंस अपनी बाइक से उनका कर रहे हैं. इसी बीच सिग्नल बदलने का इंतजार करते हुए फैंस उनकी कार के पास आ गए. रश्मिका ने कार का ग्लास खोलते हुए उन्हें हेलमेट पहनने की सलाह दे डाली. इतने में फैन यह विश्वास दिलाता है कि वो हेलमेट पहन लेगा, लेकिन रश्मिका उसे तुरंत हेलमेट लगाते को कहती हैं.

वीडियो सामने आने के बाद रश्मिका के फैंस उनके इस जेश्चर की खूब तारीफ कर रहे हैं. एक यूजर ने कमेंट में लिखा- मुझे भाषा समझ नहीं आ रही है, लेकिन पता चला है कि रश्मिका हेलमेट पहनने के लिए कह रही हैं. आप कितनी ज्यादा केयरिंग हैं. दूसरे यूजर ने लिखा- 'रश्मिका आपका दिल कितना अच्छा है.' एक अन्य यूजर ने लिखा- मुझे ताजुब होता है कि भला रश्मिका को कैसे कोई हेट कर सकता है. सोशल मीडिया पर इस तरह के कमेंट्स की भरमार है।



## मशहूर फिल्म निर्माता नितिन मनमोहन का निधन, कुछ दिन पहले पड़ा था दिल का दौरा



**सिनेमा इंडस्ट्री से** बुरी खबर सामने आ रही है। बॉलीवुड के मशहूर निर्माता नितिन मनमोहन का आज यानी 29 दिसंबर को निधन हो गया है। आपको बता दें, पिछले दिनों नितिन मनमोहन को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत काफी गंभीर थी और उन्हें वेंटिलेटर पर भी रखा गया था।

पिछले दिनों सामने आई जानकारी के मुताबिक, निर्माता को 3 दिसंबर की शाम को हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद उन्हें तुरंत कोकिला धीरूभाई अंबानी अस्पताल में एडमिट कराया गया था। उनकी हालत काफी गंभीर बताई जा रही थी, जिसकी वजह से नितिन मनमोहन को वेंटिलेटर पर रखा गया था। दवाइयों का असर होने के बाद भी वह खतरे से बाहर नहीं थे।

नितिन मनमोहन ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्मों का निर्माण किया था। 'बोल राधा बोल', 'लाडला','दस' जैसी सुपरहिट फिल्मों के निर्माता मनमोहन ने सलमान खान की फिल्म 'रेडी' का भी निर्माण किया था। गौरतलब है, नितिन बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता मनमोहन के बेटे हैं। मनमोहन को 'ब्रह्मचारी', 'गुमनाम' और 'नया जमाना' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। पिता की तरह नितिन भी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हुए थे।

## क्या सर्कस के फ्लॉप होने से रणवीर का करियर मुश्किल में?

### ट्रेड एक्सपर्ट्स बोले- रणवीर ओवरएक्सपोस्ड हैं, करियर का बुरा दौर है लेकिन वापसी नामुमकिन नहीं

पिछले साल '83' के बाद से रणवीर सिंह की कुल तीन फिल्में लगातार फ्लॉप हुई हैं। खासकर 'सर्कस' बॉक्स ऑफिस पर बुरी चरह फ्लॉप हुई। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म रिलीज के पहले वीकेंड में महज 20 करोड़ की कमाई कर सकी है। वहीं 'अवतार 2' ने रिलीज के 10 दिनों में 25 करोड़ से ज्यादा कमाए हैं। रणवीर सिंह की लगातार फ्लॉप फिल्मों के चलते ट्रेड के जानकार दो ग्रुप में बंट गए हैं। एक का कहना है कि रणवीर के स्टार पावर में वो बात नहीं है। वहीं दूसरे ग्रुप का मानना है कि रणवीर सिंह बस बुरे दौर से गुजर रहे हैं। उनका बाउंस बैक मुमकिन है।

ट्रेड एनालिस्ट ने इस बारे में बात करते हुए कहा, 'बेशक रणवीर ने गुंडे, पद्मावत, बाजीराव मस्तानी जैसी हिट फिल्में की हैं। इन फिल्मों के फौरन बाद सिंबा और गली बॉय जैसी हिट फिल्में आईं। पर उसके बाद 83 फ्लॉप हो गई, जयेशभाई जोरदार डिजास्टर रही, सर्कस सुपर डिजास्टर हुई। ऐसे में उनकी स्टैंडिंग पर असर पड़ा है। हमारी इंडस्ट्री में एक्टर अपने लास्ट फाइड्रे से जाना जाता है। रणवीर के मामले में तीन शुक्रवार अच्छे नहीं रहे हैं। ऐसा होने की वजह तो ये है कि सर्कस अच्छी तरह से बनी नहीं थी। फिल्म 83 में लोगों को लगा कि वो शायद डॉक्युमेंट्री देख रहे हैं। जयेशभाई जोरदार तो टोटल रिजेक्ट हो गई थी। सर्कस के ट्रेलर ने ही फैंस को निराश कर दिया था। दर्शकों को शायद रणवीर की सिंबा वाली छवि चाहिए।'

'रणवीर की सिंबा से अगर अजय देवगन एंगल और कॉप यूनिवर्स हटा दें तो वो फिल्म भी स्ट्रगल करती। रणवीर सिंह से बड़े स्टार तो रणबीर कपूर हैं। उनकी फ्लॉप फिल्म शमशेरा ने भी कम से कम 11 करोड़ की ओपनिंग ली थी। यहां क्रिसमस और रोहित शेट्टी के बावजूद सर्कस महज साढ़े छह करोड़ की ओपनिंग ले पई है। हालांकि कोविड के बाद से ये जरूर हुआ है कि स्टार्स अब ओपनिंग की गारंटी नहीं रहे हैं। अब लोगों को फ्रेंचाइजी चाहिए, जैसे के तौर पर भूल भुलैया 2, दृश्यम 2, अवतार 2। हालांकि ब्रह्मास्त्र पहले से प्रोपोज्ड ट्रिलजी है।



रणवीर के मामले में उनकी ऑफ स्क्रीन इमेज भी प्रॉब्लम क्रिएट कर रही है। फैंस को अपने स्टार्स से एसपिरेशनल वैल्यू चाहिए। उनका स्टार ऐसा हो, जिनकी हेयर स्टाइल से लेकर ड्रेसिंग सेंस तक कॉपी हो सके। वो चीज रणवीर के मामले में कम हो रही है। साथ ही वो अलग जॉनर की फिल्में बड़े कम अंतर पर कर रहे हैं। इनके चलते दर्शक उन्हें कहां स्लॉट कर रहे, उस पर अनिश्चितता बनी हुई है।'

#### उतार चढ़ाव हर एक्टर के करियर में आता है

डिस्ट्रीब्युटर और ट्रेड एक्सपर्ट बताते हैं, 'उतार चढ़ाव हर एक्टर के करियर में आता है। चेन्नई एक्सप्रेस के ठीक बाद जब शाहरुख की हैरी मेट सेजल और जीरो आई तो वो नहीं चली। पर अब जब अगले साल उनकी पठान, जवान और डंकी आने को है तो देखिए फैंस उनका कितनी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ठीक ऐसे ही जब अजय देवगन की तान्हाजी हिट थी, लेकिन उनकी फिल्म रनवे 34 और थैंक गॉड नहीं चली, पर दृश्यम 2 चली। स्टार एक हद तक ही ओपनिंग दिला सकता है। उसके बाद फिल्म का अच्छा होना बहुत जरूरी है। अक्षय एक और उदाहरण देते हुए कहते हैं, 'सलमान की वॉन्टेड से पहले लगभग 11 से 12 फिल्में फ्लॉप रही थीं। शाहिद कपूर की विवाह, जब वी मेट के दौरान और आगे आई फिल्में फ्लॉप रही थीं, पर उन्होंने कबीर सिंह से कमबैक किया। यानी कई बार मामला सिर्फ कंटेंट या स्टार पावर का नहीं होता है। बात होती है कंटेंट और स्टार पावर की भागीदारी की। दोनों के सही तालमेल से बात बनती है।'

## उर्फी जावेद ने किया शीजान खान को सपोर्ट बोली 'धोखा दिया...लेकिन मौत का जिम्मेदार नहीं'





**'अली बाबाः** दास्तान-ए-काबुल' की मुख्य अभिनेत्री तुनिषा शर्मा के महज 20 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया और उनके जानें के बाद से ही लगातार उनके परिवार के साथ-साथ पूरी इंडस्ट्री गमगीन है. तुनिषा अब अपने परिवार और फैंस के बीच में नहीं है लेकिन उन्होंने जो सवाल अपने जानें के बाद छोड़ कर गई हैं वो अब हर किसी के लिए परेशानी का सबब बने हु एहैं और साथ ही एक्ट्रेस के परिवारवाले उनकी मौत का जिम्मेदार शीजान को ठहरा रहे हैं. शीजान पुलिस कस्टडी में है. तुनिशा सुसाइड केस में पहली बार शीजान खान को पहली बार किसी का सर्पोट मिला है और वो कोई और नहीं बल्कि उर्फी जावदे हैं. उर्फी जावेद ने तुनिषा केस में अपब अपनी राय देते हुए बेहद बोल्ड बयान दिया है और जिसे हर कोई आरोपी की नजर से देख रहा है उर्फी ने उनके हक के लिए बात की है. दरअसल शीजान खान के समर्थन में उर्फी ने सोशल मीडिया एक मैसेज शेयर किया है. इसमें उर्फी ने लिखा है कि 'तुनिशा के मामले में मुझे दो प्रतिशत लगा कि हां वह गलत हो सकता है, हो सकता है कि उसने उसके साथ धोखा किया हो, लेकिन हम उसे उसकी मौत के लिए दोषी नहीं ठहरा सकते.

उर्फी ने आगे लिखा 'आप बिल्कुल भी किसी को अपने साथ नहीं रख सकते, जो आपके साथ नहीं रहना चाहता हो. लड़कियों किसी के लिए भी अपना जीवन देने की जरूरत नहीं है, कोई भी इस लायक कभी नहीं हो सकता. कभी-कभी यह दुनिया के अंत की तरह लग सकता है लेकिन मुझ पर विश्वास करें कि यह नहीं है, उन लोगों के बारे में सोचें जो आपसे प्यार करते हैं या बस कोशिश करें अपने आप को थोड़ा और प्यार करो. अपने हीरो खुद बनो, कृपया थोड़ा समय दें. आत्महत्या के बाद भी दुख खत्म नहीं होता, जो पीछे रह जाते हैं वे और भी अधिक पीड़ित होते हैं.'

## अकेले-अकेले जंगल के नजारों का लुत्फ उठा रहीं कटरीना, फैंस ने पूछा- विक्की को कहां छोड़ दिया..

साल 2022 को विदा और नए साल का स्वागत करने के लिए साउथ से लेकर बॉलीवुड तक के कई सेलेब्स छुट्टियां मनाने निकले हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड के क्यूट कपल कटरीना कैफ और उनके पति विक्की कौशल भी शामिल हैं।कटरीना और विक्की कौशल न्यू ईयर की छुट्टियां राजस्थान में बिता रहे हैं। इस दौरान अभिनेत्री ने अपनी कई तस्वीरें फैंस के साथ साझा कीं।

कटरीना ने फैंस के साथ अपना फोटो शेयर किया, जिसमें वह बेहद ही खूबसूरत लगीं। उन्हें जंगल में तेंदुए से लेकर हिरण तक देखने को मिले, जिनकी तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर साझा कीं। कटरीना ने कैप्शन में लिखा, 'एकदम जादुई। मुझे लगता है यह मेरी पसंदीदा जगहों में से एक है।

#### फैंस ने विक्की को ढूंढा

कटरीना ने जंगल में आराम फरमाते हुए विक्की कौशल के साथ भी अपनी तस्वीरें साझा कीं। कटरीना कैफ पति विक्की कौशल के साथ जंगल के हसीन नजारों का लुत्फ ले रही हैं। दरअसल, कटरीना ने सबसे पहले अपनी एक सिंगल तस्वीर साझा की। अब इन तस्वीरों में फैंस विक्की कौशल को ढूंढते हुए नजर आ रहे हैं।

#### फैंस ने किए मजेदार कमेंट्स

कटरीना की इन तस्वीरों पर फैंस खूब प्यार बसरा रहे हैं। एक यूजर ने इन तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, 'विक्की को कहां छोड़ दिया।' वहीं एक यूजर ने लिखा, 'जहां भी जाओगे, टाइगर आपका पीछा नहीं छोड़ेगा।' एक ने लिखा, 'अरे विक्की जीजू कहां गायब हो गए, दिख ही नहीं रहे।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सलमान भाई को यहां होना चाहिए था।'



## राजकुमार संतोषी की बेटी तनीषा 'गांधी गोडसे एक युद्ध' में आएंगी नज़र

निर्देशक राजकुमार संतोषी की बेटी तनीषा संतोषी अपने पिता की आने वाली फिल्म 'गांधी गोडसे एक युद्ध' से हिंदी फिल्मों की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं.

निर्देशक राजकुमार संतोषी की बेटी तनीषा संतोषी अपने पिता की आने वाली फिल्म 'गांधी गोडसे एक युद्ध' से हिंदी फिल्मों की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं फिल्म से तनीषा संतोषी का पहला लुक बुधवार को जारी किया गया तनीषा संतोषी ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से खुद की एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह नारंगी और पीले रंग की भारतीय ड्रेस में नजर आ रही हैं.तनीषा संतोषी ने तस्वीर को पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, "मैं इस पल का वस्तव में लंबे वक्त से इंतजार कर रही थी फाइनली इस मुकाम पर पहुंच गई मैं एक दूरदर्शी फिल्म निर्माता द्वारा बनाई गई अपनी तरह की अनूठी फिल्म का एक छोटा सा हिस्सा बनने के लिए बेहद आभारी हूं अपने किरदार का पहला लुक साझा करते हुए बहुत भावुक हूं मुझे आप सभी के आशीर्वाद और प्यार की जरूरत है". फिल्म 'गांधी गोडसे एक युद्ध' का निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया है, जबकि फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान का है फिल्म की कहानी असगर वजाहत ने लिखी है 'गांधी गोडसे एक युद्ध' फिल्म 26 जनवरी 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है.



## बोल्ड सीन करते हुए एक-दूसरे में खोए हीरो-हीरोइन, डायरेक्टर को कान में जाकर कहना पडा कट



कई बार एक्टर और एक्ट्रेसेस अपने सीन्स में इतना खो जाते हैं कि उन्हें ये होश ही नहीं रहता कि डायरेक्टर ने कब कट कह दिया है और उन्हें कब तक एक्टिंग करनी है और कब रुकना है. हाल ही में कुछ ऐसा ही हुआ वेब सीरीज लव लाइफ एंड स्क्रू अप्स!!! के सेट्स पर जहां एक इंटिमेट सीन की शूटिंग चल रही थी. यह सीन एक्ट्रेस सोनाली राउत और युवराज पाराशर के बीच फिल्माया गया जा रहा था. शॉट से पहले सोनाली और युवराज दोनों ही सीन शूट करने में असहज थे क्योंकि दोनों को शॉट शावर में देना था और इस तरह का उनका पहला अनुभव है. दोनों ने डायरेक्टर कौस्तुभ शर्मा से रिक्वेस्ट की वो एक ही शॉट में पूरा सीन शूट करेंगे वो भी बिना रिहर्सल किए हुए. कपिल भी इस बात को मान गए और दोनों से कहा कि वो तब तक अपना एक्ट जारी रखें जब तक वो कट न बोलें. लेकिन जैसे कैमरा रोल हुआ और शावर शुरू हुआ. सोनाली और युवराज सीन में इतना खो गए कि उन्हें होश ही नहीं रहा कि वो दोनों शूटिंग कर रहे हैं. डायरेक्टर कपिल ने कैमरामैन को शूटिंग जारी रखने का आदेश दिया क्योंकि उन्हें सीन में वो सारे फुटेज मिल रहे थे जो उन्हें चाहिए थे.जब डायरेक्टर को लगा कि उन्हें काफी फुटेज मिल गया है तो उन्होंने कान में जाकर दोनों एक्टर्स को कट कह दिया. सोनाली और युवराज दोनों ही इस बात से झंप गए क्योंकि उन्हें सीन की शूटिंग में ये होश ही नहीं था कि वो क्या कर रहे हैं. यह सीरीज अगले साल तक ओटीटी पर रिलीज होगी जिसमें जीनत अमान भी काफी समय बाद एक्टिंग करती नज़र आएंगी. सोनाली की बात करें तो उन्होंने रियलटी शो बिग बॉस से प्रसिद्धि पाई थी.

## सेक्सी फिगर फ्लॉन्ट करने के लिए उतार दिया कोट लेकिन फिर भी ट्रोल हुईं

मौनी रॉय जो 'नागिन' के नाम से भी बहुत फेमस हैं, अपने लिए काफी अच्छा कर रही हैं. मौनी रॉय लास्ट फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आई थीं और उनके काम को काफी पसंद भी किया गया था. मौनी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर बेहद बोल्ड फोटोज पोस्ट की हैं जिनमें हसीना ने कोट उतारकर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया. जहां कई लोगों ने उनकी तारीफ की है, ऐसे भी कई लोग हैं जिन्होंने उन्हें जमकर ट्रोल किया है...

मौनी रॉय हैं बेहद हॉट : मौनी रॉय यहां तो अपने शादी केजोड़े में नजर आ रही हैं लेकिन इंस्टाग्राम खोलें तो आपको नजर आएगा कि एक्ट्रेस काफी बोल्ड हैं और अपने आउटफिट्स को लेकर काफी एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं. उनकी लेटेस्ट तस्वीरें आप आगे देखेंगे.. मौनी रॉय इस फोटो में अपने दुबई वेकेशन पर हैं. मौनी इस फोटो में अपने बोल्ड आउटफिट को एक ब्लैक कोट से कवर करने की कोशिश कर रही हैं. इस फोटो में एक्ट्रेस काफी हॉट लग रही हैं. अब इस फोटो में आप नोटिस करिए कि मौनी का कोट उतर चुका है. सर्दी के इस मौसम में मौनी की इन फोटोज को देखकर उनके फैंस के पसीने छूट गए हैं. मौनी एक टाइट बॉडीसूट और स्टाइलिश शॉर्ट्स में नजर आ रही हैं. मौनी की जहां लोग तारीफ कर रहे हैं, ऐसे भी कई सारे यूजर्स हैं जो उनको ट्रोल कर रहे हैं. लोगों ने कमेंट करके लिखा है कि मौनी बहुत ज्यादा पतली हो गई हैं और इस वजह से उतनी अच्छी नहीं लग रही हैं. मौनी की बेहद पतली टांगों के लिए उन्हें ट्रोल किया जा रहा है. मौनी रॉय को कम वेट के लिए तो ट्रोल किया ही जा रहा है, साथ में, उन्हें उनकी हाइट को लेकर भी काफी सुनाया जा रहा है. दरअसल जिन एंगल्स से मौनी ने ये फोटोज खिंचवाई हैं, उनमें वो बहुत लंबी लग रही हैं और इसका लोग बहुत मजाक भी उड़ा रहे हैं.





# फिल्म/टीवी

## जल्द बॉलीवुड डेब्यू करेंगी ऋद्धि डोगरा



लकड़बग्घा एक गंभीर हैंड टू हैंड कॉम्बैट एक्शन और थ्रिल है

'लकड़बग्घा' में एक सीबीआई अधिकारी की भूमिका निभाएंगी

निर्माताओं और रिधि डोगरा ने खुलासा किया कि वह 13 जनवरी को रिलीज़ होने वाली आगामी एक्शन थ्रिलर 'लकड़बग्घा' में कोलकाता में एक सीबीआई अधिकारी की भूमिका निभाएंगी। किरदार का नाम अक्षरा डिसूज़ा है और वह एक कानून से जुड़ी महिला है। वह फिल्म में अंशुमन झा के साथ क्राव मागा स्टाइल में कुछ स्टंट करती नज़र आएंगी। फिल्म में मिलिंद सोमन, परेश पाहुजा और खराज मुखर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। रिद्धि कहती है, लकड़बघा की दुनिया में अक्षरा एक सख्त पुलिस अधिकारी हैं।

उसकी कहानी अंशुमान द्वारा निभाए गए अर्जुन के समानांतर चल रही है। मैं उसे सफेद यानी अर्जुन (अंशुमन) और काले यानी आर्यन (परेश) के बीच की ग्रे कहती हूं। वह मज़बूत कार्य नैतिकता और अपने अतीत से जुड़ाव के लिए खड़ी है जो उसे फिल्म के आधार में चीजों को करने के लिए मजबूर करती है। लकड़बग्घा में कुछ गंभीर हैंड टू हैंड कॉम्बैट एक्शन और थ्रिल है। सिमोन फ्रांस्क्वेट का संगीत फिल्म के नायकों में से एक है। तो फ्रांसीसी डीओपी जीन-मार्क द्वारा सिनेमैटोग्राफी है। लकड़बग्घा का ट्रेलर 3 जनवरी को रिलीज़ होने वाला है और फिल्म 13 जनवरी को रिलीज़ होती है।

## 2022 में अपनी परफॉर्मेंस से संतुष्ट हैं मानुषी छिल्लर

### कहा- मेरे लिए कई नए अवसरों के दरवाजे खुले



मनमोहक अदाकारा मानुषी छिल्लर ने सम्राट पृथ्वीराज के साथ बड़े पर्दे पर भव्य शुरुआत की है और इसी के साथ अपनी आकर्षक स्क्रीन मौजूदगी के लिए उन्हें साल की सर्वश्रेष्ठ नवोदित कलाकार के रूप में प्रशंसा भी मिली है। मानुषी फिल्म फ्रेटरनिटी से नहीं हैं, लेकिन वाईआरएफ की तीन-फिल्मों के कॉन्ट्रैक्ट के लिए उन्होंने अपने आप को उतारा है और वह एक ऐसी कलाकार है, जिसे वाईआरएफ ने केवल उनकी योग्यता के आधार पर लिया है। इसलिए, इस पूर्व मिस वर्ल्ड के लिए, 2022 एक 'बहुत स्पेशल साल' था!

मानुषी ने बताया, "2022 मेरे लिए बहुत स्पेशल साल रहा है क्योंकि इस साल मेरी पहली फिल्म सम्राट पृथ्वीराज रिलीज हुई। कोई ऐसा व्यक्ति जो कभी भी फिल्म उद्योग के साथ नहीं जुड़ा हो और फिर खुद को और अपने परिवार को पहली बार बड़े पर्दे पर देखना एक असाधारण सा अनुभव है। मुझे लगता है कि यह साल का एक मुख्य आकर्षण था। मैंने अपनी एक और फिल्म की शूटिंग को खत्म कर लिया है।"

मानुषी ने तेहरान की शूटिंग के लिए साइन किया और इसको पूरा कर लिया जिसमें उन्होंने जॉन अब्राहम के साथ अभिनय किया हैं और विक्की कौशल के साथ एक फिल्म में भी है। यह भी अफवाह है कि उन्होंने अभी तक अघोषित बड़ी टेंटपोल फिल्म को भी साइन किया है जिसे 2023 में रिलीज किया जाएगा! ब्रांडों के राह पर, एस्टी लॉडर, पैंटीन, लीला होटल्स आदि जैसे विश्वीय और मार्की ब्रांडों ने पिछले साल मुख्य समझौतों के लिए उन्हें अपने साथ जोड़ा है।

मानुषी ने आगे बताया, "अब यह साल खत्म हो रहा है और जब मैं 2022 में पीछे मुड़कर देख रही हूँ,मैं जो कुछ भी करने में सक्षम थी, तो मै आभार व्यक्त करती हूं और इस बात से खुश और संतुष्ट महसूस कर रही हूं कि यह साल कैसा रहा। समग्रता में, यह एक अच्छा साल था और मैं संतुष्ट हूँ। मैं केवल आशा करती हूं कि 2023 इससे बड़ा और बेहतर हो। मैं केवल इस बात से उत्साहित हूं की आगे क्या आने वाला है।"

## टॉपलेस होकर बालकनी में खड़ी हो गईं ईशा गुप्ता

### फैंस देखते रह गए 'नजारा'



**बॉलीवुड की** सुपरहॉट एक्ट्रेस ईशा गुप्ता की एक-एक फोटोज का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं. हर एक फोटो में ईशा गुप्ता बोल्डनेस और हॉटनेस का ऐसा तड़का लगाती हैं कि फोटोज देख फैंस शर्म से लाल हो जाते हैं. इस बार भी ईशा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर भयंकर सर्दी में ऐसी फोटो शेयर कर दी है कि तस्वीर को देखकर फैंस को सर्दी में भी गर्मा का एहसास हो गया. खास बात है कि इस तस्वीर को ईशा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर खुद शेयर किया है. जिसके बाद से एक्ट्रेस का लुक तेजी से वायरल हो रहा है.

टॉपलेस हुईं ईशा गुप्ता

इन तस्वीरों में ईशा गुप्ता टॉपलेस लुक में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस की ये फोटो पहाड़ियों के बीच की है जहां पर ईशा गुप्ता अपने होटल की बालकनी में टॉपलेस होकर खड़ी नजर आईं.

फ्लॉन्ट किया कातिलाना लुक

इस फोटो में ईशा गुप्ता सिर्फ डेनिम जींस पहनी हुई हैं और ऊपर कुछ भी नहीं पहना है. फोटो में एक्ट्रेस बालकनी में टॉपलेस होकर अपने बालों को लहराती हुई नजर आईं। हालांकि एक्ट्रेस ने कैमरे की तरफ फेस करके अपनी एक भी फोटो नहीं क्लिक करवाई. ईशा ने अपने टॉपलेस लुक की कई फोटोज को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है जिसमें उनके किलर लुक्स को देख फैंस पसीने-पसीने हो गए।

इन तस्वीरों को ईशा गुप्ता ने अपने आधिकारिक इंस्टग्राम पर शेयर कर कैप्शन में लिखा- 'लव टुडे लव टुमारो.' ईशा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर जैसे ही अपने टॉपलेस लुक की फोटो शेयर की उनकी तस्वीरें देखते ही देखते वायरल हो गईं। वहीं देखने वाले एक्ट्रेस के हुस्न का दीदार करके बेकाबू हो गए. आपको बता दें, ईशा गुप्ता का सोशल मिडिया उनकी बोल्ड फोटोज से भरा पड़ा है. एक्ट्रेस आए दिन एक से बढ़कर एक बोल्ड लुक की फोटोज शेयर कर फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाती रहती हैं।

## शर्म ओ हया भूल बिस्तर पर ऐसे हाल में दिखी ये एक्ट्रेस

### प्रिया आहूजा तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो के डायरेक्टर मालव राजदा से प्यार कर शादी कर ली



**प्रिया आहूजा** काफी सालों से एक्टिंग में सक्रिय हैं और टीवी की बोल्ड एक्ट्रेस में गिनी जाती हैं. अब एक बार फिर हसीना का ऐसा ही अंदाज सोशल मीडिया पर छा गया है जिसे देखकर आपके भी होश उड़ जाएंगे. दिसंबर के महीने में आपके माथे से पसीना ना टपकने लगे तो कहना. यूं तो प्रिया काफी हॉट तस्वीरें पहले भी शेयर कर हंगामा मचा चुकी हैं लेकिन इस बार बेडरूम में नॉटी हुई एक्ट्रेस ने सिर्फ चादर में फोटोशूट करा लिया है. जिसे देखकर हर कोई हैरान है.

**चादर में दिखाए हुस्न के जलवे**

हसीना ने सारे कपड़े उतार सिर्फ चादर में तस्वीरें क्लिक करवाई और अब उनकी हॉट अदाओं पर हर कोई फिदा नजर आ रहा है. बेड पर बैठकर सेक्सी पोज दे रहीं प्रिया एख बच्चे की मां हैं लेकिन उनकी फिटनेस देख अच्छे अच्छा का दिमाग चकरा जाता है. प्रिया ने ये फोटोशूट भी इसी नजरिए से करवाया एक मैगजीन कवर के लिए कराए गए इस फोटोशूट का मैगजीन में कैप्शन दिया गया- हॉटेस्ट मम्मा इन द टाउन।वैसे ये पहला मौका नहीं है जब प्रिया का ऐसा अंदाज देखने को मिला हो बल्कि वो पहले भी हुस्न के जलवे दिखा चुकी हैं. बिकिनी में कहर ढाने से नहीं चूकने वालीं प्रिया पति मालव राजदा के साथ भी पूल में चिल करती भी नजर आती हैं.

**तारक मेहता शो के डायरेक्टर से की है शादी**

प्रिया आहूजा काफी समय से तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो से जुड़ी हैं. इसी दौरान उन्हें शो के डायरेक्टर मालव राजदा से प्यार हुआ और दोनों ने शादी कर ली. दोनों अब एक बेटे के माता-पिता भी हैं. 30 साल की इस ब्यूटी ने कम उम्र में ही काफी हासिल कर लिया है लेकिन शो को इतर वो अपनी हॉटनेस को लेकर भी सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं.

## टीवी की इस संस्कारी बहू ने कोट के अंदर बिना कुछ पहने दिया हॉट पोज



टीवी सीरियल्स में संस्कारी बहू का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस रश्मि देसाई को किसी की पहचान की जरूरत नहीं है. रश्मि कई सारे सीरियल्स में बहू का रोल निभाकर ऐसी हिट हुईं कि लोगों के मन में उनकी छवि संस्कारी एक्ट्रेस की बनी हुई है. लेकिन हाल ही में रश्मि देसाई ने अपनी इसी संस्कारी इमेज को तोड़ते हुए अंदर बिना कुछ पहने ऐसा फोटोशूट करवा लिया कि तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर ढा रही हैं. इन तस्वीरों में रश्मि देसाई ऐसे लुक में नजर आईं कि उन्हें देखकर सर्दी में भी लोगों के पसीने छूट जाएंगे. देखिए रश्मि देसाई की लेटेस्ट फोटोज.

रश्मि देसाई ने ये फोटोशूट ब्लैक एंड व्हाइट शूट करवाया है. इस फोटोशूट में रश्मि अंधेरे में कुर्सी पर बैठी हुई हैं और कातिलाना लुक्स से लोगों को मदहोश करने की कोशिश कर रही हैं. एक्ट्रेस ने इस लेटेस्ट फोटोशूट में ब्लैक कलर का कोट और उसके साथ ब्लैक कलर का ट्राउजर पहना हुआ है. इसके साथ ही बालों को ओपन और गले में पतली सी चेन पहने नजर आईं. एक्ट्रेस का फोटोशूट इसलिए भी लोगों का ध्यान खींच रहा है क्योंकि रश्मि देसाई ने बिना अंदर कुछ पहने ही कोट के बटन खोल दिए. जिसकी वजह से सब कुछ कैमरे में कैद हो गया. इतना ही नहीं एक्ट्रेस कैमरे के सामने इतना ज्यादा झुककर पोज देने लगीं कि फोटोज ने सोशल मीडिया पर आग लगा दीं. इन तस्वीरों में रश्मि देसाई का कातिलाना लुक देखकर फैंस आउट ऑफ कंट्रोल हो गए.

इन तस्वीरों को रश्मि देसाई ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया. तस्वीरों को शेयर कर रश्मि ने कैप्शन में लिखा- 'इन लव.' इसके साथ ही दिल वाला आइकन शेयर किया. रश्मि देसाई की इन फोटोज को देखकर उनके फैंस शॉक्ड है. लेकिन ऐसा पहली बार नहीं है कि एक्ट्रेस ने इस तरह की फोटोज शेयर की हो. लगातार रश्मि बोल्ड कपड़ों में स्पॉट हो रही हैं.



# दोगुनी होगी भारत की ऑटो इंडस्ट्री

## केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा- साल 2024 तक इंडस्ट्री को 15 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचाने का लक्ष्य

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। यूनियन रोड ट्रांसपोर्ट और हाइवे मिनिस्टर नितिन गडकरी ने कहा है कि साल 2024 के अंत तक भारतीय ऑटो इंडस्ट्री का साइज दोगुना कर 15 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचाने का हमारा लक्ष्य है। इससे भारत इस सेक्टर में दुनिया के टॉप देशों में शामिल हो जाएगा। मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के ऑनलाइन सेशन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, ₹मंत्रालय अगले साल पांच लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स पर काम करेगा। इसमें दो लाख करोड़ रुपए सरकार से और बाकी पूंजी कैपिटल मार्केट से जुटाई जाएगी।



दुनिया के टॉप देशों में शामिल होगा भारत

**2030 तक ज्यादातर व्हीकल अल्टरनेटिव फ्यूल पर चलेंगे**

उन्होंने कहा, फिलहाल ऑटो इंडस्ट्री 7.5 लाख करोड़ रुपए की है। इसे हम 15 लाख करोड़ रुपए तक ले जाना चाहते हैं। इससे देश में रोजगार के बड़े अवसर बढ़ेंगे।₹ गडकरी ने यह भी कहा कि 2030 तक ज्यादातर व्हीकल्स अल्टरनेटिव फ्यूल पर चलेंगे। हम बायो-एथेनॉल, बायो-सीएनजी, बायो-एलएनजी और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक, स्वच्छ और ग्रीन फ्यूल डेवलप करने पर भी काम कर रहे हैं। ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य का फ्यूल होगा।

**एनवीआईटी कर सकते हैं डायरेक्ट इनवेस्मेंट**

गडकरी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट की लिस्टिंग की सक्सेस के बारे में बात की, जिसमें इन्वेस्टर्स ने बड़ी दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने कहा, एनवीआईटी म्यूचुअल फंड की तरह ही एक कलेक्टिव इन्वेस्मेंट स्कीम है। इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में इंडीविजुअल और इंडस्ट्रियल इनवेस्टर्स सीधे निवेश कर सकते हैं। ये स्कीम इनकम के छोटे से हिस्से से डायरेक्ट इनवेस्मेंट को रिटर्न हासिल करने के लिए को सक्षम बनाता है।

**हमें फंडिंग की कोई समस्या नहीं है**

अपने मंत्रालय के इन्वेस्मेंट करने के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, छोटे निवेशकों को 8% रिटर्न मिल रहा है, जो बैंकों से बेहतर है। हमें फंडिंग की कोई समस्या नहीं है। अगले साल हम 5 लाख करोड़ रुपए का काम करेंगे।

**कंस्ट्रक्शन में रिसाइकल हो सकने वाले मटेरियल को बढ़ावा देंगे**

गडकरी ने कहा कि कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में हम मैकिंग कोस्ट कम करते हुए क्वालिटी बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं। इसके लिए प्लास्टिक और रबर जैसे अन्य रिसाइकल हो सकने वाला मटेरियल ज्यादा से ज्यादा उपयोग करेंगे। ये प्रोडक्ट सीमेंट और स्टील के उपयोग को कम करने के साथ लागत को भी कम करेंगे।

# सेंसेक्स 223 अंक बढ़कर 61,133 पर बंद, निफ्टी 68 अंक चढ़ा; मेटल शेयर्स सबसे ज्यादा चढ़े

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। शेयर बाजार में हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन, यानी गुरुवार (29 दिसंबर) को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 223 अंक बढ़कर 61,133 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 68 अंक की बढ़त के साथ 18,191 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 में से 29 शेयरों में तेजी रही। वहीं 11 शेयरों में गिरावट देखने को मिली।

**भारती एयरटेल-स्टेट बैंक ऑफ इंडिया टॉप गेनर**

भारती एयरटेल, आयशर मोटर्स, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लाइफ, अडाणी पोर्ट्स और हिंडाल्को समेत निफ्टी के 33 शेयरों में तेजी देखने को मिली। टाटा मोटर्स, अपोलो हॉस्पिटल, टाइटन, डिविस लैब, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोल इंडिया और टाटा कंज्यूमर समेत



निफ्टी के 17 शेयरों में गिरावट रही।

**मेटल सेक्टर में 1.08% की तेजी**

एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 9 में तेजी देखने को मिली। मेटल सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.08% की तेजी रही। प्रावेट बैंक सेक्टर में 1.03% की बढ़त दिखी। बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, आईटी, फार्मा, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर में भी तेजी रही। सिर्फ एफएमसीजी और मीडिया सेक्टर में गिरावट देखने को मिली।

सोने की बात करें तो सर्राफा बाजार में इसकी कीमतों में आज तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, 24 कैरेट सोना आज 80 रुपए महंगा होकर 54,651 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं चांदी की बात करें तो ये 8 रुपए सस्ती होकर 67,840 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। आज रुपया डॉलर के मुकाबले फ्लैट बंद हुआ है।

**बुधवार को गिरावट में बंद हुआ था बाजार**

इससे पहले शेयर बाजार हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन, यानी बुधवार (28 दिसंबर) को फ्लैट बंद हुआ था। सेंसेक्स 17 अंकों की गिरावट के साथ 60,910 के स्तर पर और निफ्टी 9 अंक टूट कर 18,122 पर बंद हुआ था।

# भारतीय मूल के टेकी की स्टार्टअप को खरीदेंगे मस्क ! ट्विटर पर मिला सुझाव तो दिया ये जवाब

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। टेस्ला के सीईओ और लंबे समय तक दुनिया के सबसे अमीर शख्स रहे एलन मस्क ने 44 बिलियन डॉलर में ट्विटर के अधिग्रहण के बाद अब इस स्टार्टअप को खरीदने का विकल्प खुला रखने की बात कही है। मस्क ने खुद ट्विटर पर इस बारे में बताया है।अरबपति एलोन मस्क ने कहा कि वह सबस्टैक को खरीदने पर विचार कर सकते हैं।

यह एक मंच है जो स्वतंत्र लेखकों को मुख्यधारा की मीडिया के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए सीधे सदस्यता के माध्यम से भुगतान की सुविधा देता है।

सबस्टैक की स्थापना 2017 में भारतीय मूल के तकनीकी विशेषज्ञ जयराज सेठी, किक मैसेंजर सह-संस्थापक क्रिस बेस्ट और पूर्व तकनीकी रिपोर्टर हामिश मैकेंजी ने मिलकर की थी।

सबस्टैक खरीदने और ट्विटर से जोड़ने का सुझाव देने वाले एक उपयोगकर्ता को जवाब देते हुए टेस्ला और स्पेसएक्स के सह-संस्थापक ने जवाब दिया कि वह इस विचार के लिए खुले हैं।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | धनु | में | धनु--- 05-50 | बजे |
| चंद्र- | मीन | में | मकर- 07-50 | बजे |
| मंगल | वृष | में | कुंभ - 09-51 | बजे |
| बुध- | मकर | में | मीन... 11-15 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | मेष-- 12-54 | बजे |
| शुक्र- | धनु | में | वृष-- 14-40 | बजे |
| शनि- | मकर | में | मिथुन..16-41 | बजे |
| राहु- | मेष | में | कर्क... 18-52 | बजे |
| केतु- | तुला | में | सिंह... 21-05 | बजे |
| | | | कन्या..22-15 | बजे |
| | | | तुला 01-21 | बजे |
| | | | वृश्चिक 03-32 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-उत्तरायणे
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-शिशिरदिशाशूल- पश्चिम-दही खाकर घर से निकले
तिथि- अष्टमी **- 18 -34** तक उपरान्त नवमी
मास - पौष शुक्ल पक्ष , शुक्रवार **Dec 30**
नक्षत्र - उत्तराभाद्रपद **- 11 -24** तक उपरान्त रेवती
योग - वरियान **- 09 - 44 -** तक उप परिघ
करण- विष्टि **- 06 - 50 -** तक उप- बव
विशेष:- सर्वार्थ सिद्ध योग-**11-23** से
व्रत -त्योहार - पंचक

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल**
**10:56 से**
**12:19 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:49 - 08:10 | शुभ | रोग. | 17:47 - 19:28 | अशुभ |
| लाभ | 08:10 - 09:33 | शुभ | काल. | 19:28 - 21:05 | अशुभ |
| अमृत | 09:33 - 10:56 | शुभ | लाभ. | 21:05 - 22:42 | शुभ |
| काल | 10:56 - 12:19 | अशुभ | उत्पात | 22:42 - 00:19 | अशुभ |
| शुभ | 12:19 - 13:42 | शुभ | शुभ | 00:19 - 01:56 | शुभ |
| रोग | 13:42 - 15:05 | अशुभ | अमृत | 01:56 - 03:33 | शुभ |
| उत्पात | 15:05 - 16:28 | अशुभ | चंचल | 03:33 - 05:10 | शुभ |
| चंचल | 16:28 - 17:47 | शुभ | रोग | 05:10 - 06:49 | अशुभ |

# मुकेश अंबानी बोले- 2047 तक भारत होगा 40 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। देश के सबसे प्रतिष्ठित कारोबारी समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रमुख मुकेश अंबानी ने भरोसा जताया है कि भारत की आजादी की 100वीं सालगिरह पर देश 40 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन सकता है। रिलायंस फैमिली डे के मौके पर रिलायंस परिवार को अपने वर्चुअल संबोधन में मुकेश अंबानी ने कहा कि 5000 साल पुरानी सभ्यता वाले भारत के लिए आने वाले 25 वर्ष बड़े बदलाव लेकर आने वाले हैं। मुकेश अंबानी ने फैमिली डे के मौके पर कहा कि 45 साल पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज के संस्थापक धीरू भाई अंबानी ने इस वट वृक्ष का बीज रोपा था। यह कंपनी 'बरगद के पेड़' की तरह बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा, रिलायंस इंडस्ट्रीज के इस वट वृक्ष की शाखाएं और भी व्यापक रूप से फैलेंगी और जड़ें और गहरी होंगी। अंबानी ने अपने बेटे आकाश अंबानी और बेटी ईशा अंबानी के नेतृत्व की भी सराहना की, जो क्रमशः रिलायंस जियो और रिलायंस रिटेल का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने इस मौके पर 5 प्रमुख सेक्टर्स का भी जिक्र किया, जिस पर आने वाले 25 वर्षों में कंपनी का फोकस होगा।

## इन 5 सेक्टर्स पर कंपनी का फोकस

**1. 5जी टेलिकॉम**

मुकेश अंबानी ने कहा कि आकाश अंबानी की लीडरशिप में रिलायंस का 5जी बहुत ही कम समय में पूरे देश में फैल रहा है। उन्होंने कहा कि 2023 के अंत तक पूरे देश में जियो 5जी का नेटवर्क होगा। यह रफ्तार दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है। 5जी के साथ अब हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि कोई भी भारतीय उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा और उच्च उत्पादकता वाली आर्थिक गतिविधियों तक पहुंच से वंचित नहीं रहेगा।

**2. रिटेल सेक्टर**

अंबानी ने जिस दूसरे सेक्टर का जिक्र किया वह है रिटेल सेक्टर, जिसका नेतृत्व ईशा अंबानी कर रही हैं। मुकेश अंबानी ने दावा किया कि ईशा के नेतृत्व में, आरआईएल का



रिटेल कारोबार ₹तेजी से बढ़ा है₹। रिलायंस रिटेल ने पिछले साल दो लाख से अधिक नए रोजगार सृजित किए हैं, इसी के साथ यह भारत के प्रमुख नियोक्ताओं में से एक बन गया है। रिलायंस रिटेल की मदद से हमारे नौजवानों के पास अधिक रोजगार होंगे। हमारे किसानों की आय अधिक होगी। हमारे एसएमई और बड़े निर्माता अधिक उत्पादक बनेंगे। और हमारे व्यापारी-भागीदार और समृद्ध होंगे।

**3. आइल टु बिजनेस कारोबार**

आइल टु बिजनेस रिलायंस का मूल कारोबार है। मुकेश अंबानी ने कहा कि हम नई क्षमताओं के साथ O2सी व्यवसाय में अपनी लीडरशिप पोजिशन को आगे भी बनाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि ई एंड पी सेगमेंट में, हमारी टीम भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि रिलायंस मीडिया और मनोरंजन व्यवसाय और डिजिटल सेवाओं के साथ इसके एकीकरण को लेकर उत्साहित है। जो उद्योग को पूरी तरह से बदल देगा।

**4. न्यू एनर्जी**

मुकेश अंबानी ने कहा कि न्यू एनर्जी, रिलायंस का सबसे नया स्टार्ट-अप व्यवसाय है, जिसमें न केवल कंपनी या देश, बल्कि पूरी दुनिया को बदलने की क्षमता है।

यह दर्शाता है कि हम दुनिया की परवाह करते हैं, और हम विश्व के सभी लोगों का ध्यान रखते हैं। अनंत अंबानी के इस आगामी नेक्स्ट-जेन बिजनेस से जुड़ने के साथ, हम जामनगर में अपनी गीगा फैक्ट्रियों को तैयार करने की दिशा में तेजी से प्रगति कर रहे हैं। भारत का सबसे बड़ा और सबसे मूल्यवान कॉर्पोरेट होने से, रिलायंस अब भारत का 'ग्रीनस्ट' कॉर्पोरेट बनने की राह पर है।

## आपका राशिफल

**मेष** (धू धे धो ला ली लू ले लो आ)
आपसे कितना भी तेज गति से करने की उम्मीद क्यों की जोए आप आरामं से सब काम पूरे काम कर पार्येगे हालाँकि यह आपको भी मानना होगा कि अगर आपका मूड अच्छा रहे तो आप सनस्याओं को और भी अच्छे तरीकं से नुलझ पायेंगे इससे आपको नए जोश की अनुभूति भी हेगी।

**वृष** (ई उ ए जो वा वी वू वे वो)
आज साहस दिखाने के लिए बहुत अच्छा दिन है । आज आपका भाग्य आपके साथ है। आज आप जो भी करोगे, सब कुछ अच्छा ही होगा। अगर कहीं निवेश करना चाहते हैं तो यह बहुत अच्छा समय है। सच्चा प्यार मिलने की उम्मीद बन रही है हालाँकि अपने स्वास्थ्य के बारे में सतर्क रहें, खांसी और ठण्ड से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** (का की कू घ ड झ के को हा)
आप अपने विस्तृत होते हुए परिवेश के बारे में बहुत अच्छा अनुभव करेंगे लेकिन आपके परिजन इसी को लेकर निराश होंगे। जो आप करना चाहते हैं, उसके लिए स्वयम को समर्पित कर दें। पर्दे के पीछे काम न करें, आप जो भी कर रहे हैं, उसके बारे में जानने दें। अपनी जीवन में आये किसी नए दोस्त से आपको काफी लगाव का अनुभव होगा।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
एकरसता आपको अच्छी न लगती । इससे आप बोर अनुभव करते हैं ।आज आप काफी खुश फ्लर्ट वाले मूड में होंगे । अपनी दिनचर्या बदलें । इसमें फिटनेस को जगह दें। किसी मनोरंजक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं। आपके नए विचार से वरिष्ठ अधिकारी प्रभावित होंगे । ऑफिस में नयी पहचान बनेगी।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
काफी समय से जिन्दगी एक ही ढर्रे पर चल रही है, कुछ मजेदार भी नहीं हो रहा । अपनी नीरस जिंदगी में कुछ साहसिक गतिविधि शमिल करें। अपने पसंदीदा पर्यटा स्थल पर जा सकते हैं या कहीं भी बाहर घूम आयें । महत्वपूर्ण कामों को पूरा करने के लिए कुछ समय तक खुद को कुछ सामाजिक और निजी गतिविधियों से दूर कर लें।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ट पे पो)
आज दुविधा और उलझन की स्थिति बनी रहेगी । लेकिन यह बस उपरी आवरण है, जैसे ही स्थिति साफ होगी, आप वास्तविकता को देख पाएंगे । शुरुआत में सब कुछ उलझा हुआ सा लगेगा, लेकिन समय के साथ साथ सब ठीक होगा, अपना लें और चलते रहें। आपको सफलता मिलेगी।

**तुला** (र री रु रे से ता तू ते)
आपके आस पास कोई आपको व्यर्थ के पावर गेम में उलझाने की कोशिश करेगा । इससे बचने का रास्ता यही है कि आप खुद पर नियंत्रण रखकर ठंडे दिमाग से काम लें और किसी और की चालों का शिकार न बनें । इससे आप व्यर्थ की परेशनियों से भी बच जायेंगे । अगर आप सावधान रहेंगे तो बहुत अच्छा है।

**वृश्चिक** (तो मा मी मू मे मो य यी यू)
आज ग्रहों की दशा आपको शांत तरीके से अपने बारे में सोचने का मौका देगी । आपने पिछले समय में कई मौकों पर काफी कठोर ढंग से अपनी प्रतिक्रिया दी है लेकिन अब आप मानसिक रूप से काफी शांत स्थिति में हैं। सुलह करने और सम्बन्ध सुधरने के लिए बहुत अच्छा समय है। खुशी पाने का सबसे अच्छा तरीका यह है।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
आपकी कोई ऐसी निजी घटना है जो आपको रोके हुए है और आपकी तरक्की की राह में बाधा बन रही है। अगर आप खुद को गंभीर मुसीबतों से बचाना चाहते हैं तो इन मुद्दों को सुलझा लें अपने रिश्तों की महत्ता समझने की कोशिश करें, अपने प्रयासों को रिश्तों की अहमियत देखकर ही निर्धारित करें।

**मकर** (भे जे जी खी खू खो मा मी)
आज आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा। पहचान और इज्जत भी मिलेगी । वित्तीय स्थिति बेहतर होगी, ऑफिस में तारीफ मिलेगी । वेतन में बढ़ोतरी भी संभव है। सेल्स क्षेत्र वाले लोग भी लक्ष्य हासिल क्र पायेंगे। आज अपने परिधान में नीला रंग शामिल करें। इससे सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
आपके सभी प्रयासों को एक के बाद एक सफलता मिलने के कारण आप को ऐसा लगेगा की आप अजेय हैं। आपको अपने भाग्य के इस लाभ का पूरा फायदा उठाना चाहिए। यह उन सभी परियोजनाओं से निपटने के लिए सबसे अच्छा समय है जिससे आपको निराशा हाथ लग रही थी।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो च ची)
आप आज कल्पनात्मक रहेंग। कार्यस्थल की ओर से किसी अन्य स्थान की यात्रा का मौका मिह सकता है। आपकी रोमांटिक प्रवृति उजागर होगी। अपने आपको थोडी ढील देने का दिन लै, लेकिन काम में व्यवहारिकता भी दिखानी होगी। साथियों के साथ अच्छे मूड में रहेंग।अपनी मेल देख लें, कोई महत्वपूर्ण मेल आपकी प्रतीक्षा कर रही है।

पं. महेशचन्द्र शर्मा 9247132654, 8309517693

# ऑस्ट्रेलिया के साथ आज से लागू हुआ एफटीए

## भारत के लिए अवसर उपलब्ध कराएगा

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) आज यानि 29 दिसंबर से लागू हो गया है। इस समझौते के लागू होते ही 23 अरब डॉलर का व्यापार पहले दिन से ही शुल्क मुक्त हो जाएगा। सरकार के मुताबिक इस समझौते से 6000 से ज्यादा प्रोडक्ट बिना किसी शुल्क के एक दूसरे देशों में बेचे जा सकेंगे।आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार अगले पांच साल में वस्तुओं और सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार 70 अरब डॉलर के पार पहुंचाने में मदद करेगा। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने बयान में कहा, ''भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वित्त वर्ष 2021-22 में 25 अरब डॉलर के वस्तुओं के व्यापार का 93 प्रतिशत है। यह कठिन समय में अधिक व्यापार के अवसर उपलब्ध करायेगा।''




जीटीआरआई का अनुमान है कि यह द्विपक्षीय व्यापार भरोसेमंद व्यापार संबंधों और ऑस्ट्रेलिया के धीरे-धीरे चीन से दूर होने से अगले पांच साल में 70 अरब डॉलर को पार कर जाएगा।''इस मुक्त व्यापार समझौते का फायदा सिर्फ वस्तुओं के व्यापार को ही नहीं बल्कि भारत के सर्विस सेक्टर को भी मिलेगा। भारतीय योग शिक्षक और रसोइयों को वार्षिक वीजा कोटा का लाभ मिलेगा। ईसीटीए के तहत अध्ययन के बाद कार्य वीजा (1.5-4 वर्ष) से 1 लाख से अधिक भारतीय छात्र लाभान्वित होंगे। इस समझौते से निवेश के अवसरों में वृद्धि, निर्यात को बढ़ावा मिलने, महत्वपूर्ण अतिरिक्त रोजगार सृजन करने और दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध स्थापित होने की भी संभावना है।उल्लेखनीय है कि बीते एक दशक में ऐसा पहली बार है जब भारत ने किसी विकसित देश के साथ आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता किया है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के इतिहास में यह पहली बार है कि उसने किसी देश के लिए 100 प्रतिशत टैरिफ लाइन खोलने का फैसला लिया है।

# सकल एनपीए अनुपात साल के निचले स्तर 5% पर पहुंचा

## आरबीआई की रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को कहा कि बैंकों का सकल एनपीए अनुपात घटकर साल के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर आ गया है। केंद्रीय बैंक के अनुसार इससे बैंकिंग प्रणाली मजबूत तथा अच्छी तरह से पूंजीकृत बनी हुई है। वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) के 26वें अंक में रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था चुनौतियों का सामना कर रही है और मंदी का खतरा मंडरा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक के बाद एक आई कई चुनौतियों के कारण आर्थिक महौल बिगड़ा है और वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव बढ़ गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रही है। फिर भी, मजबूत मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल्स और स्वस्थ वित्तीय और गैर-वित्तीय क्षेत्र के बैलेंस शीट अर्थव्यवस्था को ताकत और लचीलापन प्रदान कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार इससे वित्तीय प्रणाली की स्थिरता बढ़ रही है। रिपोर्ट की




प्रस्तावना में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत मैक्रोइकोनॉमिक फंडामेंटल के बावजूद वैश्विक जोखिमों की क्षमता को समझता है। उन्होंने कहा, 'रिजर्व बैंक और अन्य वित्तीय नियामक भारतीय अर्थव्यवस्था के सर्वोत्तम हित में उचित हस्तक्षेप के माध्यम से हमारी वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और सुदृढ़ता सुनिश्चित करने के लिए सतर्क और तैयार हैं।

मुद्रास्फीति के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि कीमतें ऊंची हैं, लेकिन मौद्रिक नीति की कार्रवाई और आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप से दबाव कम हो रहा है।

# पीएलआई योजना: विदेशी इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों के लिए पीएलआई की तैयारी

## ताइवान-कोरियन कंपनियों को भारत लाने पर जोर

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। स्मार्टफोन, सर्वर और कंप्यूटर जैसे महंगे उत्पाद बनाने वाली विदेशी इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों को आकर्षित करने के लिए सरकार 10,000-12,000 करोड़ रुपये की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ला सकती है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार का यह कदम देश में उत्पादन बढ़ाने के लिए एपल जैसे वैश्विक दिग्गजों को आकर्षित कर सकता है। इसके साथ ही भारत में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए एक पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए भी योजना बन रही है। इस कदम से ताइवान, कोरिया और जापान की कंपनियों को भारत में आने या यहां नई इकाइयां स्थापित करने में मदद मिलेगी। योजना के तहत कंपनियों को देश में उत्पादन सुविधाओं की स्थापना के लिए आर्थिक मदद की जा सकती है। साथ ही उनके कलपुर्जों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन दिया जा सकता है। योजना की रूपरेखा को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। हालांकि, अगले वित्त वर्ष यानी एक अप्रैल के बाद इसकी पूरी नीति को जारी किया जा सकता है। यह मामला ऐसे समय में चर्चा में आया है, जब इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और सेमीकंडक्टर के निर्माण को बढ़ावा (एसपीईसीएस) देने के लिए 3,285 करोड़ रुपये की योजना मार्च 2023 में समाप्त होने वाली है। इसे अप्रैल 2020 में तीन साल के लिए स्मार्टफोन के लिए पीएलआई योजना के साथ लॉन्च किया गया था। एसपीईसीएस का उद्देश्य टच पैनल और कैमरा मॉड्यूल जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे महंगे उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देना था।उद्योग जगत का कहना है कि कम से कम 10,000 करोड़ रुपये के खर्च के साथ एसपीईसीएस को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाया जाए। गौरतलब है कि एपल की सप्लायर्स विस्ट्रॉन, पेगाट्रॉन और फॉक्सकॉन पहले से ही भारत में अपने उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। इससे चीन की मैन्युफैक्चरिंग में हिस्सेदारी घट रही है। भारत में फॉक्सकॉन बड़े पैमाने पर अपनी विनिर्माण क्षमता को स्थापित कर रही है।एपल का भारत से आईफोन निर्यात इस साल अप्रैल-दिसंबर में 20,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

# दुनियाभर में कोरोना फैलाएगा चीन

## इटली पहुंचे दो विमानों में हुई जांच, 50% से ज्यादा यात्री संक्रमित मिले

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। चीन से इटली पहुंची एक फ्लाइट के आधे यात्री कोरोना संक्रमित पाए जाने से हड़कंप मच गया। इससे चीन से दूसरे देशों में कोरोना फैलने का खतरा और बढ़ गया है। इसी कारण भारत व अमेरिका समेत सात देशों ने चीन से आने वाले यात्रियों को विमान में सवार होने से पहले कोविड निगेटिव रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य कर दिया है। चीन से मिलान जा रही दो फ्लाइट में यात्री कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। एक फ्लाइट के 92 यात्रियों में से 35 यानी 38 फीसदी और दूसरी के 120 यात्रियों में से 62 यानी 52 फीसदी यात्री कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं। उधर, चीन देश में बड़े पैमाने पर कोरोना मरीज मिलने के बावजूद पाबंदियों में ढील दे रहा है। उसने नए साल में कोविड के खतरे का स्तर 'ए' से घटाकर 'बी' करने का फैसला किया है। इससे कोरोना मरीज को



क्वारंटीन करने की जरूरत नहीं होगी।

चीन ने यह भी एलान किया है कि अगले माह शुरू होने वाले चीनी लूनार नव वर्ष अवकाश में विदेश भ्रमण के इच्छुक लोगों को वह लाखों की तादाद में साधारण पासपोर्ट व वीजा जारी करेगा। इससे समूची दुनिया में कोविड नए सिरे से फैलने का खतरा बढ़ गया है। कोरोना के कारण चीन लगभग तीन सालों तक पूरी दुनिया से कटा रहा, क्योंकि अधिकांश देशों ने यात्रा पाबंदियां लगा दी थीं। इसलिए वह अपने पर्यटकों की विदेश यात्राओं पर पाबंदियां हटा रहा है। 2020 के बाद पहली बार चीन यह ढील दे रहा है, लेकिन दुनियाभर में कोविड की दृष्टि से यह कदम चिंताजनक माना जा रहा है।

**चीन से यात्री टिकट बुकिंग बढ़ी**

उधर, ट्रेवल कंपनियों यात्रा.कॉम और कुनर के अनुसार चीन द्वारा ढील के बाद चीनी यात्रियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय टिकट बुकिंग व इससे संबंधित सर्च में पांच से आठ गुना बढ़ोतरी हुई है। चीनी लोगों ने जापान, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया की यात्रा में रुचि दिखाई।

**चीन से भारत आने वालों की जांच अनिवार्य**

चीन में बढ़ते कोविड संक्रमण को देखते हुए भारत के स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शनिवार को चीन से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर जांच अनिवार्य कर दी गई है। यह जांच चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से भारत आने वालों के लिए जरूरी होगी। भारत आगमन पर इन देशों के किसी भी यात्री में कोरोना के लक्षण पाए जाते हैं या कोविड-19 संक्रमण पाया जाता है तो उन्हें क्वारंटीन किया जाएगा। इसी तरह अमेरिका, जापान, मलेशिया ने भी चीन से आने वालों के लिए कोविड निगेटिव टेस्ट अनिवार्य कर दिया है।

# अमेरिका में 10 करोड़ से ज्यादा कोरोना के मामले

## मात्र एक सप्ताह में 48 हजार बच्चे प्रभावित, इतने लोगों की गई जान

वॉशिंगटन, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में 10 करोड़ से ज्यादा कोविड-19 के मामले दर्ज किए गए हैं। सीडीसी के बुधवार को अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार देश में 21 दिसंबर तक 100,216,983 कोविड -19 के मामलों की पुष्टि हुई। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका दुनिया भर में 100 मिलियन कोविड-19 मामलों को दर्ज करने वाला पहला देश है। विशेषज्ञों ने कहा कि वास्तविक संख्या बहुत अधिक है, क्योंकि घर पर जांच करने वाले लोग अपने परिणाम सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को नहीं भेजते हैं, और बहुत से लोग जांच नहीं करते हैं।

**1.08 मिलियन से अधिक लोग मारे गए**

सीडीसी के आंकड़ों से पता चलता है कि महामारी शुरू होने के बाद से अमेरिका में 1.08 मिलियन से अधिक लोग कोविड -19 से मारे गए। वहीं अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (एएपी) की नई रिपोर्ट के अनुसार 22 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में अमेरिका में लगभग 48 हजार बच्चों में कोविड-19 के मामले दर्ज किए गए, जो बच्चों के मामलों में लगातार तीसरी साप्ताहिक वृद्धि है।

**डेटा एकत्र करने पर जोर**

रिपोर्ट में कहा गया है कि नए रूपों से संबंधित बीमारी की गंभीरता के साथ-साथ संभावित लंबे समय तक के प्रभावों का आकलन करने के लिए अधिक आयु-विशिष्ट डेटा एकत्र करने की आवश्यकता है। यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि बच्चों के स्वास्थ्य पर महामारी के तत्काल प्रभाव हैं, लेकिन महत्वपूर्ण रूप से हमें बच्चों और युवाओं की इस पीढ़ी के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण पर लंबे समय तक चलने वाले प्रभावों की पहचान करने और उन्हें संबोधित करने की आवश्यकता है।

# कंबोडिया के कैसिनो में लगी भयंकर आग

## 10 की मौत, 30 लोग हुए घायल; जान बचाने के लिए छतों से भी कूदे



नामपेन्ह, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। कंबोडिया के एक कसिनो में भयंकर आग लगने से 10 लोगों की मौत हो गई और 30 लोग घायल हो गए। आग इतनी खतरनाक थी की उससे बचने के लिए लोग छतों से कूदने लगे। लोकल प्रशासन के मुताबिक यह आग कंबोडिया के बॉर्डर वाले इलाके पॉयपेट के ग्रैंड डायमेंड सिटी होटल के कैसिनो में देर रात साढ़े 11 बजे लगी। आग लगने के दौरान वहां करीब 400 लोग मौजूद थे। आग किन कारणों से लगी अभी तक इसका पता नहीं लग सका है। प्रशासन इसकी जांच में जुटा हुआ है। लोकल मीडिया के मुताबिक इस होटल में काफी सारे लोग थाइलैंड के थे। एजेंसी के मुताबिक घायल हुए कुछ लोगों को थाईलैंड के सा कोइओ प्रोविंस के अस्पताल में भेजा गया है पॉयपेट कंबोडियो और थाईलैंड के बॉर्डर पर काफी मशहूर कस्बा है। जो अपने कैसिनो के जाना जाता है। थाइलैंड में कैसिनो पर बैन होने के कारण वहां के काफी सारे लोग यहां गैर कानूनी तरीकों से जुआ खेलने के लिए आते हैं। रूस की राजधानी मॉस्को के एक बड़े शॉपिंग मॉल में लगी भीषण आग में एक व्यक्ति की मौत हो गई। लोकल अधिकारियों ने कहा कि आग शुक्रवार सुबह मेगा खिमकी शॉपिंग एंड एंटरटेनमेंट सेंटर में लगी थी। रूस में एमेरजेंसी मिनिस्ट्री के हेड सर्गेई पोलिटकिन ने बताया कि आग सुबह के 10 बजकर 45 मिनट पर लगी। जो देखते ही देखते लगभग 7,000 वर्ग मीटर के एरिया में फैल गई। जिस पर अब पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। रूसी एजेंसी इस मामले में साजिश के एंगल से भी जांच कर रही है।

# जम गया नियाग्रा फॉल, विश्व के सबसे ऊंचे झरने पर नजर आई बर्फ की परत



वॉशिंगटन, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में 'सदी के जबर्दस्त बर्फीले तूफान और शीत लहर के असर से विश्व का सबसे ऊंचा नियाग्रा फॉल भी जम गया। इस पर बर्फ की चादर बिछ गई। यह 'विंटर वंडरलैंड' के रूप में सामने आया है। बर्फ से जमे नियाग्रा फॉल की तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें आंशिक रूप से जमे नियाग्रा फॉल की तस्वीरें हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार विश्व का सबसे प्रसिद्ध यह जल प्रपात आंशिक रूप से जम गया है, हालांकि, इसके साथ ही बहता पानी भी नजर आ रहा है, इससे साबित होता है कि यह झरना कभी पूरी तरह से नहीं जमता। नियाग्रा फॉल अमेरिका के न्यूयॉर्क और कनाडा के आंटोरिया के सीमावर्ती इलाके में स्थित है। बर्फीले तूफान का सबसे ज्यादा बुरा असर न्यूयॉर्क पर ही पड़ा है। न्यूयॉर्क में अब तक 28 लोगों मारे जा चुके हैं। पारा शून्य से नीचे जाने के कारण नियाग्रा फॉल में पानी की चादर बर्फ में बदल गई है। कड़ाके की ठंड में भी पर्यटक फॉल को निहारने पहुंच रहे हैं। वे वहां से तस्वीरें व वीडियो साझा कर रहे हैं। क्रिसमस सप्ताहांत में पश्चिमी न्यूयॉर्क में बर्फीले तूफान ने कहर ढा दिया था। इसे अधिकारियों ने सदी का बर्फीला तूफान करार दिया था। इस तूफान के कारण अमेरिका कई दिनों तक जकड़ा रहा। देश के अनेक हिस्सों में भारी बिजली कटौती, हवाई व सड़क यातायात बाधित होने जैसी अनेक समस्याओं से लाखों लोगों को जूझना पड़ा। इसके कारण हुए हादसों में 60 से ज्यादा मौतें हो गईं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नियाग्रा फॉल से हर सेकंड 3160 टन पानी का प्रवाह होता है। नौ साल पहले 2013 में झरने का उड़ता पानी भी बर्फ में बदलता जा रहा था। तब वहां का तापमान शून्य से 12 डिग्री नीचे पहुंच गया था। अमेरिका में बर्फीले चक्रवाती तूफान "बम" के चलते अब तक 60 लोगों की मौत हो चुकी है। इस बर्फीले तूफान ने यहां भारी तबाही मचाई है। क्रिसमस के दौरान आए बर्फीले तूफान से देश के करीब 20 करोड़ लोग बुरी तरह प्रभावित हैं। न्यूयॉर्क और मोटाना जैसे शहरों में तापमान माइनस 45 डिग्री तक पहुंच गया। अमेरिका के साथ दुनिया में कई जगह बर्फीली हवाओं और तूफान के चलते जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

# आईएस के दो ठिकाने हुए पूरी तरह तबाह

### बमबारी कर 10 आतंकवादियों को उतारा मौत के घाट

बगदाद, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। इराक की सेना ने आईएस के 10 आतंकवादियों को मार गिराया है और दो ठिकानों को बमबारी कर पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। इराकी ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांड के मीडिया ऑफिस की ओर से बुधवार को जारी एक बयान के मुताबिक खुफिया रिपोर्ट के आधार पर इराकी युद्धक विमानों ने राजधानी बगदाद से करीब 175 किलोमीटर दूर कारा-टप्पा शहर के पास नारिन इलाके में आईएस के दो ठिकानों को पूरी तरह से तबाह कर दिया।

**दो ठिकानों पर बमबारी**

सेना के मुताबिक इराकी विमानों ने पूर्वी प्रांत दियाला में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के दो ठिकानों पर बमबारी की। हमले में करीब 10 आतंकवादियों की मौत हो गई। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार पिछले महीनों में इराकी सुरक्षा बलों ने चरमपंथी उग्रवादियों की गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए उनके खिलाफ अभियान चलाए थे।

**छिपकर फैलाते हैं आतंकवाद**

2017 में आईएस की हार के बाद से इराक में सुरक्षा की स्थिति में सुधार हो रहा है। हालांकि आईएस आतंकी अब भी कुछ शहरी केंद्रों, रेगिस्तानों और बीहड़ों में छिपकर आतंकवादी कार्रवाइयों को अंजाम देते रहते हैं।

## ड्रग तस्करी में दुनिया में कुख्यात हुआ पाकिस्तान, आतंक के बाद अब मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त

इस्लामाबाद, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत सहित कई देशों में आतंकी भेजता रहा पाकिस्तान अब मादक पदार्थों की तस्करी के लिए भी विश्व में कुख्यात हो गया है। कई अफ्रीकी और अरब देश उसके शिकार बन रहे हैं। नाइजीरिया से खाड़ी देशों और अफगानिस्तान तक फैला अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी का नेटवर्क पाकिस्तान से चल रहा है। जिओ-पोलिटिक ने अपनी नई रिपोर्ट में यह दावे किए हैं। रिपोर्ट में पाकिस्तान के शिकार नाइजीरिया का उदाहरण दिया गया। यहां 50 से 100 एमजी डोज वाली ट्रामाडोल ही बेचने की अनुमति है, लेकिन पाकिस्तान से यह 200 और 225 एमजी जितनी ऊंची डोज में तस्करी कर लाई जा रही है।

# भारतीय कफ सिरप उज्बेकिस्तान में बच्चों पर कहर बन कर टूटी




नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य एशियाई देश उज्बेकिस्तान में एक खांसी की दवाई ने 18 बच्चों की जान ले ली। वहां के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि बच्चों ने जो कफ सिरप पिया वह एक भारतीय दवा कंपनी का डॉक-1 मैक्स सिरप था। उज्बेकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि जांच में पता चला है कि जिस सिरप को पीने के बाद 18 बच्चों की मौत हुई थी, उसे भारतीय दवा कंपनी मैरियन बायोटेक लिमिटेड ने बनाया था। मंत्रालय के बयान के मुताबिक, लैब में किए गए परीक्षण में भारतीय कफ सिरप में दूषित एथिलीन ग्लाइकॉल की मौजूदगी पाई गई। इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट किया है, "मेड इन इंडिया कफ सिरप जानलेवा लगता है। पहले गांबिया में 70 बच्चों की मौत हुई थी और अब उज्बेकिस्तान में 18 बच्चों की मौत हुई है। मोदी सरकार को भारत के बारे में शेखी बघारना बंद करना चाहिए और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।" उज्बेकिस्तान में सिरप से हुई मौतों पर मैरियन बायोटेक फार्मा कंपनी के लिगल हेड हसन रज़ा ने कहा, "मौतों पर हमें खेद है, सरकार जांच करा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक हम कार्रवाई करेंगे। नमूने एकत्र किए गए। उस उत्पाद का निर्माण फिलहाल रोक दिया गया है और अन्य प्रक्रियाएं चल रही हैं।" उज्बेकिस्तान में मौतों के बारे में मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि डाक1-मैक्स खांसी की दवाई बिना डॉक्टर के पर्चे के और प्रभावित बच्चों द्वारा अधिक मात्रा में ली गई थी। उज्बेकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि 21 बच्चे जो तीव्र श्वसन संबंधी बीमारी से पीड़ित थे, उन्होंने नोएडा के मैरियन बायोटेक द्वारा निर्मित डॉक-1 मैक्स सिरप का सेवन किया था, जिससे संभवतः उनमें से 18 की मौत हो गई। एक भारतीय अखबार के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) उज्बेकिस्तान में स्वास्थ्य अधिकारियों के संपर्क में है। बच्चों की मौत की रिपोर्ट के बाद आगे की जांच में सहायता के लिए तैयार है। हालांकि, डॉक्टर-1 मैक्स की मैन्युफैक्चरिंग कंपनी मैरियन बायोटेक और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अभी तक इस मामले पर कुछ नहीं कहा है।

## पाकिस्तान में 40 साल की हिंदू महिला की बेरहमी से हत्या

### सिर और ब्रेस्ट काटा, उधेड़ दी चमड़ी

इस्लामाबाद, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सिंझोरो शहर में बुधवार को हैवानियत का एख मंजर देखने को मिला. एक 40 साल की हिंदू महिला की कथित तौर पर हत्या कर दी गई. हिंदू समुदाय से पाकिस्तान की पहली महिला सीनेटर कृष्णा कुमारी ने एक ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी. उन्होंने लिखा, "40 वर्षीय महिला का सिर काट दिया गया और उसके स्तन काट दिए गए." पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के नेता ने कहा कि पीड़िता के शरीर और चेहरे से चमड़ी उतारी गई थी. महिला के चार बच्चे हैं. महिला की पहचान हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय की दया भील के रुप में हुई है, जो सिंध की सिंझोरो की रहने वाली हैं. कृष्णा कुमारी ने एक ट्वीट में कहा, दया भेल नामक 40 वर्षीय विधवा की बेरहमी से हत्या कर दी गई और शव बहुत बुरी हालत में मिला. उसका सिर धड़ से अलग कर दिया गया था और दरिंदों ने पूरे सिर का मांस निकाल दिया था.आज उसके गांव का दौरा किया. वहां से पुलिस टीमें पहुंचीं हैं. पीपीपी के जियाला अमर लाल भील ने दावा किया कि बुधवार को खेत में क्षत-विक्षत शव मिला था और पुलिस ने महिला के परिवार से अन्य जानकारी जुटाई थी. पीपीपी नेता के अनुसार, पोस्टमार्टम किया गया

# 2022 दुनिया भर में महिलाओं के 6 बड़े संघर्ष

## भारत-कोलंबिया में अबॉर्शन को मिली मान्यता, ईरान में 4 महीने से हिजाब विरोधी प्रदर्शन जारी



तेहरान, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। महिलाओं को बराबरी का हक देने के मामले में बीते साल बड़ा उलटफेर देखा गया। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक ने अबॉर्शन कानून पर प्रतिबंध लगाया। मानवाधिकार की लड़ाई लड़ने वालों को लैंगिक भेदभाव का सामना करना पड़ा। महिलाओं ने अपने हक से जुड़े कानूनों के लिए आवाज बुलंद कर लड़ाई जारी रखी। विश्व स्तर पर कई आंदोलन हुए। नतीजा कई देशों में महिलाओं के अधिकारों से जुड़े छह ऐतिहासिक फैसले हुए।

**ये हैं अहम फैसले: कई देशों में पहली बार 2022 में महिला राजनीति का प्रमुख चेहरा बनकर उभरी**

1. कोलंबिया के कोर्ट ने फरवरी 2022 में प्रेग्नेंसी के 24 हफ्तों के अंदर अबॉर्शन कराने को लीगल घोषित कर दिया। इससे पहले केवल प्रेग्नेंट मां को जान का खतरा होने पर ही अबॉर्शन का हक था। इससे कुछ साल पहले मेक्सिको व अर्जेंटीना में भी महिलाओं को अबॉर्शन करवाने का हक दिया गया था।
2. स्पेन में मई में यौन हिंसा रोकने और कार्रवाई आसान बनाने के लिए बिल पेश हुआ। इस बिल को 'ओनली यस मीन्स यस' कहा गया। पीरियड में दर्द से जूझ रही महिलाओं को पेड लीव देने के लिए स्पेन पहला यूरोपीय देश बन गया।
3. यूक्रेन में इस्तांबुल कन्वेंशन को जून में मान्यता दी। महिलाओं के खिलाफ अपराधों को मानवाधिकार का उल्लंघन माना गया। इसे यूक्रेन में महिलाओं के अधिकारों के लिए ऐतिहासिक जीत माना गया। साथ ही ये रूस के साथ चल रहे युद्ध के दौरान यूरोप में देश के एकीकरण में अहम कदम बना।
4. भारत में सितंबर 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने अबॉर्शन का अधिकार दे देने वाला ऐतिहासिक फैसला सुनाया। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के तहत 22 से 24 हफ्ते तक अबॉर्शन का हक है। देश में पहली बार मैरिटल रेप को भी मान्यता मिली।
5. ईरान में 16 सितंबर को महसा अमीनी की पुलिस कस्टडी में मौत के बाद सितंबर 2022 से देशभर में हिजाब विरोधी प्रदर्शन जारी है। इस्लामिक कानून लागू करने के खिलाफ आंदोलन कर महिलाएं आजादी की मांग कर रही हैं। इन्हें टाइम्स ने 2022 हिरोज ऑफ द ईयर के तौर पर चुना।
6. कई देशों में पहली बार 2022 में महिलाएं राजनीति का प्रमुख चेहरा बनी। होंडुरास में महिला राष्ट्रपति चुनी गई शियोमारा कास्त्रो ने जनवरी में पदभार संभाला। हंगरी में कटालिन नोवाक देश की पहली महिला और सबसे कम उम्र की राष्ट्रपति बनीं।

# तमिलनाडु में जातीय दुर्व्यवहार की दर्दनाक हकीकत

## दलितों के लिए पानी की टंकी में डाला मल

पेरियार, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। आंदोलन के गढ़ तमिलनाडु के एक गांव से जातिगत भेदभाव का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां अनुसूचित जाति समुदाय के लिए बनी पानी की टंकी में मानव मल फेंका हुआ पाया गया है. जांच करने गए जिला अधिकारियों ने पाया कि भयावहता यहीं खत्म नहीं हुई. यह गांव अब भी छुआछूत का पालन करता है. यहां तक कि स्थानीय चाय की दुकान में दो गिलास सिस्टम है, जहां दलितों के लिए अलग गिलास है और बाकी अन्य लोगों के लिए अलग. बीजेपी यहां जांच के लिए आज टीम भेजने वाली है. पुडुकोट्टई कलेक्टर कविता रामू और जिला पुलिस प्रमुख वंदिता पांडे ने मंगलवार को मध्य तमिलनाडु के इरायुर गांव का दौरा किया था. यहां 10,000 लीटर वाली पानी की टंकी में भारी मात्रा में मानव अपशिष्ट पाया गया, जो लगभग 100 दलित समुदाय को पीने के पानी की आपूर्ति कर रही थी. गांव में रह रहे लोगों ने कहा कि हाल के दिनों में, उनके कई बच्चे बीमार पड़ गए थे. जब डॉक्टरों ने यह सुझाव दिया कि पीने के पानी की वजह से बच्चे बीमार पड़ रहे तब गांव के युवक टैंक पर चढ़ गए और अंदर की जांच की, जिसके बाद ऐसी डरावनी तस्वीर सामने आई है. इलाके के एक राजनीतिक कार्यकर्ता मोक्ष गुनावलगन ने कहा, ₹पानी की टंकी के अंदर बड़ी मात्रा में मानव मल फेंका हुआ पाया गया था. जिसके कारण पानी बहुत पीला हो गया था. गांव के लोग बिना जाने यह बात इस पानी को पिछले एक हफ्ते से पी रहे थे. जब बच्चे बीमार हुए तभी सच्चाई सामने आई है." अभी तक यह सामने नहीं आया है कि इस साजिश के पीछे कौन है. पानी की टंकी के चारों ओर लगी जाली पिछले कुछ दिनों से टूटी पड़ी हुई थी. स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में जातिगत भेदभाव काफी गहरा है. तीन पीढ़ियों से, उन्हें कभी भी गांव के मंदिर में जाने की अनुमति नहीं दी गई है. गांव की चाय की दुकान में आज भी अनुसूचित जाति के लिए अलग तरह का चाय का गिलास है. कलेक्टर और जिला पुलिस के मुखिया खुद जांच करने गए थे. चाय की दुकान के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. दोनों पूरे अनुसूचित जाति समुदाय को गांव के मंदिर में भी ले गए और उनसे उन लोगों की पहचान करने को कहा, जिन्होंने उन्हें परिसर में प्रवेश करने से रोका था. लगभग सौ साल पहले, आजादी से बहुत पहले, रामासामी पेरियार ने राज्य में मंदिर प्रवेश विरोध शुरू कर दिया था. इसने द्रविड़ आंदोलन को भी प्रेरित किया था जो लंबे वक्त से अब भी राज्य में राजनीति पर हावी है. जो जातिवादी प्रतिक्रिया को और अधिक चौंकाने वाला बनाता है.

# रोड ट्रिप पर पत्नी को भूला पति

### 20 किमी पैदल चली:पति का फोन नंबर भी याद नहीं था अपना नंबर डायल करती रही...मोबाइल कार में था

थाईलैंड, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। थाईलैंड से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने रोड ट्रिप के दौरान अपनी पत्नी को भूल से बीच रास्ते में ही छोड़ दिया। इसके बाद पत्नी 20 किलोमीटर पैदल चलकर पुलिस स्टेशन पहुंची। यह घटना क्रिसमस के दिन यानी रविवार को हुई। 55 साल के बूनटॉम चायमून और 49 साल की अमनुए चायमून रविवार को छुट्टियां बिताने महा सरखम प्रांत में अपने घर जा रहे थे। दोनों कार में सवार थे। रात के लगभग 3 बजे बूनटॉम को टॉयलेट जाने की जरूरत पड़ी। आसपास कोई पब्लिक टॉयलेट न होने की वजह से बूनटॉम ने सड़क किनारे ही कार खड़ी कर दी। इस दौरान अमनुए फ्रेश होने जंगल में चली गईं। बूनटॉम ने अपनी पत्नी को कार से बाहर निकलते नहीं देखा था। जब वह वापस आए, तब उन्होंने ध्यान ही नहीं दिया कि उनकी पत्नी वहां है या नहीं। जब अमनुए वापस लौटीं, तब उन्हें न कार दिखी और न ही उनके पति।

# ओपीएस देने से पहले सुक्खू सरकार की केंद्र को चिट्ठी, एनपीएस अंशदान का पैसा मांगा

शिमला, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) देने से पहले हिमाचल सरकार ने केंद्र सरकार को एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें नई पेंशन योजना (एनपीएस) अंशदान के तहत संग्रह किए गए पैसे को वापस मांगा है। बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पेंशनधारकों को नियमित और सम्मानजनक पेंशन मिले, इसके लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर एनपीएस अंशदान के



तहत संग्रह राशि का भुगतान करने के लिए कहा है। सरकार कैबिनेट की पहली बैठक में कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह मालूम रहे कि कांग्रेस ने सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में ओपीएस लागू करने का फै सला लिया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को शिमला में एनपीएस कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। सीएम ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले अनावश्यक व्यय किया और अपने कार्यकाल के अंत में 900 से अधिक संस्थान खोले। इससे वार्षिक 5,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पडेग़ा। इस अवसर पर कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र मनकोटिया ने भी सुझाव दिए।

# सिर्फ पानी भरने के लिए दूसरी पत्नी

## न बच्चे पैदा कर सकतीं, न पति की संपत्ति पर हक, कई पुरुषों ने 3 शादियां कीं

ठाणे, 29 दिसंबर (एक्सक्लूसिव डेस्क)। बंजर जमीन। घास-फूस से बने झोपड़ीनुमा घर। सिर और कमर पर पानी का कलसा उठाए आती-जाती महिलाएं। दूर से देखने पर यह नजारा किसी खूबसूरत पेंटिंग सा दिखता है, लेकिन करीब आने पर इसकी हकीकत उतनी ही स्याह है। कहने को ये महिलाएं शादीशुदा हैं। पति और भरा-पूरा परिवार है, लेकिन ये ना तो मां बन सकती हैं ना पति की संपत्ति पर इनका कोई हक है। ये महिलाएं पत्नी हैं, लेकिन सिर्फ पानी भरने के लिए। पानी भरते-भरते कई महिलाएं जख्मी हो गईं, बीमार रहने लगीं, लेकिन उनके हालात नहीं बदले। यह हकीकत है महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डेंगनमल गांव की।

दोपहर का वक्त। मिट्टी और बांस से बने घर में सजावट के नाम पर दो-तीन तस्वीरें दीवार पर टंगी हैं। इनमें से एक तस्वीर में साकाराम भगत यानी घर के मुखिया सजी-धजी तीन औरतों संग बैठे हैं। ये तीनों औरतें साकाराम की पत्नी हैं। बाकी तस्वीरों में पहली पत्नी और बच्चे हैं। पहली पत्नी से 6 बच्चे हैं, लेकिन बाकी दो से एक भी नहीं।

ऐसा नहीं कि ये दोनों बच्चे पैदा नहीं कर सकती थीं, लेकिन इन्हें इजाजत नहीं मिली, क्योंकि ये 'वाटर वाइव्स' हैं यानी पानी भरकर लाने के लिए लाई गईं पत्नियां। यहां के लोग इन्हें 'पानी वाली बाई' बुलाते हैं। इन्हें शादी का दर्जा नहीं मिलता।

साकाराम घर में सुस्ता रहे थे। पहली पत्नी तुकी जंगल से लकड़ियों का गट्ठर लाकर रखती हैं और फिर पति के पास बैठ जाती हैं। पास ही चौखट की ओट से दूसरी पत्नी साखी खड़ी देख रही हैं। तीसरी पत्नी रमा देवी की तबीयत कई दिनों से ठीक नहीं है, इसलिए वे बगल वाले कमरे में आराम कर रही हैं। इन दिनों रमा का भी काम तुकी और साखी को करना पड़ रहा है।

गांव के मर्द पानी के लिए कई पत्नियां लाते हैं, जब यह बात गांव से बाहर गई, तो नेता डराने-धमकाने आए। गांव को बदनाम करने के आरोप लगे। शादी रद्द कराने की धमकी मिली। इसी वजह से साकाराम मीडिया से बात करने के लिए पहले मना कर देते हैं। फिर समझाने पर राजी हो जाते हैं। साकाराम कहते हैं कि गांव में एक से ज्यादा शादी करना कोई अनूठी बात नहीं है। गांव के कई मर्द तीन-तीन पत्नियां ला चुके हैं।

साकाराम की पहली पत्नी तुकी पति की दूसरी शादी की कहानी बताती हैं। नई-नई शादी हुई थी। पति खेती-किसानी के लिए निकलते तो दिन ढलने के बाद लौटते। सुबह जागती। झाड़ू लगाती। पानी लाती। खाना पकाती। बकरी चराती। फिर पानी लाती। दो साल बाद पहली औलाद हुई। इसके बाद दूसरी, तीसरी, चौथी...और फिर छठवीं। तब मुझे पानी लाने में दिक्कत होने लगी। गांव में कोई नल या तालाब भी नहीं है। 7 किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता था।

एक दिन अचानक पति दूसरी पत्नी लेकर आ गए। मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि वे ऐसा करेंगे। कई दिनों तक मैं उनसे नाराज रही। बात नहीं करती थी। फिर उन्होंने मुझे समझाया कि अगर वे पानी लाने जाते तो खेती-किसानी कौन करता, पैसा कहां से आता, हम सब क्या खाते? मुझे भी लगा कि वे ठीक ही कह रहे हैं।''

साखी दूसरी पत्नी बनने के लिए राजी कैसे हुई के सवाल पर साखी कहती हैं- अकेली रहती थी, इसलिए इनसे शादी के लिए राजी हो गई। साखी कहती हैं, 'पहले भी शादी हुई थी, लेकिन पति छोड़कर चला गया। मायके में भी कोई नहीं था, जहां चली जाती। ऐसे में जब इन्होंने शादी के लिए कहा तो राजी हो गई।



शादी बाद यहां आई तो तुकी खाना पकाती और मैं पानी भरकर लाती थी। हर रोज सुबह निकल जाती। शाम ढलने तक पानी लाने का काम करती। दिनभर में 60 से 80 लीटर पानी लाती। पहले तो दिक्कत नहीं हुई, लेकिन बाद में इसका असर दिखने लगा। मैं बीमार रहने लगी। कमर में दर्द बैठ गया। पानी लाने में दिक्कत होने लगी।'

साखी जब बीमार रहने लगीं तो साकाराम ने एक और शादी कर ली। उनकी तीसरी पत्नी रमा हैं। तुकी अब भी खाना पकाती हैं और घर के बाकी काम निपटाती। साखी खेतों में मजदूरी करती हैं और पानी लाने की जिम्मेदारी रमा की है। पानी के लिए 24 घंटे पहले बर्तन रखने जाना पड़ता है। ठाणे जिले के कई गांवों में पानी की भारी किल्लत है। कहीं हैंडपंप नहीं है तो कहीं हैंडपंप सूख गया है। महिलाओं के साथ ही छोटी लड़कियों को भी पानी भरकर लाना पड़ता है।

साखी और रमा के बच्चे क्यों नहीं हैं? साकाराम बोल पड़ते हैं- तुकी के बच्चे भी तो इन दोनों के ही बच्चे हैं। अगर ये दोनों भी बच्चे पैदा करती तो फिर पानी भरकर कौन लाता। आपको नहीं लगता कि आपने इन्हें हक ना देकर गलत किया है? साकाराम कहते हैं- नहीं। मैं जवान या कुंवारी लड़कियों को पत्नी बनाकर नहीं लाया। मैंने बेसहारा औरतों को सहारा दिया। इसलिए गलत जैसा क्या है!

क्या यहां किसी ने इस पर आपत्ति नहीं जताई? साकाराम कहते हैं, 'आसपास के कई गांवों में भी इस तरह की शादिया हुईं हैं। गांव की पंचायत को पुरुषों की एक से ज्यादा शादियों पर कोई ऐतराज कभी नहीं रहा। पंचायत भी मानती कि उन्होंने बेसहारा महिलाओं को सहारा दिया है।'

बिना बच्चों के रहने का दुःख नहीं होता? साखी कहती हैं, 'कौन औरत बिना बच्चा के रहना चाहती है। हम भी मां बनना चाहते थे, लेकिन क्या कर सकते हैं। हमारी भी मजबूरी है। खाने-पीने रहने को मिल जा रहा है, इसी से सब्र कर लेते हैं।'

साकाराम के घर से निकलने के बाद पानी वाली बाई वंदना जयराम मिलती हैं। वंदना बताती हैं, 'सुबह उठने से लेकर रात में सोने तक बस कलसा भर-भरकर पानी लाना है। गर्मियों में रात-रात भर पानी ढोना होता है। लगातार चलते रहने के कारण गर्दन-कमर पैर में हर वक्त दर्द रहता है। दमा की रोगी हो गई हूं। शरीर बीमारियों का घर बन गया है, लेकिन क्या करें, पानी तो लाना ही होगा।' वंदना कहती हैं कि दूसरी बीवी होने से ज्यादा दुख इस बात का होता है कि अपनी कोई संतान नहीं है। बच्चा होता तो बुढ़ापे का सहारा बनता।

दो-दो, तीन-तीन बीवियां साथ कैसे रहती हैं? वंदना कहती हैं- होती है न लड़ाई। गाली-गलौज, कभी-कभी तो मारामारी भी हो जाती है और फिर हंस देती हैं। बातचीत में मालूम पड़ता है कि वंदना को अब घर और बाहर दोनों जगह संभालना पड़ता है, क्योंकि पति की पहली पत्नी की कोरोना से मौत हो गई है।

गांव की अन्य पानी वाली बाइयों को उनके पति से डर भी है कि शिकायत करने पर कहीं वे मार-पीट न करने लगें। घर से निकाल न दें। ऐसे में वे फिर किसके पास जाएंगी। पूर्व सरपंच गणेश ने कहा कि गांव के कुछ ही मर्दों ने दूसरी शादी की है। जिसको दिक्कत होगी वो शिकायत करेगा। करीब 500 लोगों की आबादी वाला यह गांव सालों से पानी के लिए जूझ रहा है। जबकि मुंबई को पानी पहुंचाने वाला बस्ता डैम महज 8 किलोमीटर की दूरी पर है। इस डैम का पूरा पानी पाइपलाइन के जरिए मुंबई वालों को मिलता है, लेकिन डैम को बनाने वाली महिलाएं एक-एक बूंद के लिए मोहताज हैं।

महाराष्ट्र में जल संकट पर काम करने वाले और जलभूषण सम्मान से सम्मानित डॉ. प्रवीण महाजन कहते हैं कि बास्ता नदी पर बने डैम से पानी गांव लाने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है, लेकिन उनका बजट कम है। उन्हें महाराष्ट्र सरकार से मदद मांगनी चाहिए। इस इलाके के विधायक दौलत दरौदा कहते हैं कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर पानी पहुंचाने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। उम्मीद है कि मई, 2024 तक गांव वालों को पानी मिल जाएगा।

# आरक्षण के मुद्दे पर तेज हुई सियासत

## सूत्रों का दावा- राज्य सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं है राजभवन

रायपुर, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में आरक्षण विधेयकों को लेकर राजभवन और राज्य सरकार के मध्य कथित मनमुटाव के बीच राजभवन के सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल आरक्षण विधेयकों को लेकर राज्य शासन के जवाब से संतुष्ट नहीं हैं। वहीं, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बार फिर आरोप लगाया है कि राज्यपाल आरक्षण विधेयकों को रोके रखना चाहती हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में तीन दिसंबर को छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण) संशोधन विधेयक, 2022 और छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्थान (प्रवेश में आरक्षण) संशोधन विधेयक 2022 पारित किया गया था।

विधेयकों के अनुसार, राज्य में अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति को 13 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।





**राजभवन खुश नहीं**

सूत्रों के मुताबिक, विधानसभा में विधेयकों को पारित होने के बाद जब इसे मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा गया, जिसपर राज्यपाल ने राज्य सरकार से 10 सवालों के जवाब मांगे थे। सरकार ने राजभवन को जवाब भेज दिया है। सूत्रों ने बताया, राजभवन ने कहा है कि राज्य सरकार ने क्वांटिफिएबल डाटा आयोग की भी रिपोर्ट राजभवन को प्रस्तुत नहीं की है।

वहीं, बघेल ने बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा, ''उनको जो जवाब देना था, हमने दे दिया है। उनको संतुष्ट होना नहीं है। अब दूसरे प्रश्न आएंगे, फिर जवाब दूंगा तो फिर प्रश्न आएंगे। इसका मतलब साफ है कि विधेयकों को वापस करना नहीं है और उसे राष्ट्रपति के पास भेजना नहीं है। उसे खुद रखेंगी। और लोग आलोचना करेंगे तब यह बहाना है कि मैंने प्रश्न पूछा है।''

**राज्यपाल लागू नहीं करना चाहती हैं**

मुख्यमंत्री ने कहा, ''जब भी प्रश्न आएगा और मैं हर बार उत्तर दूंगा लेकिन इसका मतलब क्या है, वह देरी करना चाहती हैं, वह लागू नहीं करना चाहती हैं। इसका तीन ही विकल्प हैं कि यदि संतुष्ट नहीं हैं तो विधेयक राज्य सरकार को वापस कर दें। उसे राष्ट्रपति को भेज दें तथा तीसरा है कि वह अनंतकाल तक रख सकती हैं, जब तक वह राज्यपाल हैं। यह जो प्रश्न भेजा जा रहा है उसका संविधान में कोई उल्लेख नहीं है। क्या विधानसभा से बड़ा कोई विधिक सलाहकार हो सकता है। प्रदेश का सबसे बड़ा पंचायत है उससे बड़ा कोई हो सकता है।''

उन्होंने कहा, ''ईडब्ल्यूएस को मिलाकर संसद में और उच्चतम न्यायालय में आरक्षण को लेकर 50 प्रतिशत की सिलिंग से वैसे भी पार हो गया तब इसमें अड़चन क्यों आएगी। भाजपा के लोग बताएं कि लोगों को आरक्षण मिलना चाहिए कि नहीं।'' मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राज्यपाल भारतीय जनता पार्टी के दबाव में विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं कर रही हैं।

# लद्दाख में छत्तीसगढ़ का बेटा शहीद

### चीन सीमा पर तैनात था मनीष, घर में चल रही थी शादी की तैयारी, आई मौत की खबर

धमतरी, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ का बेटा मनीष नेताम बुधवार को लद्दाख में शहीद हो गया। उसकी तैनाती चीन सीमा पर थी। कड़ाके की ठंड में मनीष की तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान मनीष ने दम तोड़ दिया। मनीष अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। जवान का पार्थिव शरीर 30 दिसंबर को पैतृक निवास धमतरी के गांव खरेंगा पहुंचेगा। मनीष की मौत की सूचना पर गांव में शोक व्यापप्त है।

धमतरी से लगे छोटे से गांव खरेंगा निवासी राजेंद्र नेताम का बेटे मनीष की शादी की तैयारी चल रही थी। इसी बीच उसकी मौत की खबर घर पहुंची। इसके बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मनीष एक गरीब परिवार से था।

# शिक्षा मंत्री का सवाल- आरक्षण विधेयक पर किसके दबाव में साइन नहीं कर रही हैं राज्यपाल?

रायपुर, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में आरक्षण विधेयक को लेकर कांग्रेस लगातार राजभवन परहमले कर रही है। बुधवार को स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम बिलासपुर पहुंचे। यहां उन्होंने आरक्षण के मुद्दे पर बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, आरक्षण को लेकर कांग्रेस और सरकार की नीति साफ है। इस पर राजनीति करने का काम बीजेपी कर रही है। जब आरक्षण विधेयक नहीं लाया गया था तब भाजपाई खूब आंदोलन, धरना और घेराव कर विधेयक लाने की मांग कर रहे थे। लेकिन अब जब सरकार विधेयक लेकर आ गई है तो राज्यपाल दस्तखत नहीं कर रही हैं। राज्यपाल मामले को अटका के रखीं हैं।



ऐसी स्थिति में भाजपाई, राज्यपाल पर दबाव नहीं बना रहे हैं और आंदोलन घेराव नहीं कर रहे हैं। भाजपाई छुपे हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसके दबाव में साइन नहीं हो रहा ये बताना चाहिए या फिर बिना देर किए प्रदेश के आदिवासियों के हित में दस्तखत करना चाहिए।

**राज्यपाल ने कहा था जवाब का अध्ययन करूंगी**

बता दें कि आरक्षण बिल को लेकर फिलहाल गवर्नर और राज्य सरकार के बीच तकरार खत्म नहीं होता दिख रहा है। बीते दिनों बिलासपुर पहुंचीं राज्यपाल अनुसुइया उइके ने मीडिया के सामने बयान देते हुए कहा था कि सरकार की ओर से जवाब मिलने की जानकारी उन्हें जरूर मिली है जिसका विस्तृत अध्ययन वो करेंगी। राज्यपाल ने कहा था कि लीगल सलाहकार से सभी बिंदुओं पर जवाब को वेरिफाई किया जाएगा।

सभी बिंदुओं का बारीकी से अध्ययन के बाद जवाब से संतुष्ट होने के बाद ही वो हस्ताक्षर करेंगी। लेकिन आज तीन दिन से अधिक समय होने के बाद भी आरक्षण बिल को लेकर राजभवन से स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही है। इस मामले में प्रदेश की सियासत उफान पर है। पक्ष-विपक्ष के नेताओं के बीच वार-पलटवार भी जमकर हो रहा है।

# 90 क्विंटल जावा महुआ, 60 लीटर देशी शराब बरामद

## झारखंड से बिहार सप्लाई होती है शराब पलामू में कई जगहों पर बन रही है अवैध शराब

पलामू, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड से अवैध शराब की खेप बिहार जा रही है। पलामू में अवैध शराब की खेप पकड़ी गयी। अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 90 क्विंटल जावा महुआ तथा 60 लीटर महुआ से निर्मित अवैध शराब बरामद की गयी। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा तथा उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने मंगलवार की देर शाम जिले के पथरा ओपी के सहयोग से अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया।

**छापेमारी में अवैध शराब बनाने के उपकरण भी हुए जब्त**

छापेमारी में अवैध शराब की खेप के साथ- साथ शराब बनाने के उपकरण को घटनास्थल पर ही नष्ट किया गया।

हालांकि भनक लगते ही शराब बनाने वाले कारोबारी जंगली क्षेत्र का फायदा उठाकर फरार हो गए, जिन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

**अवैध शराब के दुकानों की जानकारी मिली थी**

अभियान का नेतृत्व कर रहे उत्पाद निरीक्षक ने बताया कि हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भांवर गांव के मंगरदाहा टोला के जंगली



इलाकों में बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब की भट्ठी चलने की सूचना मिल रही थी। सूचना के आलोक में पुलिस के साथ टीम बनाकर कार्रवाई की गयी। इस दौरान बड़े पैमाने पर चल रहे चुलाई के अड्डे को ध्वस्त किया गया। साथ ही एक पुराने कुएं में जावा महुआ डाला हुआ पाया गया। उसे भी नष्ट किया गया।

**बिहार के औरंगाबाद और गया में सप्लाई हो रही थी अवैध शराब की खेप**

अभियान में पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार के अलावा पुलिस बल के कई जवान शामिल थे। मालूम हो कि अवैध महुआ शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर इन क्षेत्रों में चल रहा है। जो बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में सप्लाई किया जाता है। कारोबारी बड़े पैमाने पर और नए-नए तरीके से महुआ चूलाई कर शराब तैयार कर बिहार राज्य के औरंगाबाद और गया जिला में सप्लाई करते हैं। शराब कारोबारियों द्वारा पुराने कुंए का उपयोग जावा महुआ तैयार करने में किया जा रहा है। जिससे अनुमान लगाया जा सकता है कि कितने बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब का कारोबार इन क्षेत्रों में फल फूल रहा है।

# सीएम सोरेन ने केंद्र जीएसटी से राजस्व घाटे की भरपाई की मियाद पांच साल और बढ़ाने की मांग की

रांची, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड के राजस्व में हर साल करीब पांच हजार करोड़ की कमी आई है। यह दावा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। उन्होंने बुधवार को केंद्र माल एवं सेवाकर (जीएसटी) लागू करने से राजस्व में आई कमी की भरपाई के लिए जून 2022 को खत्म हुई मियाद को और पांच साल तक बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड पर झारखंड की 1.36 लाख करोड़ रुपये की देनदारी बाकी है, जिसे चुकाया नहीं जा रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेतृत्व में वर्ष 2019 में सरकार बनी थी।

# मोबाइल में किताब डाउनलोड कर परीक्षा दे रहे थे स्टूडेंट्स

## सेमेस्टर एग्जाम में मोबाइल कर दिया अलाऊ, जांच में निकलीं कुलपति तो देखकर रह गईं दंग

भिलाई, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के इस समय सेमेस्टर एग्जाम चल रहे हैं। इस परीक्षा में जमकर नकल प्रकरण सामने आ रहे हैं। वैशाली नगर कॉलेज में तो परीक्षार्थियों को मोबाइल अलाऊ कर दिया गया। इससे छात्र पूरी गणित की किताब मोबाइल में डाउनलोड करके ले गए। स्टूडेंट्स मोबाइल देखकर पेपर सॉल्व कर रहे थे। तभी कुलपति की टीम ने उन्हें धर दबोचा।

यूनिवर्सिटी के फर्स्ट और थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में जांच करने के लिए कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा की टीम हर दिन निकल रही है। हर दिन की तरह वो बुधवार भी सभी कॉलेजों का दौरा करने निकली। यहां थर्ड सेमेस्टर की गणित की परीक्षा चल रही थी। जैसे ही कुलपति की टीम परीक्षा हॉल पहुंची। छात्र हड़बड़ाने लगे और कुछ छिपाने की कोशिश करने लगे। टीम यह देखकर छात्रों के पास गए तो देखा कि उनके पास मोबाइल फोन है। मोबाइल चेक करने पर उसमें पीडीएफ फॉर्मेट में पूरी किताब डाउनलोड मिली। छात्र मोबाइल देखकर सवालों के उत्तर लिख रहे थे। टीम ने दो छात्रों के मोबाइल जब्त कर लिए हैं।

**कॉलेज स्टाफ को जारी किया गया नोटिस**

कुलपति ने यह सब देख काफी नाराजगी जताई। उन्होंने वैशाली नगर कॉलेज के परीक्षा स्टाफ और प्रबंधन को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने पूछा कि कक्ष निरीक्षक के रूप में किसकी ड्यूटी लगाई गई है ? उपस्थित केंद्राध्यक्ष ने जवाब दिया कि सहायक प्राध्यापकों की। फिर उन्होंने कक्षा में मोबाइल लेकर बैठने पर सवाल उठाया। इस लापरवाही के लिए डीयू ने संबंधित कॉलेज से पूरी जानकारी मांगी है। इसके साथ संबंधित शिक्षकों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। जवाब और जानकारी मिल जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कुलपति ने कॉलेज प्रबंधक से परीक्षा ड्यूटी में तैनात स्टाफ के नाम और व्यवस्था की जानकारी ली। जब उन्होंने पूछा कि परीक्षा हाल में मोबाइल कैसे अलाऊ किया गया। इस पर प्रबंधन गोलमोल जवाब देने लगा। उनके मुताबिक हम सभी छात्रों की जांच नहीं कर पाते। छात्र मोबाइल न ले जाएं, इसके लिए उन्हें बीच-बीच में इसकी चेतावनी देते रहते हैं। इसके बाद कुलपति ने परीक्षा के दौरान सभी छात्रों की जांच करने के निर्देश दिए। एक दिन पहले मंगलवार को कुलपति की टीम ने भिलाई तीन कॉलेज का दौरा किया था। यहां टीम को परीक्षा हाल में एक स्टाफ ड्यूटी पर नहीं मिला था। परीक्षा हाल को पूर्व छात्रों के भरोसे छोड़ दिया गया था। इसे लेकर भी कुलपति ने काफी फटकार लगाई थी। वैशाली नगर कॉलेज के बाद टीम साई कॉलेज गई। वहां भी कक्षाओं का निरीक्षण किया। यहां चाक-चौबंद व्यवस्था मिली। यहां भी उपस्थित स्टाफ और अन्य लोगों को परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा दो और टीमों ने भी 3-3 कॉलेजों का निरीक्षण किया।

# तेंदुए ने तीन हफ्ते में चार को बनाया निवाला

रांची, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड के गढ़वा जिले में एक आदमखोर तेंदुआ आतंक मचाए हुए है। वह लगातार लोगों को निशाना बना रहा है। अब उसने अब 20 साल के एक युवक को मार डाला। तीन सप्ताह में यह चौथी मौत है।

अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि माना जा रहा है कि चारों मौतें एक ही तेंदुए के हमले में हुई हैं। तेंदुआ लगातार लोगों की जान ले रहा है, लेकिन उसे आदमखोर घोषित करने की कार्यवाही वन विभाग की फाइलों में गुम है। गढ़वा के वन मंडल ने कहा है कि इस तेंदूए को नरभक्षी या आदमखोर घोषित करने के प्रस्ताव का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। तेंदुए के हमले में मौत की ताजा घटना गढ़वा जिले के रामकंडा के कुशवाह गांव में हुई। गांव में चाचा के यहां से अपने घर लौट रहे हरेंद्र नायक पर बुधवार शाम साढ़े छह बजे तेंदुए ने हमला कर दिया। गढ़वा मंडल वन अधिकारी (दक्षिण) शशि कुमार के अनुसार तेंदुए ने युवक की



गर्दन पर हमला किया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

गत 20 दिनों में इस क्षेत्र में इस तरह की यह चौथी घटना है। इससे पहले रंका प्रखंड के सेवडीह गांव में 19 दिसंबर को छह साल की एक बच्ची को तेंदुए ने मार डाला था। इससे पूर्व 14 दिसंबर को भंडरिया प्रखंड के रोड़ो गांव में तेंदुए ने एक अन्य छह साल की बच्ची को मार डाला था।

इसी तरह लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के चिपडोहर इलाके में 10 दिसंबर को एक 12 साल की बच्ची की तेंदुए के हमले में मौत हो गई थी। शशि कुमार ने कहा कि 19 दिसंबर की घटना के बाद हम ड्रोन कैमरों के माध्यम से क्षेत्र की निगरानी करते रहे, लेकिन, हमें तेंदुए का कोई निशान नहीं मिला। हमें लगा कि यह क्षेत्र छोड़ कर चला गया है। उन्होंने कहा कि ताजा घटना के बाद हमने तेंदुए को आदमखोर घोषित करने के अपने मसौदा प्रस्ताव को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसे मंजूरी के लिए मुख्य वन्यजीव वार्डन के पास भेजा जाएगा। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए तीन पिंजरे भी मंगवाए हैं। ग्रामीणों को सूर्यास्त के बाद घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई थी, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।



# प्रभारी के सामने हारे हुए कांग्रेस उम्मीदवारों का हंगामा

## बोले- निर्दलीयों ने खुली लूट मचा रखी है, ऐसा भ्रष्टाचार कभी नहीं देखा

जयपुर, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर रंधावा के सामने आज निर्दलीय और बसपा विधायकों की सीटों पर हारे हुए कांग्रेस उम्मीदवारों ने हंगामा कर दिया। कांग्रेस के हारे हुए विधायक उम्मीदवारों को आज अस्पताल रोड पर कांग्रेस वॉर रूम में फीडबैक के लिए बुलाया गया था। कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर रंधावा और प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा वॉर रूम में फीउबैक ले रहे हैं। 13 निर्दलीय विधायकों और 6 बसपा मूल के विधायकों वाली सीटों पर हारे हुए कांग्रेस उम्मीदवारों ने आते ही प्रभारी के सामने आते ही उनकी अनदेखी का मुद्दा उठाते ही जमकर हंगामा किया। बाद में इन्हें शांत किया गया।

शाहपुरा से कांग्रेस के हारे हुए उम्मीदवार मनीष यादव, नदबई से हिमांशु कटारा, खंडेला से सुभाष मील, बहरोड़ से आरसी यादव सहित हारे हुए कांग्रेस उम्मीदवारों ने प्रभारी और प्रदेशाध्यक्ष को जमकर खरी खरी सुनाई। हारे हुए उम्मीदवारों ने कहा- निर्दलीयों ने हर डिपार्टमेंट में लूट मचा रखी है। वे हर बात में सीएमओ को धमकी देते हैं। उनके सारे काम होते हैं। हमने विपक्ष में रहते हुए भी संघर्ष किया। अब कांग्रेस का राज होते हुए भी हम पीड़ित हैं। जिस कार्यकर्ता ने विपक्ष में रहकर लाठियां खाई, खून पसीना बहाया वो आज राज में भी पीड़ित हैं। आगे पार्टी के साथ कौन खड़ा होगा। निर्दलीयों के तांडव का कांग्रेस को नुकसान होगा।

**मनीष यादव बोले- सरकार ने चार साल में कांग्रेस और कार्यकर्ताओं को खम करने की मंशा**

शाहपुरा से कांग्रेस के टिकट पर हारे हुए उम्मीदवार मनीष यादव ने कहा- निर्दलीयों ने लूट और तांडव मचा रखा है। उसकी शिकायत हमने रंधावाजी से की है। हम मजबूती से इन लोगों का सामना कर रहे हैं। निर्दलीयों ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। आप शाहपुरा, खंडेला सहित निर्दलीयों वाले किसी भी क्षेत्र में जाकर देख लीजिए। चाहे नगरपालिका ईओ



हो या कोई ऑफिस हो, ऐसा भ्रष्टाचार कभी नहीं देखा। राज चलाने का मतलब यह नहीं होता कि कार्यकर्ता को मरने दिया जाए। चार साल तक विपरीत हालात में जिन कार्यकर्ताओं ने पार्टी सारी शिकायतें रंधावा से की हैं। उन्होंने जिस तरह सुना है। लगता है जल्द फैसला होगा। सरकार ने चार साल में जिस तरह कांग्रेस और कांग्रेस कार्यकर्ता को खत्म करने की मंशा से काम किया है। उसके बारे में प्रभारी को बताया है।

**चार साल में कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ न्याय नहीं हुआ**

मनीष यादव ने कहा- सचिन पायलट ने हम नौजवान लोगों को चुनाव लड़ने का अवसर दिया। आज जिस तरह का वातावरण बना हुआ है। जिस प्रकार चार साल में हमारे कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया गया। हमें दर्द यही है कि हमें पार्टी ने उम्मीदवार बनाया, लेकिन संगठन और स्थानीय चुनावों के टिकटों में हमारी राय नहीं ली गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ न्याय होना चाहिए था। चार साल में कार्यकर्ता के साथ न्याय नहीं हुआ। उन विधानसभाओं में हमें चुनावों में भारी नुकसान होगा। क्योंकि निर्दलीयों और उनके परिजनों ने लूट खसोट की है। उसके बारे में कोई बता देगा। राज चलाने के नाम पर भ्रष्टाचार किया कि राजस्थान में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**सुभाष मील बोले- सीएमओ के नाम पर निर्दलीय हर किसी को धमकाते हैं**

खंडेला से हारे हुए उम्मीदवार सुभाष मील ने कहा- जिन लोगों ने कांग्रेस को वोट दिया उन लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन लोगों को प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए। निर्दलीयों की सहायता से सरकार चलाने के नाम पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित नहीं करना चाहिए। खुली लूट मचा रखी है, उसका जवाब जनता दे देगी। हमारी मुख्य मांग है कि संगठन में हमें मौका मिलना चाहिए था। हमें संगठन में वरीयता नहीं दी गई। आज सरकार चलाने के नाम पर लूट मचा रखी है।

सीएमओ के नाम पर कर्मचारियों को धमकाया जा रहा है। खुली लूट मचा रखी है। निर्दलीय हर बात में सीएमओ को लाते है। जनता देख रही है। जो तांडव- तबाही मचा रखी है। उसका जनता जवाब दे देगी। हमने मांग रखी है कि हमें संगठन में वरीयता दी जाए। प्रभारी ने हमारी बात सुनी है और अब हमें उम्मीद है कि समाधान होगा।

**डोटासरा ने भी हारे हुए उम्मीदवारों का पक्ष लिया**

हारे हुए उम्मीदवारों का कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी पक्ष लिया। डोटासरा ने प्रभारी के सामने नाराज उम्मीदवारों का पक्ष लेते हुए कहा कि हम इनके साथ न्याय नहीं कर पाए। इन्हें संगठन में पद नहीं मिले और तवज्जो भी नहीं मिली लेकिन अब ध्यान रखा जाएगा। 19 विधानसभा क्षेत्रों में हमारे उममीदवारों के साथ हम कुछ नहीं कर पाए।

**रामेश्वर डूडी बोले- हारे हुए उम्मीदवारों की बात सही**

पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी ने कहा कि 19 विधानसभा क्षेत्रों में हमारे कांग्रेस के उम्मीदवारों की शिकायतों को दूर किया जाना चाहिए। उनकी बात सही है। चुनाव से पहले अब इनके गिले शिकवे हैं उन्हें दूर करना होगा।

# गांधी से पहले हेडगेवार ने लड़ी स्वतंत्रता की लड़ाई-निंबाराम

## बोले- हम अखंड भारत के पुजारी, देश तोड़ने वाले जोड़ने की बात करते हैं



जयपुर, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। महात्मा गांधी से पहले डॉक्टर हेडगेवार स्वतंत्रता के लिए लड़ रहे क्रांतिकारियों के नेता थे। यह दावा किया है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने। जयपुर में याजवेंद्र यादव द्वारा लिखी किताब 'तुष्टिकरण की यात्रा' के विमोचन के दौरान निंबाराम ने कहा कि स्वाधीनता संग्राम 1857 में शुरू हो गया था। जिसमें सेठ-साहूकारों से लेकर किसान, मजदूर और जनजातीय समाज के तीन लाख से ज्यादा लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई थी।

इस संग्राम में महात्मा गांधी 1915 में शामिल हुए थे। जबकि इससे पहले डॉ हेडगेवार ही स्वतंत्रता के लिए लड़ रहे क्रांतिकारियों के नेता थे। जिन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। लेकिन तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया जाता है। निंबाराम ने कहा कि कुछ लोग आज भारत जोड़ने की बात करते हैं। लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर भारत तोड़ा किसने। हम तो अखंड भारत के पुजारी हैं। लेकिन उस वक्त विभाजन केवल राष्ट्र का नहीं हुआ। बल्कि, राष्ट्रगीत वंदे मातरम का भी हुआ और राष्ट्रीय ध्वज को भी बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि याजवेंद्र यादव की यह पुस्तक शोध ग्रंथ है। जिसमें इतिहास की हकीकत बताई गई है।

इस दौरान अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष जीव सिंघल ने कहा कि जो झूठ हजार बार बोला जाता है। उसे सही मान लिया जाता है। आज का जमाना सोशल मीडिया का है। जहां एक एक शब्द को वायरल करवा दिया जाता है। पश्चिम के देशों से लिबरल्स को फंडिंग करते हैं।

# श्रीनाथजी में मुकेश अंबानी के बेटे की सगाई

## अनंत-राधिका मर्चेंट बचपन के दोस्त, गुजरात के ही बिजनेस घराने से जोड़ा रिश्ता

राजसमंद, जयपुर, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत का रोका (सगाई) एनकोर हेल्थकेयर के सीईओ वीरेन मर्चेंट के बेटी राधिका के साथ हो गया है। राजस्थान के श्रीनाथ जी में दोनों परिवारों और नजदीकी रिश्तेदारों की मौजूदगी में रोका की रस्में निभाई गईं। अनंत और राधिका बचपन के दोस्त हैं। रिलायंस ग्रुप ने प्रेस रिलीज जारी करके इसकी जानकारी दी है। रोका सेरेमनी के बाद श्रीनाथजी मंदिर में अंबानी परिवार। पूरे मंदिर को फूलों से सजाया गया है।फोटो में शैला मर्चेंट(बाएं), कोकिला बेन अंबानी(बाएं से चौथीं), राधिका मर्चेंट, अनंत अंबानी, नीता अंबानी, आकाश अंबानी, मुकेश अंबानी और मंदिर के पुजारी के बेटे विशाल बावा।

राधिका बिजनेसमैन वीरेन मर्चेंट की बेटी हैं। वीरेन मर्चेंट मुख्य रूप से गुजरात के कच्छ के रहने वाले हैं। वे ADF फूड्स लिमिटेड के नॉन एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर होने



के साथ-साथ 'एन्कोर हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी के सीईओ और वाइस चेयरमैन भी हैं। वीरेन की दो बेटियां राधिका और अंजलि हैं। वहीं, वीरेन मर्चेंट की पत्नी शैला भी एक बिजनेसवुमन हैं और वो एन्कोर प्राइवेट लिमिटेड में डायरेक्टर हैं। अंजलि भी इसी कंपनी में बतौर डायरेक्टर काम करती हैं। अंबानी और मर्चेंट परिवार एक-दूसरे के साथ एक खास रिश्ता शेयर करते हैं।

राधिका मर्चेंट ने अपनी ग्रेजुएशन न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी से पूरी की थी। इसके बाद वह इंडिया वापस आ गईं। भारत वापस आने के बाद उन्होंने वाइस चेयरमैन के पोस्ट पर इस्प्रवा जॉइन किया। यह एक रियल एस्टेट फर्म है, जो फाइन टेस्ट वाले लोगों के लिए हॉलीडे होम बनाती है। इसके साथ ही वे एक सफल बिजनेस वूमन हैं। वह अपने पिता की कंपनी एन्कोर हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर हैं। राधिका को ट्रैकिंग और स्विमिंग बहुत पसंद है। कॉफी की वह दीवानी हैं। राधिका और अनंत बचपन से एक दूसरे को जानते हैं। राधिका और अनंत की 2018 में साथ में फोटो वायरल हुई थी। फोटो में दोनों मैचिंग ग्रीन आउटफिट में नजर आए थे।

राधिका एक ट्रेंड इंडियन क्लासिकल डांसर हैं। जून 2022 में अंबानी परिवार ने अपनी होने वाली बहू राधिका मर्चेंट के लिए अरंगेत्रम सेरेमनी होस्ट की थी। वहां बॉलीवुड के नामी सितारे पहुंचे थे। सेरेमनी से राधिका के क्लासिकल डांस करते हुए कई वीडियोज सामने आए थे। इन वीडियोज में जिसने भी राधिका का डांस देखा था, उसने राधिका की तारीफों के पुल बांधे थे।

अंबानी परिवार अपनी बेटी ईशा अंबानी को संतान प्राप्ति की मनोकामना पूरी होने पर मुकेश अंबानी श्रीनाथ जी मंदिर में विशेष पूजा पाठ और नगर भोज का आयोजन भी कर रहे हैं। नाती और नातिन होने की खुशी में मुकेश अंबानी नाथद्वारा शहर के हर घर में मिठाई का पैकेट बांटेंगे। गुरुवार दोपहर को मुकेश अंबानी, कोकिला बेन अंबानी, नीता अंबानी, आकाश अंबानी, आनंद पीरामल सहित परिवार के अन्य लोग भी नाथद्वारा पहुंच गए हैं।

# 40 साल में राजस्थान में सिर्फ 58 आईएएस पद बढ़े

## केंद्र 5 प्रतिशत पद बढ़ाने को राजी, राजस्थान 16 प्रतिशत पर अड़ा

जयपुर, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। आईएएस अधिकारियों के पदों की बढ़ोतरी के मामले में 2022 में भी राजस्थान के हाथ खाली रह गए। आईएएस कैडर रूल्स के अनुसार हर पांच साल में राज्यों में आईएएस कैडर रिव्यू होता है। राजस्थान में आईएएस का कैडर रिव्यू 2021 में होना था। मगर कैडर बढ़ाने को लेकर केंद्र और राजस्थान में सहमति नहीं बन पाने के चलते अबतक राजस्थान को आईएएस के अतिरिक्त पद नहीं मिल सके हैं।

राज्य सरकार ने प्रदेश में आईएएस अधिकारियों की कमी को देखते हुए केंद्र से कैडर रिव्यू में 16 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग की थी। इससे पहले केंद्र ने पीएमओ एडवायजरी का हवाला देते हुए 5 प्रतिशत पद बढ़ाने की बात कही थी। इसके बाद प्रदेश में आईएएस की कमी को देखते हुए राजस्थान ने दोबारा से केंद्र से 16 प्रतिशत कैडर बढ़ाने को कहा है। मगर इसपर अबतक कोई डिसीजन नहीं हो पाया। इसके चलते 2021 में




होने वाला राजस्थान का कैडर रिव्यू अब 2023 पर खिसक गया है।

दरसअल, 1 जुलाई 2013 की पीएमओ की एडवायजरी के तहत बताया गया था कि सामान्यतः कैडर रिव्यू में हर स्टेट को 5 प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है। मगर विशेष परिस्थितियों में इसे 28 प्रतिशत तक भी बढ़ाया गया। कैडर को लेकर आईएएस कैडर रूल्स 1954 में कोई सीमा तय नहीं की गई है। अभी फिलहाल राजस्थान के पास आईएएस के 313 पद स्वीकृत हैं। राजस्थान सरकार के 16 प्रतिशत कैडर रिव्यू के प्रपोजल के तहत अगर पद बढ़ते हैं तो राजस्थान में 365 पद हो जाएंगे। इसमें राजस्थान प्रशासनिक सेवा से प्रमोट होने वाले अधिकारियों के पद भी शामिल होंगे।

कैडर रिव्यू पर नजर डालें तो राजस्थान इस मामले में कभी भी भाग्यशाली नहीं रहा। 5 प्रतिशत से ज्यादा तो दूर राजस्थान में आईएएस के पद कैडर रिव्यू के अनुसार औसतन 5 प्रतिशत के अनुसार भी नहीं बढ़े। राजस्थान में पिछले 40 साल में हुए कैडर रिव्यू पर नजर डालें तो ये बेहद कम नजर आता है। अगर हर बार 5 प्रतिशत पद भी राजस्थान को कैडर रिव्यू के दौरान मिले होते तो अबतक राजस्थान के पास 372 पद होते मगर ऐसा नहीं हुआ।

राजस्थान के साथ चौंकाने वाली बात ये रही कि दो दशकों तक तो राजस्थान में आईएएस के पद बढ़ने के बजाय कम रहे। 1991 में 3 पद आईएएस के राजस्थान में बढ़े थे। इसके बाद 1997 में हुए कैडर रिव्यू में 2.25 प्रतिशत पद कम कर दिए गए। इससे 266 से घटकर 260 पद हो गए। इसके बाद 2004 में जब रिव्यू हुआ तो कोई बदलाव नहीं किया गया। इसके बाद 2010 में जाकर पद बढ़े। यानी 1991 से 2010 के बीच तो राजस्थान में आईएएस के पद बढ़ने के बजाय माइनस में रहे।

# गहलोत बोले- सरकार रिपीट नहीं होगी कहना बंद करें

## कहा- गलतियां हुई होंगी, लेकिन सब भुलाकर दोबारा सरकार बनवाएं

जयपुर, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। बजट पर सुझाव देने के लिए बुलाए गए कांग्रेस के एक दिन के अधिवेशन में सीएम अशोक गहलोत ने कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं को सख्त हिदायत दी है। सीएम ने कहा, 'यह कहना बंद कर दीजिए कि हमारी सरकार रिपीट नहीं हो रही है। यदि हम रिपीट करेंगे तो यह राजस्थान नहीं बल्कि देश के लिए होगा। जो नेता खुद के मुंह से पार्टी के लिए उलटी बात कहे, वह पार्टी का वफादार नहीं है। पार्टी के प्रति वफादार रहो, निष्ठावान रहो, समर्पित रहो और धैर्य रखो। ईमानदारी उसी में है। सबको पद मिल नहीं सकते।

गलतियां सबसे होती हैं। हुई होंगी, नेता कार्यकर्ता नाराज होते हैं, लेकिन हम तय कर लें कि पार्टी हित में सब कुछ भूलकर सरकार दोबारा बनवानी है। हम अगर निकल जाएंगे और एक स्वर में बोलेंगे तो सरकार जरूर फिर से बनेगी। पर खुद के मुंह से उलटी बात करेंगे तो कुछ नहीं होगा। जो ऐसा बोलता है, वह कांग्रेस का वफादार नहीं है।'

गहलोत ने कहा, 'सबको पद मिल नहीं सकता है। सोनिया गांधी ने कहा था कि धैर्य रखने वाले को कांग्रेस में पद मिलता ही मिलता है। गहलोत ने राज्यसभा सांसद नीरज डांगी की तरफ इशारा करते हुए कहा, यह नीरज डांगी बैठा है।



इसने कभी सोचा था कि यह राज्यसभा का मेंबर बन जाएगा। यह सोनिया गांधी की भावना थी। कब किसके ऊपर नजर चली जाए और मौका मिल जाए। मैं भी नहीं जानता था कि एक दिन मुख्यमंत्री बनूंगा।'

गहलोत ने कहा कि पार्टी में अनुशासन नहीं है तो यह सही नहीं है। जो पार्टी के प्रति निष्ठा रखता है तो वह नहीं चाहेगा कि पार्टी कमजोर हो। जब मैं दिल्ली का प्रभारी था तब कहा जा रहा था कि तीसरी बार सरकार बनना मुश्किल है, लेकिन मैंने नेताओं से कहा कि जब आप खुद ही कहोगे कि मुश्किल है तो सरकार कैसे बनेगी? आखिरकार वहां तीसरी बार भी सरकार बनी और मतभेद होने के बावजूद शीला दीक्षित ने कहा कि आपने जो कहा, उससे माहौल बदला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गलतियां सबसे होती हैं, हुई होंगी, नेता कार्यकर्ता नाराज होते हैं, लेकिन हम तय कर लें कि पार्टी हित में सब कुछ भूलकर फिर से सत्ता हासिल करना है। हम अगर निकल जाएंगे और एक स्वर में बोलेंगे तो कामयाबी मिलेगी।

उन्होंने कहा- जाति के नाम पर राजनीति करना आसान होता है। धर्म के नाम पर दंगे कराना आसान होता है। दंगों को रोकना मुश्किल होता है। आग दिलों में लगे या कही लगे वो पाप है, इसीलिए राहुल गांधी ने प्यार मोहब्बत की बात करते हैं। उन्होंने नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान की बात कह कर भाजपा की धज्जियां उड़ा दी है। पूरा देश समझ गया कि राहुल की यात्रा का सार क्या है। हम सबको यही दुकान लगाने के लिए चल पडना है। स्वीकार करना चाहिए कि जनता से संपर्क कम हुआ है।

उन्होंने आगे कहा- हमारा जनता से संपर्क कम हो गया है। यह बात कड़वी लग सकती है, लेकिन यह जरूरी है। जितना ज्यादा संपर्क होगा, उतना ही पार्टी मजबूत होगी। राहुल गांधी ने जो कमियां बताई हैं, उन्हें स्वीकार करना चाहिए।

हमें भी चुनौती स्वीकार करनी चाहिए। कांग्रेस की सरकार बनती है तो पूरे देश में माहौल बनेगा। राजस्थान में कांग्रेस इस बार यहां के लिए नहीं पूरे देश के लिए जीतेगी।

# चार राज्यों में पांच आश्रम चलाने वाला महंत गिरफ्तार

## नाबालिग से किया था यौन शोषण



भीलवाड़ा, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में चार राज्यों में पांच आश्रम चलाने वाला महंत को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महंत पर नाबालिग से यौन शोषण का आरोप लगा है।

नाबालिग से यौन शोषण के मामले में पुलिस ने भीलवाड़ा के हनुमान मंदिर के महंत सरजूदास महाराज को गिरफ्तार किया है। पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज होने और सबूत मिलने पर महंत को आठ थानों की पुलिस ने बुधवार को उसके आश्रम से पकड़ा। उसे बुधवार को ही कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है। महंत को उसी एएसपी ने पकड़ा, जिसने आसाराम को गिरफ्तार किया था। भीलवाड़ा के घोड़ास डांग के हनुमान मंदिर के इस महंत के पास महाराष्ट्र, यूपी समेत चार राज्यों के पांच आश्रमों को चलाने की जिम्मेदारी है।

महंत पर नाबालिग की मां ने एसिड अटैक का आरोप भी लगाया था। हालांकि, इसमें आरोपी के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले थे। दरअसल, मां-बेटी दोनों ने आरोपी के खिलाफ मांडल (भीलवाड़ा) थाने में अलग-अलग केस दर्ज कराए थे। पुलिस ने बताया, मां ने एसिड अटैक को लेकर महंत के खिलाफ छह दिसंबर को शिकायत दी थी। वहीं, बेटी ने 18 दिसंबर के यौन शोषण की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा ने बताया, सरजूदास के खिलाफ मांडल थाने में मामला दर्ज होने के बाद से ही पुलिस सक्रिय हो गई थी। पुलिस ने आश्रम में काम करने वाले कई लोगों और नाबालिग के साथ रहने वाले बच्चों से पूछताछ की थी। पुलिस ने जलगांव (महाराष्ट्र) स्थित आश्रम में रहने वाले एक युवक से भी इस मामले में पूछताछ की थी, जिसे नाबालिग ने महंत की ओर से किए यौन शोषण के बारे में बताया था।

# जयपुर में हत्या कर फेंका युवक का शव!

## रेलवे ट्रेक के पास पड़ी मिली लाश, 15 फीट दूरी तक पड़े मिले टुकड़े

जयपुर, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर में हत्या का एक युवक का शव फेंकने का मामला सामने आया है। रेलवे ट्रेक के पास बुधवार सुबह उसकी लाश पड़ी मिली। 15 फीट दूरी तक सिर के टुकडे.पड़े थे। लोगों की सूचना पर करधनी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस प्रथमदृष्टया ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत होना मान रही है। वहीं, मृतक के पिता ने पत्नी सहित उसके परिवार पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएचओ ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे सूचना मिली कि गोकुलपुरा फाटक स्थित रेलवे ट्रेक के पास एक युवक की लाश पड़ी है। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव से करीब 15 फीट दूरी तक सिर के टुकड़े पड़े मिले। मृतक की पहचान रतन लाल (25) पुत्र दयाल राम कुमावत के रूप में हुई। वह विश्वकर्मा इलाके में रहकर मजदूरी का काम करता था। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि देर रात ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। ट्रेन की टक्कर लगने से उसका सिर के टुकड़े 15 फीट दूर तक जा गिरे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल की मॉच्यूरी भिजवाया। मृतक के पिता दयाल राम ने बेटे रतन की हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज

# 125 बीघा जमीन को लेकर घिरे रॉबर्ट वाड्रा

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पूनिया बोले- वे माफिया से कम नहीं है

जयपुर, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। सतीश पूनिया ने कहा-सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा राजस्थान के किसानों की जमीन हड़पने वाले माफिया से कम कुछ नहीं है। जिस तरह कांग्रेस के मुख्यमंत्री और सरकार ने इस पर पर्दा डालने की कोशिश की है, यह हमारे लिए आश्चर्य और ताज्जुब की बात है।

यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी के दामाद, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के पति और राहुल गांधी के जीजाजी रॉबर्ट वाड्रा व उनकी मां से जुड़ी कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटेलिटी की राजस्थान के सरहदी जिले बीकानेर में विवादित जमीन खरीद की ईडी जांच रद्द करने की मांग वाली याचिका पिछले हफ्ते 22 दिसम्बर को खारिज कर दी गई थी। राजस्थान हाईकोर्ट से उन्हें राहत नहीं मिलने पर राजस्थान बीजेपी ने वाड्रा, गांधी परिवार और राजस्थान की गहलोत



सरकार को निशाने पर लिया है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने इसी मुद्दे पर प्रेस वार्ता कर राहुल गांधी और सीएम अशोक गहलोत से सवाल किया है कि मामले पर कब चुप्पी तोड़कर जवाब देंगे या कोई एक्शन लेंगे। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने गुरूवार को जयपुर में अपने निवास पर स्थित जनसंवाद केंद्र पर प्रेसवार्ता बुलाकर कहा- राजस्थान और हिन्दुस्तान की जनता ने बहुत सब्र कर लिया। लेकिन सब्र की सीमा तब टूटी है, जब नेहरू-गांधी खानदान पर सीधे-सीधे उंगली उठ रही है। 2008 से 2013 के कार्यकाल में 125 बीघा जमीन इसी कांग्रेस पार्टी की सरकार ने ऐसे व्यक्ति को आवंटित कर दी। जिसका कोई अस्तित्व ही नहीं था। बाद में जब कनेक्शन देखा गया, तो रॉबर्ट वाड्रा और उनकी मां की कम्पनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी का उसमें सीधे-सीधे जुड़ाव महसूस किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा केंद्र : रवींद्र जायसवाल



हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव रवींद्र जायसवाल ने बताया कि विश्व हिन्दी सम्मेलन हिन्दी भाषा का सबसे बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन है, जिसमें विश्व भर से हिन्दी विद्वान, साहित्यकार, पत्रकार, भाषा विज्ञानी, विषय विशेषज्ञ तथा हिन्दी प्रेमी जुटते हैं। राजभाषा अधिकारी अनुराधा पांडे से बातचीत में रवींद्र जायसवाल ने बताया कि इस बार "12वां विश्व हिंदी सम्मेलन" का आयोजन फिजी में किया जा रहा है।

यह पहला मौका है जब पैसिफिक क्षेत्र के किसी देश में यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन अगले साल 15 से 17 फरवरी तक भारतीय विदेश मंत्रालय और फिजी सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस सम्मेलन में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व करेंगे। यह सम्मेलन फिजी के नाडी शहर में होगा। विश्व हिंदी सम्मेलन के शुभंकर का चयन एक विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा के माध्यम से किया गया है। इसके लिए 1436 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं और इनमें से 78 प्रविष्टियों पर अंतिम रूप से विचार करने के बाद मुंबई के मुन्ना कुशवाहा द्वारा परिकल्पित शुभंकर का चयन किया गया। विजेता को 75 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

केंद्रीय सचिव ने बताया कि फिजी में हिंदी की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत की ओर से एक भाषा प्रयोगशाला भेंट की जाएगी जिसके माध्यम से लोगों को सुगमता से हिंदी सीखने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्र संघ में हिन्दी को आधिकारिक भाषा के तौर पर मान्यता दिलाने के लिए विदेश मंत्रालय लगातार प्रयासरत है। फिजी में हिंदी की स्थिति के बारे में बताते हुए केंद्रीय सचिव ने कहा कि फिजी में हिन्दी भाषा न सिर्फ प्राइमरी, सेकेंडरी स्कूलों, यूनिवर्सिटीज में पढ़ाई जाती है, बल्कि फिजी के संविधान में इसे आधिकारिक भाषा का दर्जा हासिल है। फिजी में हिन्दी की शुरूआत 1879 से 1916 के बीच मानी जाती है। उस समय फिजी और भारत पर अंग्रेजी शासन था। बताया जाता है कि उस समय गन्ना के खेतों में काम करने के लिए भारत से करीब 60,000 मजदूरों को फिजी लाया गया था। इनमें अधिकतर लोग उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार के थे। संयुक्त राष्ट्र (2020) के अनुसार, फिजी की जनसंख्या करीब 8,96,000 है और उनमें से 30 प्रतिशत से अधिक लोग भारतीय मूल के हैं।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन का विषय 'परंपरागत ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक' रखा गया है और यह सम्मेलन 8 विशेष सत्रों के साथ-साथ हिंदी के काल दर काल हिंदी का दायरा कैसे व्यापक होता गया इस विषय पर आधारित होगा। सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए उल्लेखनीय प्रयास कर रही है। मेरा मानना है कि या आयोजन भारत और विदेश में रहने वाले हिंदी प्रेमी, विद्वान तथा शिक्षण संस्थान इस सम्मेलन में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे और इसका भरपूर लाभ उठाएंगे।

## तेलंगाना दसवीं परीक्षाओं के लिए समय सारणी जारी

हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, तेलंगाना ने गुरुवार को एसएससी सार्वजनिक परीक्षा-2023 और ओएसएससी और व्यावसायिक, नियमित और निजी एक बार असफल उम्मीदवारों के लिए समय सारणी जारी की है।

एसएससी बोर्ड की परीक्षाएं 3 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित की जाएंगी। सभी विषयों में ऑब्जेक्टिव पेपर (पार्ट-बी) का उत्तर अंतिम 30 मिनट में दिया जाना है और सभी शैक्षणिक पाठ्यक्रम के विषय/पेपर एसएससी शैक्षणिक पाठ्यक्रम और ओएसएससी पाठ्यक्रम के उम्मीदवारों दोनों के लिए सामान्य हैं। सरकार द्वारा सार्वजनिक या सामान्य अवकाश घोषित किए जाने पर भी एसएससी बोर्ड परीक्षा समय सारणी के अनुसार कड़ाई से आयोजित की जाएगी।

## रक्तदान शिविर का आयोजन किया



हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा सिकंद्राबाद द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शाखा मंत्री शीतल जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शाखा अध्यक्ष रक्षा जैन की अध्यक्षता में श्री नाकोड़ा भैरव परिवार द्वारा आयोजित एक शाम श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ के नाम, चतुर्थ महाभक्ति महोत्सव में पर्ल शाखा द्वारा बांठिया गार्डन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए लगाया गया।इस शिविर में 29 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस शिविर में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शाखा परिवार की ओर से सभी रक्त वीरों को बहुत-बहुत साधुवाद।

शिविर को सफल बनाने में आंध्रप्रदेश तेलंगाना के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश एम जैन सिकंदराबाद शाखा के मंत्री मनोज जैन, हैदराबाद शाखा के राकेश जैन, शाखा कोषाध्यक्ष कला गांधी,संतोष गुजरानी,अनीता सुराणा,वंदना दुग्गड, ममता जैन,मीना जैन, हेमा जैन,पुष्पा कोठारी,रतन गांधी,अंकिता जैन, खुशबू जैन, रिद्धि बोहरा, सिद्धि बोहरा, भव्या बोहरा, हार्दिक जैन, का सराहनीय सहयोग रहा। शाखा की रक्तदान संयोजिका पूनम बोहरा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 'देश की एकता के लिए हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की जरूरत'

## चवाकुल रामकृष्ण राव को 'साहित्य भूषण' प्रदान किया गया



हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ संगठन अंतरराष्ट्रीय हिन्दी समिति की ओर से 'हिन्दी कैसे बने विश्व भाषा' विषय पर आयोजित संगोष्ठी और साहित्यकार सम्मान समारोह के अध्यक्ष पूर्व कुलपति डॉ. प्रेमचंद पातंजलि ने कहा कि हम सभी को देश की एकता व अखंडता के लिए हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की जरूरत है, साथ ही हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि हिंदी विश्व भाषा कैसे बने। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए भारत सरकार की संसदीय राजभाषा समिति के संयोजक और राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा ने कहा हिन्दी प्राचीन समय से ही वैश्वनिक भाषा है। राष्ट्रीय कवि संगम के संस्थापक जगदीश मित्तल ने कहा आज हम भाषा के महत्व को भूल चुके है और अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों में भेज रहे है जबकि देश में चिकित्सा विज्ञान, अभियांत्रिकी और सूचना प्रौद्योगिकी की शिक्षा भी हिन्दी में प्रारंभ हो चुकी है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिन्दी को विश्व में नए कीर्तिमान के रूप में स्थापित कर दिया है और विश्व भर के लोग इस बात को भलीभांति समझने लगे है कि यदि भारत से व्यापार करना है तो हिन्दी सीखनी होगी। संस्था के महासचिव डॉ. प्रवीण गुप्ता ने कहा संस्था हिन्दी को पेट की भाषा बनाने के लिए कार्यरत है। साथ ही अदालतों में हिन्दी को लागू कराने के लिए तत्पर है। हिन्दी संयुक्त राष्ट्र की भाषा जरूर बनेगी शुरूआत हो चुकी है। दक्षिण भारत की भाषाओं को भी आगे बढ़ाना होगा ताकि वे भी सुगमता से हिन्दी का प्रयोग करे। अंतरराष्ट्रीय हिन्दी समिति के सचिव डॉ. आशीष गुप्ता ने संस्था का परिचय देते हुए कहा- अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी समिति का गठन 2005 में और पंजीकरण 2011 में लखनऊ के पूर्व महापौर, प्रकाण्ड हिन्दी विद्वान, स्वतंत्रता सैनानी, एमएलसी डॉ. दाऊजी गुप्त और डॉ. श्रीभगवान शर्मा के नेतृत्व में हुआ। संस्था ने 8-9-10-11 विश्व हिन्दी सम्मेलनों में अपनी सक्रिय भूमिका अदा की। विदेशों में कार्यरत हिन्दी संगठनों को सहयोग प्रदान किया। विदेशियों को हिन्दी बोलने-लिखने व प्रचारित प्रसारित करने पर सम्मान प्रदान किए। दक्षिण भारत हैदराबाद से पधारे हिन्दी प्रचार मित्र मण्डली व दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा के चवाकुल रामकृष्ण राव को साहित्य भूषण प्रदान किया गया। इस अवसर पर चवाकुल रामकृष्ण राव ने कहा कि उनके पिता स्व. चवाकुल नरसिम्ह मूर्ति के अदम्य प्रयास से हैदराबाद सहित दक्षिण भारत में हिंदी के प्रचार-प्रसार को बल मिला। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा के प्रचार प्रयास से ही देश की एकता संभव है। इस दौरान जिला हिंदी प्रेमी मंडली, हैदराबाद की ओर से चवाकुल रामकृष्ण राव ने प्रवीण गुप्ता व आशहीष गुप्ता को चवाकुल नरसिम्ह मूर्ति महात्मा गांधी हिंदी शांति पुरस्कार प्रदान कर सम्मान किया।

# श्री देवनारायण वीर गुर्जर समाज ट्रस्ट की नयी कार्यकारिणी गठित

## देवीदत्त कोली बने वीर गुर्जर समाज तेलंगाना के अध्यक्ष



हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अब्दुलापुरमेट स्थित देवधाम कवाड़पल्ली वीर गुर्जर समाज मंदिर प्लॉट रजिस्टर्ड कार्यालय पर देवीदत्त कोली की अध्यक्षता में समाज के पदाधिकारियों व समाज बन्धुओं के सानिध्य में विशेष आमसभा आयोजित कर आगामी कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से देवीदत्त कोली को पूर्व कार्यकाल के अनुभव को मद्देनजर रखते हुए पुन: अध्यक्ष चुना गया। समाज के नवनिर्वाचित मंत्री चेनाराम नर्षण ने बताया कि आगामी नये कार्यकाल के लिए अनुभवी व युवा नयी कार्यकारिणी का गठन सर्वसहमति से किया गया। इसमें अध्यक्ष देवीदत्त कोली, उपाध्यक्ष मांगीलाल चाड़, पूरणमल सिराधना, बनवारीलाल भढाना, मंत्री चेनाराम नर्षण, कोषाध्यक्ष नाथुराम गीड़, सहकोषाध्यक्ष कनाराम कालस, प्रचारमंत्री प्रकाश कोली, खेलमंत्री सुरेश अधाणा, टीम कोच ओम लादी, सलाहकार कमिटी महावीर अलगर, बहादुर भालोट, फूलचन्द चौहान सर्वसहमति से चुने गये। अवसर पर विशेष आम मीटिंग मे समाज के गणमान्य ट्रस्टीगण देवीदत्त कोली, मीनादेवी कोली, तरुणकुमार कोली, नोएल सरधाना, पूजादत्त कोली, प्रकाशचन्द बसवा, सुनिलकुमार सिराधना, पूरणमल सिराधना, फूलचन्द चौहान, रामस्वरुप कालस, बनवारी भड़ाना, रामनिवास खटाना, कानाराम कालस, महावीर अलगर, अजितकुमार अधाना, चेनाराम नर्षण, नाथूराम गीड़, बहादुरराम गीड़, धनाराम कोली, बहादुरराम भलोट, लक्ष्मणराम भगड़वाल, मांगीलाल चाड़ प्रमुखरुप से उपस्थित रहे। सर्वसहमति से अध्यक्ष चुने जाने पर देवीदत्त कोली ने समाज बन्धुओं एवं ट्रस्टीगणों का तहदिल से आभार प्रकट करते हुए भरोसा दिलाया कि उनके आगामी कार्यकाल मे चुने गये पदाधिकारियों व कार्यकारिणी मेम्बरों के सहयोग से समाज की एकता, शिक्षा एवं समाज मे संस्कारों के लिए कार्य करेंगे एवं मंदिर निर्माण के लिए समाज बन्धुओं के सहयोग से अतिशीघ्र निर्माणाधीन कार्य पूर्णकराकर तेलंगाना की पावन धरा पर प्रथम एतिहासिक देवनारायण भगवान के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा करवाना उनका प्रथम उद्देश्य रहेगा। प्रचार मंत्री प्रकाश कोली ने भी नयी कार्यकारिणी के सर्वसहमति से चुने जाने पर समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया। चुने गये नये पद्धिकारियों व कार्यकारिणी के सदस्यों का समाज बन्धुओं ने विशेष सम्मान किया। मंच का संचालन चेनाराम नरषण ने किया।

## कांग्रेस पार्टी ने मांगा सीएम का इस्तीफा

हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी ने विधायक पोच गेट घोटाले के सिलसिले में आज राज्य के मुख्यमंत्री केसीआर से इस्तीफा देने की मांग की। मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए टीपीसीसी के उपाध्यक्ष जी. निरंजन ने कहा कि राज्य के उच्च न्यायालय द्वारा अपने फैसले में की गई टिप्पणियां बहुत गंभीर प्रकृति की है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने कहा था कि यह अभी भी रहस्य है कि केस से जुड़े सबूत सीएम तक कैसे पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए ।

## अग्रणी महिला मंच ने की वानर सेवा



हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रणी महिला मंच की कार्यकारिणी द्वारा दुंडीगल नरसापुर रोड पर स्थित वन में वानरों की सेवा में केले, मूँगफली, चना, जाम आदि सेवन कराया गया। बाद में सभी ने मंदिर में भोजन किया गया और अय्यप्पा स्वामी मंदिर के दर्शन किया गया। इस अवसर पर अग्रणी महिला मंच की अध्यक्ष सुमन भुवानिया, पवन भुवानिया, टीना खंडेलवाल, वंदना पंचारिया, सुनयना नरसरिया, स्मिता शाह, मीनाक्षी अग्रवाल, रूपा गुप्ता, कोमल अग्रवाल, प्रीति गोयल एवं अन्य ने भाग लिया।

# पुरातात्विक स्थलों से चिकित्सा जानकारी एकत्र कर रहा है एनआईआईएमएच

हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान (एनआईआईएमएच), हैदराबाद चिकित्सा संपदा को संरक्षित करने के लिए आयुर्वेदिक ऐतिहासिक छापों (एसएएचआई) परियोजना के तहत शिलालेखों, मंदिरों, स्मारकों, संग्रहालयों और पुरातात्विक स्थलों से चिकित्सा जानकारी एकत्र कर रहा है। इसके तहतराष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान, हैदराबाद के डॉ. जी.पी. प्रसाद, प्रभारी सहायक निदेशक, के. श्रीनिवास राव, पुस्तकालय एवं सूचना सहायक, जी.रविबाबू, छाया-चित्रकार की एक टीम ने आज अशोक रॉक शिलालेखों से चिकित्सा जानकारी के लिए कुर्नूल जिले के येर्रागुड़ी का दौरा किया। टीम के गहन अध्ययन के बाद अशोक के शिलालेख-II में चिकित्सीय जानकारी मिली है। पूरी तरह से अध्ययन के बाद टीम को अशोक रॉक शिलालेख-II में चिकित्सा संबंधी जानकारी मिली है कि भगवान के प्रिय राजा प्रियदर्शन (अशोक) ने दो प्रकार के चिकित्सा उपचार अर्थात मनुष्यों के लिए चिकित्सा उपचार और पशुओं के लिए चिकित्सा उपचार निर्धारित किए। इसमें कहा गया है कि मनुष्यों और जानवरों के लिए उपयोगी औषधीय जड़ी-बूटियों का आयात किया जाना चाहिए और जहां कहीं भी उपलब्ध नहीं हैं, वहां हर जगह उन्हें आयात कर लगाया गया है। इसी प्रकार जहाँ-जहाँ जड़-फल नहीं थे,वहाँ-वहाँ आयात करके रोप दिये गये हैं। सड़कों पर पेड़ लगवाए गए हैं और जानवरों और लोगों के लिए कुएं खोदे गए हैं। राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थानके डॉ. जी.पी. प्रसाद प्रभारी सहायक निदेशक ने अपने विचार साझा करते हुए व्यक्त किया है कि वे भारत भर में एसएएचआई परियोजना के तहत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण,राज्य सरकारों के पुरातत्व विभाग और राज्य सरकार के बंदोबस्ती विभाग से सहायता प्राप्त करके चिकित्सा जानकारी एकत्र कर रहे हैं । इस सर्वेक्षण के दौरान धाका रेड्डी, संरक्षण सहायक और बाबू, साइट प्रभारी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, अमरावती सर्कल,आंध्र प्रदेश ने चिकित्सा शिलालेख अशोक रॉक शिलालेख-II को खोजने में सहायता और मार्गदर्शन किया है।



एलबी स्टैडियम में 5 से 8 जनवरी तक इंडियन स्टाइल रेसलिंग एसोसिएशन द्वारा नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप 'इंडिया हिंद केसर -2022' का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व सांसद अंजन कुमी यादव व अन्य।



हैदराबाद में लालावाडा गौशाला पालनपुर से पधारे पूज्य श्री 1008 रवि शरणानंद गिरि जी महाराज ने गौ भक्तों को आशीर्वाद देते हुए गौ सो माता के प्रति मार्गदर्शन बताया। इस अवसर पर शांतिलाल सुथार, विशनाराम, दलपत सिंह, वगताराम चौधरी आदि उपस्थित रहे।



श्री गुरु गोविंद सिंहजी की 365वीं जयंती पर सेंट्रल गुरुद्वारा साहेब, गौलीगुड़ा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि उपस्थित जामबाग के पार्षद राकेश जायसवाल का सम्मान करते हुए राजेंद्र सिंह तकराल, जोगिंदर सिंह दुआ, गुरुदयाल सिंह।



बेगम बाजार में राजस्थान के पूर्व मंत्री सुरेंद्र गोयल का स्वागत करते हुए रामकिशोर भडलीवाल व कुमावत समाज, हैदराबाद-सिकंदराबाद के पूर्व अध्यक्ष धर्मीचंद कुमावत।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

## तेलंगाना में लंबित रेल परियोजनाओं की उपेक्षा कर रहा है केंद्र : एमपी नामा

खम्मम, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस लोकसभा पार्टी के नेता सांसद नामा नागेश्वर राव ने आरोप लगाया कि केंद्र तेलंगाना में प्रस्तावित कई रेलवे परियोजनाओं के कार्यान्वयन की उपेक्षा कर रहा है। सांसद ने गुरुवार को खम्मम रेलवे स्टेशन पर चल रहे एस्केलेटर स्थापना कार्यों, प्लेटफार्मों और स्वच्छता की स्थिति का निरीक्षण किया।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

## पंजाब में आतंकी ...

मोहाली जिले के हर एंट्री-एग्जिट प्वाइंट पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही है। खुफिया सूचना के अनुसार पंजाब के कई जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। आतंकी अलर्ट के बाद मोहाली पुलिस ने भी कमर कस ली है। इस संबंध में पुलिस का कोई भी उच्चाधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। हालांकि जिला पुलिस ने जनता को अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

**सनेटा चौकी पर हमले की मिली थी सूचना :**

बता दें कि करीब 20 दिन पहले सनेटा चौकी पर हमले की सूचना मिली थी। इसके बाद डीएसपी गुरप्रीत भुल्लर ने एसएसपी और एसएचओ के साथ बैठक करके थानों की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया गया था। इसके साथ ही गश्त बढ़ाने के साथ ही नाकों पर भी सख्ती बढ़ाई गई थी।

**सुरक्षा कड़ी की गई :**

मोहाली पुलिस ने कोर्ट काम्प्लेक्स, डीसी दफ्तर व संवेदनशील सरकारी कार्यालयों के आस-पास सुरक्षा कड़ी कर दी है। सभी संवेदनशील स्थानों पर गश्त बढ़ा दी गई है व व्यस्त बाजारों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है।

**पूरे जिले को 41 जोन में बांटकर बढ़ाई सुरक्षा :**

आतंकी हमले की सूचना के बाद मोहाली को 41 जोनों में बांटकर प्रत्येक जोन में पीसीआर की गश्त 24 घंटे की जा रही है। पुलिस की इस योजना पर काम करते हुए बुधवार को बेड़े में 28 नई पीसीआर गाड़ियां शामिल की गई हैं। मोहाली शहर में कुल 25 जोन, जीरकपुर में छह, खरड़ में चार, मुल्लांपुर और डेराबस्सी में दो-दो व कुराली और नयागांव में एक-एक जोन बना है। प्रत्येक जोन में पीसीआर की एक गाड़ी हर समय सड़क पर रहेगी। शहर से गुजरते नेशनल हाईवे पर भी पुलिस की मौजूदगी रहेगी ताकि आपराधिक किस्म के लोगों के बीच पुलिस का खौफ बरकरार रहे।

## एक जनवरी से ...

24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 268 नए मामले :

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के गुरुवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटों में भारत में कोरोना संक्रमण के 268 नए मामले दर्ज किए गए, जिसके बाद सक्रिय मामले बढ़कर 3,552 हो गए। मंत्रालय ने कहा कि देश में कोरोना की दैनिक संक्रमण दर 0.11 प्रतिशत दर्ज की गई।

**जनवरी में बढ़ सकते हैं कोविड के मामले :**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि भारत के लिए अगले 40 दिन महत्वपूर्ण होने वाले हैं, क्योंकि जनवरी में कोविड के मामलों में उछाल देखने को मिल सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि यह प्रवृत्ति रही है कि पूर्वी एशिया में दस्तक देने के लगभग 30-35 दिनों के बाद कोविड महामारी की नई लहर भारत में आती है। सूत्रों का कहना है कि अगर कोविड महामारी की नई लहर आती भी है, तो मृत्यु और अस्पताल में भर्ती होने की दर बहुत कम होगी।

## अंजनी कुमार को ...

हैदराबाद शहर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (एलएंडओ) देवेंद्र सिंह चौहान का तबादला कर उन्हें राचकोंडा आयुक्तालय का पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। इसी तरह संजय कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (पी एंड एल) को स्थानांतरित कर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एल एंड ओ), तेलंगाना, हैदराबाद के रूप में नियुक्त किया गया है और उन्हें तेलंगाना राज्य आपदा प्रतिक्रिया और अग्निशमन सेवाओं के महानिदेशक के पद का पूर्ण अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

## सत्ता का गलत ...

लेकिन प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को उन लोगों के बारे में सोचना चाहिए जिन लोगों ने यह स्थिति पैदा की है।

**क्यों गिरफ्तार किए गए थे अनिल देशमुख :**

ये मामला मनी लॉन्ड्रिंग और वसूली के आरोपों से जुड़ा है। मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को लिखे एक पत्र में आरोप लगाया था कि अनिल देशमुख ने गृहमंत्री रहते हुए सचिन वझे से हर महीने 100 करोड़ रुपये देने की मांग की थी। इस मामले में सीबीआई ने अनिल देशमुख के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। ईडी ने सीबीआई की एफआईआर के आधार पर कार्रवाई की है। आरोप है कि देशमुख जब महाराष्ट्र के गृहमंत्री थे तब उन्होंने बार और रेस्टोरेंट मालिकों से 4.7 करोड़ रुपये वसूले थे। ये रकम दिसंबर 2020 से फरवरी 2021 के दौरान वसूली गई थी और इस रकम को मुंबई पुलिस के असिस्टेंट इंस्पेक्टर सचिन वझे के जरिए वसूला गया था।

**पूरे मामले की शुरूआत कहां से हुई :**

2020 में 25 फरवरी को मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के पास विस्फोटकों से भरी एक एसयूवी बरामद हुई थी। पुलिस को एसयूवी में जिलेटिन रॉड और वाहनों की नंबर प्लेट मिली थीं। ये एसयूवी उस वक्त मनसुख हीरेन की कस्टडी में थी, जिसकी लाश ठाणे के एक नाले में मिली थी। इस मामले की जांच पहले सचिन वझे के ही जिम्मे थी, लेकिन बाद में जांच का जिम्मा एनआईए को सौंपा गया। एनआईए ने मार्च में वझे को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए ने चार्जशीट में सचिन वझे समेत 10 लोगों को आरोपी बनाया था। वझे पर आरोप था कि उन्होंने खुद को सुपरकॉप साबित करने के लिए विस्फोटक भरी एसयूवी अंबानी के घर के पास पार्क की थी। इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह का ट्रांसफर कर उन्हें होमगार्ड का डीजी बना दिया। ट्रांसफर के बाद परमबीर सिंह ने उद्धव ठाकरे को चिट्ठी लिखी जिसमें अवैध वसूली के आरोप लगाए गए।

# सूर्यकुमार का नाम आईसीसी टी20 इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर में

## 2022 में 2 शतक जड़े, इस साल सबसे ज्यादा रन भी बनाए




दुबई, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2022 के लिए सूर्यकुमार यादव सहित चार खिलाड़ियों को नामित किया है। आईसीसी के नामित खिलाड़ियों में सूर्यकुमार के अलावा आईपीएल के मिनी ऑक्शन में सबसे महंगे बिके सैम करन को भी शामिल किया है। इनके अलावा पाकिस्तानी विकेटकीपर बैटर मोहम्मद रिवजान और जिम्बाब्वे के बैटर सिंकदर राजा भी नामित किए गए हैं।

**इस साल टी20टरनेशनल के टॉप स्कोरर**

सूर्यकुमार इस साल टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर भी हैं। उन्होंने 31 मैचों में 187.43 की स्ट्राइक रेट से 1164 रन बनाए। इनमें दो सेंचुरी और 9 हाफ सेंचुरी भी शामिल है। वहीं, वह किसी एक साल में इस फॉर्मेट में 1000 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज भी बने। उनसे पहले पाकिस्तान के विकेटकीपर बैटर मोहम्मद रिजवान ने 2021 में 26 पारियों में 1326 रन बनाए थे। वहीं, सूर्या ने 2022 में 68 टी-20 छक्के भी जड़े। जो एक साल इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा है।

**टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाए**

सूर्या ने ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान सबसे ज्यादा 189.9 के स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाए थे। वहीं, वह वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा बैटर्स की लिस्ट में तीसरे नंबर पर भी रहे थे। विराट कोहली 296 रन बनाकर टॉप पर थे। सूर्या ने टूर्नामेंट में 3 हाफ सेंचुरी लगाई थी।

अब चलिए जानते हैं T20I क्रिकेटर ऑफ द ईयर बनने वाले बाकी 3 प्लेयर्स के बारे में...

**सिकंदर राजा** - जिम्बाब्वे के इस ऑलराउंडर ने इस साल 24 टी-20 मैचों में 25 विकेट लेने के साथ 735 रन भी बनाए। वहीं, वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 25 रन देकर 3 विकेट लिए। वर्ल्ड कप के 8 मैचों में उन्होंने 147.97 के स्ट्राइक रेट से 219 रन बनाए थे।

**मोहम्मद रिजवान** - पाकिस्तान के विकेटकीपर बैटर ने इस साल 25 टी-20 मैचों में 996 रन बनाए। साथ ही विकेट के पीछे 9 बल्लेबाजों के कैच पकड़ा और 3 खिलाड़ियों को स्टंप आउट किया। उन्होंने इस साल 10 हाफ सेंचुरी जड़ीं। वहीं, टी-20 वर्ल्ड कप में 175 रन बनाए।

**सैम करन** - इंग्लिश ऑलराउंडर आईपीएल 2022 के मिनी ऑक्शन में सबसे ज्यादा महंगे खिलाड़ी रहे। पंजाब किंग्स ने सैम करन को 18.5 करोड़ की कीमत देकर अपनी टीम में शामिल किया था।

करन ने 2022 में टी-20 वर्ल्ड कप में 67 रन बनाने के साथ ही 13 विकेट भी लिए थे। वह टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बॉलर्स की लिस्ट में श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा के बाद दूसरे नंबर पर थे। 2022 के 19 मैचों में उन्होंने 25 विकेट लिए।

# राष्ट्रीय निशानेबाजी चयन ट्रायल में हिस्सा लेंगे विजय और संजीव

## मिलेगा ओलंपिक का कोटा



नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। ग्रुप ए के निशानेबाजों के ये ट्रायल काफी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इनमें प्रदर्शन के आधार पर बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए राष्ट्रीय टीम का चयन होगा जिसमें एशियाई खेल भी शामिल हैं।

ओलंपिक पदक विजेता विजय कुमार, अनुभवी राइफल निशानेबाज संजीव राजपूत, और युवा ओलंपियन दिव्यांश पंवार उन निशानेबाजों की सूची में शामिल हैं जो अगले साल आठ से 14 जनवरी तक डॉ. कर्णी सिंह रेंज में होने वाले राष्ट्रीय चयन ट्रायल (एक एवं दो) में हिस्सा लेंगे।

ग्रुप ए के निशानेबाजों के ये ट्रायल काफी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इनमें प्रदर्शन के आधार पर बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए राष्ट्रीय टीम का चयन होगा जिसमें एशियाई खेल भी शामिल हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने 2023 के लिए निशानेबाजों को दो वर्ग में बांटा है। ग्रुप ए में शीर्ष स्तर के निशानेबाज शामिल हैं जबकि ग्रुप बी में उन निशानेबाजों को जगह दी गई है जो ओपन चयन ट्रायल के पात्र हैं।

एनआरएआई ने कहा कि ट्रायल सिर्फ ओलंपिक स्पर्धाओं के लिए होंगे। भारत ने अब तक 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए तीन कोटा स्थान हासिल किए हैं और वे कोटे की संख्या बढ़ाना चाहेंगे। इसके अलावा उनकी नजरें एशियाई खेलों पर भी टिकी होंगी जहां भारतीय निशानेबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहता है। लंदन ओलंपिक 2012 के रजत पदक विजेता विजय कुमार ने कहा कि इन दो चयन ट्रायल में वह निश्चित तौर पर अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और पेरिस ओलंपिक में में देश का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं।

# भारत दौरे के लिए 20 प्लेयर्स की श्रीलंका टीम घोषित

## टी20 इंटरनेशनल में हसरंगा, वनडे में कुसल मेंडिस उपकप्तान; अनुभवी दिनेश चांदीमल बाहर




खेल डेस्क, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने भारत दौरे के लिए 20 प्लेयर्स की टीम जारी कर दी है। 3 जनवरी से शुरू होने वाले दौरे के लिए दासुन शनाका दोनों फॉर्मेट में टीम के कप्तान होंगे। टी-20 सीरीज में ऑलराउंडर वनिंदु हसरंगा और वनडे सीरीज में कुसल मेंडिस टीम के उपकप्तान होंगे। अनुभवी दिनेश चांदीमल को टीम में जगह नहीं मिली है। राजपक्षे, थुषारा खेलेंगे टी-20

20 प्लेयर्स की टीम में भानुका राजपक्षे और नुवानु थुषारा को केवल टी-20 टीम में चुना गया। वहीं, जेफरी वांडरसे और नुवानिडु फर्नांडो केवल वनडे टीम का हिस्सा होंगे। इनके अलावा बाकी 16 प्लेयर्स दोनों सीरीज में टीम का हिस्सा होंगे। चांदीमल के साथ धनंजय लक्षणा और असिथा फर्नांडो को भी टीम में जगह नहीं मिली। तीनों पिछले दिनों अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में श्रीलंका टीम का हिस्सा थे। भारत दौरे पर 3 टी-20 मैच 3, 5 और 7 जनवरी को खेले जाएंगे। वहीं, 3 वनडे मैच 10, 12 और 15 फरवरी को होंगे।

**अविष्का फर्नांडो की वापसी**

2019 के वनडे वर्ल्ड कप में श्रीलंका के हीरो रहे अविष्का फर्नांडो की टीम में वापसी हुई है। वह घुटने की इंजरी के चलते पिछले एक साल से बाहर थे। पिछले दिनों खत्म हुई लंका प्रीमियर में उन्होंने सबसे ज्यादा 339 रन बनाकर अपनी टीम जाफना किंग्स को चैंपियन बनाया था।

**एलपीएल का फायदा मिला**

एलपीएल में 14 विकेट लेने वाले नुवान थुषारा को पहली बार टीम में जगह मिली। उनके साथ कसून रजिथा, प्रमोद मधुसन, दिलशान मधुशंका और लाहिरु कुमारा टीम के बाकी पेसर्स हैं। एलपीएल में 294 रन बनाने वाले सदीरा समरविक्रमा को भी दोनों सीरीज के लिए चुना गया।

एलपीएल में दांत टूटने के बाद भी खेलने वाले चमिका करुणारत्ने को भी टीम में चुना गया है। पिछले दिनों फील्ड पर दुर्व्यवहार करने के कारण उन पर प्रतिबंध लगा था। पढ़ें पूरी खबर...

**एलपीएल के टॉप-3 स्कोरर में थे चांदीमल**

चांदीमल ने भी एलपीएल में अच्छा परफॉर्म किया था। बावजूद इसके उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर्स की लिस्ट में वे तीसरे नंबर पर रहे थे। उन्होंने 126.99 के स्ट्राइक रेट और 31.88 के औसत से 287 रन बनाए थे। इस प्रदर्शन के दम पर उनकी टीम कोलंबो स्टार्स फाइनल तक पहुंची थी।

**भारत दौरे के लिए श्रीलंका टीम...**

दासुन शनाका (कप्तान), वनिंदु हसरंगा (टी-20आई उप कप्तान), कुसल मेंडिस (वनडे उप कप्तान), पथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समरविक्रमा, चरिथा असालंका, धनंजय डी सिल्वा, अशेन भंडारा, महीश थीक्षणा, चमिका करुणारत्ने, कसुन रजिथा, दिलशान मधुशंका, दुनिथ वेलाल्गे, प्रमोद मधुशन और लाहिरु कुमारा।

सिर्फ टी-20 में: भानुका राजपक्षे और नुवान थुषारा।

सिर्फ वनडे में: जेफरी वांडर्से और नुवानिडु फर्नांडो।

# टी-20 विमेंस वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया घोषित

## हरमनप्रीत कप्तान, पूजा वस्त्राकर की वापसी; भारत का पहला मैच 12 फरवरी को पाक से

खेल डेस्क, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका में अगले साल होने वाले आईसीसी विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है। हरमनप्रीत कौर टीम की कप्तान और ओपनर स्मृति मंधाना उप कप्तान हैं। टीम में इंजर्ड पूजा वस्त्राकर की वापसी हुई है। वहीं, स्नेह राणा समेत 3 प्लेयर्स को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है।

**पाकिस्तान से पहला मैच**

साउथ अफ्रीका में 8वें टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 10 फरवरी 2023 से होगी। टीम इंडिया टूर्नामेंट के ग्रुप-2 में पाकिस्तान, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के साथ है। भारत का पहला मैच 12 फरवरी को कैप टाउन में पाकिस्तान के खिलाफ होगा।

15 फरवरी को कैप टाउन में वेस्टइंडीज, 18 फरवरी को पोर्ट एलिजाबेथ में इंग्लैंड और 20 फरवरी को पोर्ट एलिजाबेथ में आयरलैंड के खिलाफ भारत के बाकी ग्रुप स्टेज के मैच होंगे।

**ऑस्ट्रेलिया 5 बार की चैंपियन**

ग्रुप-1 और ग्रुप-2 की 2-2 टॉप टीमों के बीच 23 और 24 फरवरी को सेमीफाइनल होंगे। 26 फरवरी को भारतीय समयानुसार शाम 6.30 बजे टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा। 2009 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट को ऑस्ट्रेलिया ने 5 बार जीता है। एक-एक बार इंग्लैंड और वेस्टइंडीज भी चैंपियन बनी हैं। भारत पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचा था। लेकिन, उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

**2 अंडर-19 खिलाड़ी भी सीनियर टीम में**

टी-20 वर्ल्ड कप से पहले साउथ अफ्रीका में 14 से 29 जनवरी के बीच ICC अंडर-19 वर्ल्ड कप भी होगा। 16 टीमों के टूर्नामेंट में टीम इंडिया की कप्तानी शेफाली वर्मा करेंगी। विकेटकीपर ऋषा घोष भी इस टीम का हिस्सा हैं। दोनों ही टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की सानियर विमेन टीम के लिए सिलेक्ट हुई हैं।

**टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋषा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्ज, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, अंजली सर्वनी, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़ और शिखा पांडे।

रिजर्व : सब्भीनेनी मेघना, स्नेह राणा और मेघना सिंह।

ट्राई सीरीज के लिए भी टीम जारी



भारत Vs सा. अफ्रीका Vs वेस्टइंडीज ट्राई सीरीज शेड्यूल

| डेट | Vs | वेन्यू |
|---|---|---|
| 19 जनवरी | साउथ अफ्रीका Vs भारत | बफैलो पार्क |
| 21 जनवरी | साउथ अफ्रीका Vs वेस्टइंडीज | बफैलो पार्क |
| 23 जनवरी | भारत Vs वेस्टइंडीज | बफैलो पार्क |
| 25 जनवरी | साउथ अफ्रीका Vs वेस्टइंडीज | बफैलो पार्क |
| 28 जनवरी | साउथ अफ्रीका Vs भारत | बफैलो पार्क |
| 30 जनवरी | भारत Vs वेस्टइंडीज | बफैलो पार्क |
| 2 फरवरी | ट्राई सीरीज फाइनल | बफैलो पार्क |

ऑल इंडिया विमेंस सिलेक्शन कमेटी ने वर्ल्ड कप से पहले साउथ अफ्रीका में शुरू होने वाली टी-20 ट्राई सीरीज के लिए भी टीम जारी कर दी है। ट्राई सीरीज 19 जनवरी 2023 से शुरू होगी। अंडर-19 टीम में शामिल शेफाली और ऋषा इस टीम का हिस्सा नहीं हैं। उनकी जगह वर्ल्ड कप रिजर्व प्लेयर्स को टीम में शामिल किया गया है। ट्राई सीरीज में वेस्टइंडीज तीसरी टीम होगी। इसका फाइनल मुकाबला 2 फरवरी 2023 को खेला जाएगा।

**पूरी तरह फिट नहीं पूजा**

ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर को वर्ल्ड कप और ट्राई सीरीज दोनों ही टीमों में चुना गया। लेकिन, वह पिछले दिनों इंजर्ड हो गई थीं। जिस कारण उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं बनाया गया था। भारत ये सीरीज 4-1 से हार गया था। सिलेक्शन कमेटी ने बताया कि टूर्नामेंट से पहले अगर पूजा पूरी तरह फिट नहीं हो पाईं तो उनकी जगह किसी ओर प्लेयर को टीम में रखा जाएगा।

**ट्राई सीरीज के लिए टीम इंडिया**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्ज, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, अंजली सर्वनी, सुषमा वर्मा (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, पूजा वस्त्राकर, सब्भीनेनी मेघना, स्नेह राणा और शिखा पांडे।

# पारी से जीता ऑस्ट्रेलिया

## 17 साल बाद साउथ अफ्रीका को घरेलू सीरीज में हराया; डब्ल्यूटीसी फाइनल में भिड़ सकते हैं भारत-ऑस्ट्रेलिया




मेलबर्न, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। बॉक्सिंग-डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को पारी और 182 रनों से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही कंगारुओं ने 3 टेस्ट की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। टीम ने 17 साल बाद अपने घर में साउथ अफ्रीका को टेस्ट सीरीज में हराया है। 2022 से पहले ऑस्ट्रेलिया ने 2005-06 में साउथ अफ्रीका को 3-0 से हराया था।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर गुरुवार को साउथ अफ्रीका की दूसरी पारी 204 रनों पर सिमट गई। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी 575/8 के स्कोर पर घोषित की थी। पहली पारी में साउथ अफ्रीका 189 ही बना सकी थी। इस तरह मेजबान टीम को पहली पारी में 386 रनों की बढ़त मिली।

**नाथन लायन को 3 विकेट**

दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन लायन ने 3 विकेट लिए। स्कॉट बॉलैंड को 2 सफलताएं मिलीं। मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और स्टीव स्मिथ के हिस्से एक-एक विकेट आया। बाकी 2 विकेट रन आउट के रूप में हुए।

**डेविड वॉर्नर प्लेयर ऑफ द मैच**

पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले डेविड वॉर्नर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने डेविड वॉर्नर (200) के दोहरे शतक और एलेक्स कैरी (111) के शतकों की बदौलत 575 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर अपनी पारी घोषित कर दी थी। इसके अलावा स्टीव स्मिथ (85), ट्रेविस हेड (51) और कैमरून ग्रीन (51) ने भी अर्धशतक जमाए। अफ्रीकी टीम की ओर से एनरिक नॉर्त्या ने सर्वाधिक 3 विकेट और कगिसो रबाडा को 2 विकेक मिले थे।

**डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में अफ्रीका को नुकसान**

इस हार के साथ ही साउथ अफ्रीकी टीम WTC के पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर पहुंच गई है। टीम इस मैच से पहले तीसरे नंबर पर थी। अब अफ्रीकी टीम के 50% पॉइंट्स ही रह गए हैं। वहीं, टीम इंडिया 58.93% अंक के साथ दूसरे नंबर पर काबिज है। श्रीलंका की टीम 53.33% अंक के साथ तीसरे नंबर है। ऑस्ट्रेलिया 78.57% पॉइंट्स के साथ पहले नंबर है।

# मुंबई मैराथन प्रतियोगिता के दूत बने योहान ब्लैक

## बोले- इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनकर खुश



खेल डेस्क, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। ब्लैक 100 मीटर दौड़ में सबसे युवा विश्व चैंपियन हैं और वह सबसे कम समय में यह दौड़ पूरी करने वाले धावकों में दूसरे स्थान पर हैं।

जमैका के अनुभवी धावक योहान ब्लैक को 15 जनवरी को यहां होने वाली 18वीं मुंबई मैराथन के लिए बुधवार को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता दूत (इवेंट एंबेसडर) नियुक्त किया गया। ब्लैक 100 मीटर दौड़ में सबसे युवा विश्व चैंपियन हैं और वह सबसे कम समय में यह दौड़ पूरी करने वाले धावकों में दूसरे स्थान पर हैं।

लंदन ओलंपिक 2012 में वह 100 मीटर और 200 मीटर में हमवतन उसेन बोल्ट के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। इन खेलों में उन्होंने बोल्ट के साथ मिलकर नए विश्व रिकॉर्ड के साथ चार गुणा 100 मीटर रिले का स्वर्ण पदक जीता था। ब्लैक ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि मुंबई मैराथन में मेरी भागीदारी से एथलीट प्रेरित होंगे। मैं इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनकर खुश हूं।

# हैंडबाल : नोएडा में होगी एशियाई यूथ महिला चैंपियनशिप, कोरिया सहित 10 देश होंगे शामिल



नई दिल्ली, खेल डेस्क, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय हैंडबाल संघ की टीम ने नोएडा स्टेडियम की सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस चैंपियनशिप में पहले पांच स्थान पर रहने वाली टीमें अगले वर्ष होने वाली विश्व यूथ महिला हैंडबाल केलिए क्वालिफाई करेंगी।

एशियाई हैंडबाल संघ ने बुधवार को हैंडबाल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) को एशियाई यूथ महिला चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी। यह चैंपियनशिप नोएडा के इंडोर स्टेडियम में 23 जुलाई से एक अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

एचएआई के कार्यकारी निदेशक आनंदेश्वर पांडेय के मुताबिक चैंपियनशिप में गत विजेता कोरिया, जापान, चीन, चीनी ताइपे, ईरान, बांग्लादेश, हांगकांग, तजाकिस्तान, उजबेकिस्तान समेत 10 देश भाग लेंगे।

अंतरराष्ट्रीय हैंडबाल संघ के उपाध्यक्ष, एशियाई हैंडबाल के कोषाध्यक्ष बदर मोहम्मद अल तैयब और एचएआई के बीच इस संबंध में समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुए। बदर मोहम्मद ने यह भी कहा कि उनकी ओर से एक देश एक संघ के आधार पर भारत में एचएआई को मान्यता दे रखी गई। इसी के चलते उन्हें एशियाई यूथ महिला चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है।

अंतरराष्ट्रीय हैंडबाल संघ की टीम ने बुधवार को नोएडा स्टेडियम की सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस चैंपियनशिप में पहले पांच स्थान पर रहने वाली टीमें अगले वर्ष होने वाली विश्व यूथ महिला हैंडबाल केलिए क्वालिफाई करेंगी।

# भारत-पाकिस्तान टेस्ट की मेजबानी को तैयार ऑस्ट्रेलिया

## एमसीजी में दोनों का टी-20 मैच 90 हजार दर्शकों ने देखा था, इसीलिए प्रपोजल रखा

मेलबर्न, 29 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड ने भारत और पाकिस्तान के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी का प्रस्ताव दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच 2007 के बाद से कोई भी टेस्ट मैच नहीं हुआ है। वहीं, 2013 से इन दोनों टीमों के बीच विश्व कप और एशिया कप के बाहर कोई भी द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच नहीं खेला गया।

**भारत-पाकिस्तान मैच दुनिया भर में लोकप्रिय**

दरअसल, भारत और पाकिस्तान के बीच कहीं भी मैच खेला जाए, दुनिया भर के फैंस ज्यादा से ज्यादा संख्या में देखने पहुंचते हैं। यही नहीं टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी दोनों के बीच मैच को कई लोग देखना पसंद करते हैं।

अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच मैच मेलबर्न ग्राउंड में ही हुआ था। इस मैच को देखने के लिए 90 हजार से ज्यादा दर्शक पहुंचे थे। इससे मेलबर्न क्रिकेट क्लब काफी उत्साहित है। गुरुवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच खत्म हुआ। इस मैच के चौथे दिन SEN रेडियो से बात करते हुए एमसीजी के सीईओ स्टुअर्ट फॉक्स ने कहा कि वे भारत और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में टेस्ट सीरीज के आयोजन के लिए तैयार है। इसको लेकर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से भी बात हुई है। हालांकि, दोनों देशों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए इसका आयोजन काफी मुश्किल है। इसलिए यह पेशकश हमारे लिए एक बड़ी चुनौती भी है।



वहीं, मेलबर्न क्रिकेट के सीईओ के बयान के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से भी बयान जारी किया गया है। सीए के प्रवक्ता ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज का आयोजन भारतीय क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर निर्भर है।

# प्रौद्योगिकी का लाभ दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचना चाहिए : राष्ट्रपति




हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि प्रौद्योगिकी का लाभ दूर-दराज के इलाकों और सबसे गरीब लोगों तक पहुंचना चाहिए। प्रौद्योगिकी का उपयोग सामाजिक न्याय के एक साधन के रूप में किया जाना चाहिए।

वह गुरुवार को शहर में जी. नारायणम्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस फॉर वूमेन के छात्रों और संकाय सदस्यों और बी.एम. मलानी नर्सिंग कॉलेज और महिला दक्षता समिति के सुमन जूनियर कॉलेज के छात्रों को संबोधित कर रही थीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि कंप्यूटर, चिकित्सा उपकरण, इंटरनेट, स्मार्ट डिवाइस और डिजिटल भुगतान प्रणाली सहित तकनीकी प्रगति में इंजीनियरिंग ने बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एक पेशे के रूप में इंजीनियरिंग की भूमिका आज की दुनिया में बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है जहां अकल्पनीय और अभूतपूर्व समस्याओं के त्वरित और स्थायी समाधान की आवश्यकता होती है।

यह कहते हुए कि इंजीनियरों में दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने की शक्ति है, राष्ट्रपति ने कहा कि वे जो समाधान ढूंढते हैं और भविष्य में जो प्रौद्योगिकियां बनाएंगे, वे लोगों के अनुकूल और पर्यावरण के अनुकूल होनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की दुनिया में प्रौद्योगिकी के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षिक, पर्यावरण और भू-राजनीतिक आयाम हैं। यह लगातार विकसित हो रहा है और हर क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इंजीनियर बड़े पैमाने पर जनता के लाभ के लिए नवीन तकनीकों के साथ सामने आएंगे और लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें वंचित वर्गों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग व्यक्तियों और विशेष सहायता की आवश्यकता वाले अन्य लोगों के लिए इंजीनियरिंग समाधान के बारे में भी सोचना चाहिए। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में महिलाओं के योगदान के बारे में बोलते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि उनके पास कई प्रेरक महिलाओं के उदाहरण हैं जो बड़ी कंपनियों का नेतृत्व कर रही हैं, स्टार्ट-अप शुरू कर चुकी हैं और दूरसंचार, आईटी, विमानन, मशीन जैसे सभी क्षेत्रों में प्रमुख रूप से योगदान दे रही हैं। द्रौपदी मुर्मू ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि विज्ञान की धाराओं को अपनाने के लिए और अधिक महिलाओं को आगे आने की जरूरत है, उन्होंने कहा कि एसटीईएम-विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित -भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

यह कहते हुए कि छात्रों को सशक्त होना चाहिए और दूसरों को भी सशक्त बनाना चाहिए, राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें केवल अपनी सफलता और खुशी से संतुष्ट नहीं होना चाहिए। राष्ट्र और मानवता के प्रति उनका कर्तव्य है। उन्हें अपनी प्रतिभा और तकनीकी क्षमताओं का उपयोग करना चाहिए।

राष्ट्रपति ने एक पेशेवर के रूप में प्रौद्योगिकी की दुनिया में प्रवेश करने के लिए कई युवा महिलाओं के लिए अवसर खोलने के लिए जीएनआईटीएस की प्रशंसा की। उन्होंने महिलाओं को चौतरफा समर्थन प्रदान करने के लिए महिला दक्षता समिति की भी प्रशंसा की।

## तेलंगाना ने 59 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की

हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने इस सीजन में अब तक 10.40 लाख किसानों से 59 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है. अब तक खरीदे गए धान का कुल मूल्य 12,051 करोड़ रुपये है और किसानों के बैंक खातों में 11,000 करोड़ रुपये जमा किए जा चुके हैं। 7,011 धान खरीद केंद्रों में से 4,607 केंद्रों को बंद कर दिया गया है क्योंकि इन केंद्रों पर खरीद तय समय के अनुसार पूरी हो गई है। नागरिक आपूर्ति मंत्री जी. कमलाकर ने एक बयान में कहा, सभी जिलों में से निजामाबाद जिले में सबसे अधिक 6 लाख मीट्रिक टन की खरीद की गई, इसके बाद नालगोंडा में चार लाख मीट्रिक टन की खरीद की गई। उन्होंने कहा कि आदिलाबाद, गडवाल, रंगा रेड्डी और विकाराबाद जिलों में धान की खरीद जारी है।

## ट्रक पलटा, एनएच-65 पर लगा जाम

यदाद्री-भोंगिर, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के चौटुप्पल मंडल के थुपरनपेट में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 65 पर दो किलोमीटर से अधिक तक ट्रैफिक जाम की सूचना मिली है, क्योंकि एक भारी ट्रक हैदराबाद-विजयवाड़ा रास्ते में गिर गया है।

भारी ट्रक पलटने और सड़क पर गिर जाने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग का हैदराबाद-विजयवाड़ा मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया।

# भाकपा ने राज्यपाल प्रणाली को खत्म करने की मांग की




कोत्तागुडेम, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाकपा के राज्य सचिव कुनामनेनी संबाशिव राव ने राज्यपाल प्रणाली को समाप्त करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि यह केंद्र सरकार के हाथों की कठपुतली बन गई है। भाकपा की राष्ट्रीय समिति द्वारा आहूत देशव्यापी विरोध के तहत गुरुवार को यहां आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में उन्होंने हिस्सा लिया। पार्टी के कार्यकर्ताओं और पार्टी से जुड़े संगठनों के कार्यकर्ताओं ने काले कपड़े, रिबन और काले झंडे के साथ विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। भाकपा नेता ने ब्रिटिश काल की राज्यपाल प्रणाली का समर्थन कर लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए भाजपा सरकार की आलोचना की। गैर-बीजेपी राज्यों में राज्यपाल पीएम नरेंद्र मोदी के निर्देश पर उनसे संबंधित नहीं होने वाले मामलों में शामिल होकर स्थानीय सरकारों के लिए समस्याएँ पैदा कर रहे हैं।

संबाशिव राव ने कहा कि राज्यपाल प्रणाली राज्यों और उनके हितों के लिए किसी काम की नहीं थी क्योंकि लोगों के वोटों से चुनी गई एक विधायी प्रणाली थी। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक राज्यपाल प्रणाली को समाप्त नहीं किया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने शिकायत की कि केंद्र की भाजपा सरकार एक कर, एक चुनाव, एक धर्म, एक भाषा और एक संस्कृति के नारे के साथ राष्ट्रपति शासन की साजिश रचकर संघीय व्यवस्था को कमजोर करने की साजिश कर रही है।

## दक्षिण मध्य रेलवे ने अतिरिक्त संक्रांति स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की

हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हाल ही में, दक्षिण मध्य रेलवे ने जनवरी के महीने के दौरान संक्रांति त्योहार की मांग को पूरा करने के लिए विशेष ट्रेनों (94 फेरे) की घोषणा की थी। ये विशेष ट्रेनें 1 जनवरी से 20 जनवरी, 2023 की अवधि के दौरान संचालित की जाएंगी। इस अवधि के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त यात्रा सुविधा प्रदान करने के लिए, दमरे ने अब 30 और विशेष ट्रेनों की घोषणा की है, जो दक्षिण मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र में लोकप्रिय गंतव्यों को कवर करती हैं।

ये 30 विशेष ट्रेनें उन विशेष ट्रेनों के अतिरिक्त हैं जिनकी घोषणा पहले की गई थी। ये विशेष ट्रेनें मुख्य रूप से सिकंदराबाद, हैदराबाद, काचीगुडा और विकाराबाद से नरसापुर, मछलीपट्टनम और काकीनाडा टाउन की ओर संक्रांति त्योहार के मौसम में अक्सर यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की जरूरतों और मांगों को ध्यान में रखते हुए संचालित की जाती है। इन ट्रेन सेवाओं में आरक्षित और अनारक्षित दोनों प्रकार के आवास शामिल हैं और रेल यात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा समय प्रदान करने के लिए मुख्य रूप से रात के समय में संचालित किए जा रहे हैं। आरक्षित स्थान चाहने वाले रेल उपयोगकर्ता रेलवे पीआरएस काउंटरों के अलावा आईआरसीटीसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं।

## मुक्केबाज निखत जरीन ने की एमएलसी कविता से मुलाकात



हैदराबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एमएलसी कल्वाकुंतला कविता ने आज हैदराबाद में मुक्केबाज़ निखत ज़रीन से मुलाकात की और उन्हें भोपाल में छठी एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी।

वह तेलंगाना की ईशा सिंह से भी मिलीं, जिन्होंने हाल ही में इसी महीने भोपाल में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में जूनियर महिला 10 मीटर में रजत पदक जीता था। कविता ने शुक्रवार को अपने ट्विटर अकाउंट पर तेलंगाना राज्य के खिलाड़ियों की तस्वीर साझा की।



गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मुंचिंतला में बनी स्टैच्यू ऑफ इक्वालिटी (समानता की प्रतिमा) का दौरा किया। साथ में हैं राज्यपाल डॉ. तामिलसाई सुंदरराजन, मंत्री सत्यवती राठौड़, त्रिदंडी चिन्ना जीयर स्वामी।

# लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास : हरीश राव

## कागज नगर में 30 बिस्तरों वाला अस्पताल खोला गया



आसिफाबाद, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वित्त, स्वास्थ्य, चिकित्सा परिवार कल्याण मंत्री टी. हरीश राव ने कहा कि लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए जिले के कागज नगर कस्बे के एल्ला गौड़ तोटा में 5 करोड़ रुपये की लागत से 30 बिस्तरों का सामुदायिक अस्पताल शुरू किया गया है। गुरुवार को हैदराबाद से हेलिकॉप्टर से राज्य के वन, पर्यावरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, न्याय और कराधान मंत्री अलोला इंद्रकरन रेड्डी, राज्य के कृषि मंत्री निरंजन रेड्डी, जिला कलेक्टर राहुल राज, पेद्दापल्ली सांसद वेंकटेश नेता, जिला परिषद अध्यक्ष कोवा लक्ष्मी, विधान परिषद सदस्य दांडे विठ्ठल, सिरपुर शामिल थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कागज नगर कस्बे के एला गौड़ उद्यान में 30 बिस्तरों वाले सामाजिक अस्पताल के नए भवन का उद्घाटन किया। राज्य के वित्त, स्वास्थ्य और चिकित्सा परिवार कल्याण मंत्री ने कहा कि सरकार और अधिकारी लोगों के कल्याण के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं और लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए 30 बिस्तरों वाला अस्पताल शुरू किया गया है। गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण मूल्य प्रदान करने के लिए सरकार केसीआर कीट वितरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रसव के बाद गर्भवती महिलाओं के लिए ये किट बहुत उपयोगी होंगी। उन्होंने कहा कि एनीमिया की समस्या वाली गर्भवती महिलाएं पोषण किट का उपयोग कर अपने स्वास्थ्य में सुधार कर सकती हैं और तेलंगाना देश का एकमात्र राज्य है जो गर्भवती महिलाओं को पोषण किट प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इनके उपयोग से गर्भ में पल रहे बच्चे स्वस्थ और मजबूत होंगे और प्रत्येक गर्भवती महिला को दो बार यह पोषण किट उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इनके उपयोग से गर्भ में पल रहे बच्चे स्वस्थ और मजबूत होंगे और प्रत्येक गर्भवती महिला को दो बार यह पोषण किट उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए आसिफाबाद में 340 बिस्तरों के अस्पताल के निर्माण के साथ मेडिकल कॉलेज शुरू करने के प्रयास किए जाएंगे। जिले के आसिफाबाद एवं कागज नगर में किडनी रोग के मरीजों के लिए डायलिसिस सेंटर स्थापित करने के प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किडनी रोगियों के लिए 100 करोड़ रुपये, मुफ्त बस पास और पेंशन देगी। प्रदेश के प्रत्येक घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मंशा से मिशन भागीरथ योजना के माध्यम से प्रत्येक घर को काला कनेक्शन प्रदान किया गया है तथा ग्रामीण क्षेत्रों के माध्यम से स्वच्छता प्रबंधन पर जनप्रतिनिधियों को शामिल कर जनभागीदारी से विशेष कार्यक्रम चलाये गये हैं। ग्रामीण स्तर से स्वास्थ्य, विकास और लोक कल्याण के लिए प्रगति और शहरी प्रगति कार्यक्रम। उन्होंने कहा कि किडनी के मरीजों को स्वास्थ्य द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया जाएगा और आशा कार्यकर्ताओं व गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पतालों में प्रसव कैसे कराना है, इस बारे में बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने कोरोना के दौरान लोगों को विशेष सेवाएं प्रदान की हैं। वन, पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, न्याय एवं कानून मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने देश के किसी अन्य राज्य के विपरीत जन कल्याण के विकास के लिए कई विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया है।राज्य सरकार की कल्याणकारी विकास योजनाओं पर तेलंगाना के सांस्कृतिक नेताओं कलाकारों द्वारा गाए गए गीतों ने सभी को प्रभावित किया।इस कार्यक्रम में जिला अपर कलेक्टर चाहत बाज पाई, राजेशम, एस. पी सुरेश रेड्डी, जिला चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी प्रभाकर रेड्डी, एएसपी भीम राव, डीएसपी करुणाकर, श्रीनिवास कागज नगर नगरपालिका अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, सांसद पी नानैया, शंकर, विश्वनाथ, संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# भगदड़ पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा

## पीएम सहित आंप्र सीएम व चंद्रबाबू ने जताया शोक



भगदड़ में मारे गये लोगों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू।

अमरावती, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को कंडुकुर शहर में भगदड़ पर हैरानी जताई, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई थी और कुछ अन्य घायल हो गए थे। मुख्यमंत्री, जो नई दिल्ली के आधिकारिक दौरे पर हैं, ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को पीड़ित परिवारों को आवश्यक सहायता देने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि नेल्लोर जिले के कुंदुकुर शहर में पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू के रोड शो के दौरान बुधवार रात मची भगदड़ में दो महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में पांच लोग घायल भी हो गए, जब बड़ी संख्या में लोग विपक्ष के नेता की एक झलक पाने के लिए आगे बढ़े और एक नाले में गिर गए। चंद्रबाबू नायडू ने कल रात मृतकों के परिजनों को दस-दस लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार सुबह प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने ट्वीट किया कि नेल्लोर में एक जनसभा के दौरान हुए हादसे से उन्हें दुख हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायल जल्द स्वस्थ हों। इस बीच, अधिकारियों ने गुरुवार सुबह कंदुकुर एरिया अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए। शवों को उनके गांव भेजने की व्यवस्था की। विपक्षी टीडीपी ने घोषणा की है कि वह मृतक के अंतिम संस्कार की व्यवस्था करेगी। चंद्रबाबू नायडू ने अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से अंतिम संस्कार में शामिल होने को कहा।

तेदेपा ने इस घटना के लिए पुलिस द्वारा अपर्याप्त सुरक्षा को जिम्मेदार ठहराया है। स्थानीय तेदेपा नेताओं ने कहा कि उन्होंने पुलिस को सूचित किया था कि रोड शो में बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद थी लेकिन वे उचित व्यवस्था करने में विफल रहे। एक नेता ने कहा कि नाले पर अनाधिकृत निर्माण भी दुर्घटना का कारण बना। पार्किंग की जगह नहीं होने से कुछ लोगों ने अपने दोपहिया वाहन नाले के पास खड़े कर दिए थे।

टीडीपी नेता के पहुंचते ही लोग उनकी एक झलक पाने के लिए आगे बढ़े और एक-दूसरे पर गिर पड़े और कुछ लोग नाले में गिर गए।

मृतकों की पहचान ई. राजेश्वरी (48), चिन्ना कोंडिया (55), काकुमणि राजा (50), के. यनादी (55), देवीनेनी रवींद्र (73), जी. मधुबाबू (44), वाई. विजय (45) और पुरुषोत्तम (70) के रूप में हुई है।

## राष्ट्रपति के दौरे के कारण यदाद्री मंदिर में अर्जित सेवा व दर्शन रद्द

यदाद्री-भोंगिर, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की यदाद्री यात्रा के मद्देनजर, यदाद्री श्री यदाद्रि लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिरमें अर्जित सेवा और दर्शन शुक्रवार को दोपहर 1 बजे तक रद्द कर दिए जाएंगे। मंदिर के कार्यकारी अधिकारी एन गीता ने बताया कि भारत के राष्ट्रपति की मंदिर में यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था के कारण भक्तों को किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए यह निर्णय लिया गया है। भक्तों को सुबह 9 बजे से 10 बजे तक मिलने वाला ब्रेक दर्शन भी उस दिन रद्द रहेगा। लेकिन, मंदिर के पुजारियों द्वारा पीठासीन देवता के लिए दैनिक पूजा आयोजित की जाएगी।

## आं.प्र में अपराध दर में कमी

विशाखापट्टनम, 29 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजेंद्रनाथ रेड्डी ने कहा कि इस साल राज्य में अपराध दर में कमी आई है। यहां मीडिया से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि इस साल लंबित मामलों की संख्या बहुत कम हो गई थी और लोक अदालत में 57,000 मामलों का निपटारा किया गया है। उन्होंने खुलासा किया कि सजा के प्रतिशत में 66.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और 44 लोगों को बलात्कार और हत्या के मामलों में दोषी ठहराया गया।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.